चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 22 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 27, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मैदानी हिस्सों में गर्मी से हाल-बेहाल 16
'कल्कि 2898 एडी' में दिखा अमिताभ बच्चन का लुक 15

## चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे कर सकेंगे पीएचडी

नई दिल्ली, एजेंसी

- चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की होगी आवश्यकता

चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में शामिल होने के साथ ही पीएचडी भी कर सकते हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी।

जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता होगी। अब तक, नेट के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता होती थी। नए निर्देश के बाद अब चार साल की स्नातक डिग्री वाले अभ्यर्थी अब सीधे पीएचडी कर सकते हैं और नेट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को जिस भी विषय में वे पीएचडी करना चाहते हैं, उसमें करने की अनुमति होगी, भले ही उन्होंने किसी भी विषय में चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्राप्त की हो। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, चार साल या आठ सेमेस्टर के स्नातक डिग्री कार्यक्रम में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के पास कुल मिलाकर न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड प्राप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूजीसी द्वारा समय-समय पर लिए गए निर्णय के अनुसार अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर), दिव्यांग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और कुछ अन्य श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए पांच प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड की छूट दी जा सकती है।

## बाप ने बेटे को मारकर जलाया शव, पुत्रवधू ने किया खुलासा

संवाददाता, मितौली (लखीमपुर खीरी)

- तालाब से बरामद हुईं बेटे की अस्थियां, पिता-पुत्र के बीच अक्सर होता था विवाद

**अमृत विचार :** जमीन को लेकर विवाद से नाराज ग्रामीण ने अपने बेटे की हत्या कर शव जला दिया और अस्थियां तालाब में फेंक दीं। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पर पुलिस ने जांच की तो खुलासा हुआ। तालाब से अस्थियां बरामद हो गई हैं।

गनेशपुर गांव निवासी नीलम ने पति विजेंद्र के गायब होने की सूचना पुलिस को दी थी और ससुर पर पति को गायब करने का शक जताया था। पुलिस ने रविवार को आरोपी राम नक्षत्र से पूछताछ की। उसने पहले पुलिस को घुमाने की कोशिश की, लेकिन जब कड़ाई की तो तो विजेंद्र की हत्या कर शव जलाने व अस्थियां तालाब में फेंकने की बात बताई। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि पिता-पुत्र के बीच काफी समय से जमीन को लेकर अनबन रहती थी। होली पर विजेंद्र और नीलम में विवाद हो गया। नाराज नीलम बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। मौका पाकर रामनक्षत्र ने विजेंद्र की गला दबाकर हत्या कर दी और शव जलाकर अस्थियां तालाब में फेंक दीं।

## भाजपा सरकार की गलत नीतियों से मध्यम वर्ग परेशान : मायावती

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



- जोई में बसपा प्रमुख ने जनसभा को किया संबोधित, कांग्रेस-भाजपा पर साधा निशाना

**अमृत विचार :** पूर्व मुख्यमंत्री व बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि कांग्रेस, भाजपा और उनके सहयोगी दलों को केंद्र की सत्ता में आने से रोकना है। आजादी के बाद देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार रही है। जातिवादी, पूंजीवादी और इनकी कथनी व करनी में अंतर होने से यह पार्टी केंद्र की सत्ता से दूर हो गई। अब देश और कई प्रदेशों में भाजपा की सरकार है, यह भी कांग्रेस की तरह सत्ता से बाहर होगी।

अमरोहा-जोया रोड स्थित जोई के मैदान पर रविवार को वह बसपा प्रत्याशी चौधरी मुजाहिद हुसैन के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। यहां उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में बसपा प्रत्याशी को आपने सांसद बनाकर भेजा, लेकिन उन्होंने पार्टी और जनता के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से मध्यम वर्ग परेशान है। भाजपा हवाहवाई घोषणा करती है, लेकिन बसपा काम करने में भरोसा रखती है। भाजपा गरीबों का वोट लेने के लिए मुफ्त में कुछ राशन दे देती है। इसे लेकर भाजपा और आरएसएस के लोग गांव-गांव जाकर कहते हैं कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्ज उतारने का समय आ गया है। लेकिन यह खाद्य सामग्री भाजपा की नहीं है, बल्कि आप जो टैक्स देते हैं, उससे यह खाद्य सामग्री आती है। सरकार अपने पास से नहीं देती। देश की अर्थव्यवस्था खराब है और भ्रष्टाचार भी खत्म नहीं हुआ।

## एक नजर

### रिक्तियों को लेकर एनजीटी ने स्पष्टीकरण मांगा

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सभी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और प्रदूषण नियंत्रण समितियों (केंद्र शासित प्रदेशों में) के सदस्य सचिवों को हलफनामा दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया है कि राज्य बोर्डों में बड़ी संख्या में स्वीकृत पद खाली क्यों पड़े हैं? अधिकरण राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और प्रदूषण नियंत्रण समितियों के बुनियादी ढांचे, संसाधनों और क्षमता से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रहा था। अधिकरण ने माना कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों का कार्य कई कारणों से प्रभावित हो रहा है, जिसमें स्वीकृत पदों पर कर्मियों की कमी और विशेष रूप से तकनीकी पदों पर रिक्तियों की उच्च संख्या शामिल है।

### अनंतनाग में आईईडी बरामद कर किया नष्ट

**श्रीनगर।** अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक शक्तिशाली आईईडी का पता लगाकर उसे निष्क्रिय कर दिया। दक्षिण कश्मीर में चक-पंचपोरा रोड पर ये आईईडी बरामद किया गया। सेना के अनुसार चिनार वॉरियर्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग में चक-पंचपोरा रोड पर एक आईईडी को बरामद करके और उसे उसी स्थान पर नष्ट करके आज एक बड़ी आतंकी घटना को टाल दिया।

### सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक टीम को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था और सुबह करीब साढ़े पांच बजे जब टीम भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशकुतुल गांव के पास जंगल में पहुंची तो वहां नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई।

### पुणे में खाद्य विषाक्तता से पीड़ित 50 छात्र अस्पताल में

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक निजी कोचिंग संस्थान के 50 से अधिक छात्रों को खाद्य विषाक्तता से पीड़ित होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिले के खेड़ तालुका में निजी कोचिंग संस्थान ने 500 से अधिक छात्रों को बोर्डिंग की सुविधा प्रदान की है।

# भ्रष्टाचार... परिवारवाद, कांग्रेस को इन्हीं पापों की सजा दे रहा देश : मोदी

## राजस्थान में भाजपा की चुनावी सभा में कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री

जयपुर, एजेंसी



जालोर में सभा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- 400 लोकसभा सीटें जीतने वाली कांग्रेस आज 300 सीटों पर चुनाव तक नहीं लड़ पा रही

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और आज देश उनकी पार्टी को इन्ही पापों की सजा दे रहा है। जिस कांग्रेस पार्टी ने कभी देश में 400 लोकसभा सीटें जीती थी.. वह आज 300 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है।

भीनमाल (जालोर) में भाजपा की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की आज जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वह खुद है। राजस्थान में पहले चरण के मतदान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर सजा दी है। उसे बराबर सबक सिखाया है। उन्होंने कहा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत राजस्थान ये जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे वो हालात वापस नहीं चाहिए।

मोदी ने कहा (तब) हर कोई कांग्रेस की कमजोर सरकार को आता जाता हर कोई धमकाता था और हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था। सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की बैठक में बड़े रौब से फाड़ कर फेंक देते थे। उन्होंने कहा कि ऐसी दुर्बल अवस्था देश को मजबूत बना सकती है क्या? आप मुझे बताइये अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा देश को चला सकता है क्या? आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वो खुद है। मोदी ने आरोप लगाया कि 60 वर्षों तक राज करने वाली कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक खाते जैसी छोटी छोटी चीजों के लिये तरसाया है। उन्होंने कहा कि देश का युवा इतना गुस्से में है वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता है। विपक्षी इंडी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इन्होंने अवसरवादी ''इंडी एलायंस'' बना लिया है। उसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गई है। कहने को तो गठबंधन है लेकिन कई राज्यों में ये गठबंधन वाले ही आपस में लड़ रहे हैं।

### कांग्रेस ने जलजीवन मिशन में किया घोटाला

मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की गत कांग्रेस सरकार ने जल जीवन मिशन योजना में घोटाला किया व उसका काम नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि अब हमारी भजनलाल सरकार आयी है जो घोटाले की जांच भी कर रही। अगर यहां कांग्रेस सरकार न होती तो अब तक हम हर घर जल के लक्ष्य के बहुत निकट पहुंच जाते है।

## प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल चार और आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल चार अन्य आरोपियों को एसटीफ ने गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी लखनऊ और प्रयागराज के परीक्षा केंद्रों में सक्रिय थे। गिरफ्तार हुए मास्टर माइंड डॉ शरद पटेल की एसटीएफ को लंबे समय से तलाश थी।

पुलिस उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह को सूचना मिली कि प्रश्न पत्र लीक मामले में फरार चार आरोपी लखनऊ में किसी स्थान पर एकत्रित हो रहे हैं। इस दौरान निरीक्षक अंजनी कुमार तिवारी व अन्य की एक टीम रायबरेली रोड पहुंची और मीटिंग स्थल का पता लगाकर चारों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में मिर्जापुर के डॉ शरद सिंह पटेल, अभिषेक शुक्ला चौक लखनऊ, कमलेश कुमार पाल निवासी झूंसी प्रयागराज और अर्पित निवासी म्योराबाद प्रयागराज शामिल है। चारों के पास से एक प्रश्नपत्र, दो लग्जरी गाड़ियां, दो लाख रुपए और दो आधार कार्ड बरामद हुआ है। डा. शरद सिंह पटेल पूर्व में आयोजित वीडीओ परीक्षा-2019 में गड़बड़ी करवाने के आरोप में जेल भी जा चुका है। बताया जा रहा है कि आधा दर्जन से अधिक आरोपी अभी फरार हैं।

## 'इंडिया' की रैली में भिड़े कार्यकर्ता, कई घायल



रांची, एजेंसी

- उलगुलान न्याय महारैली में मौजूद थे महागठबंधन के नेता, मारपीट करने वाले पर भाजपा एजेंट होने का आरोप

झारखंड के रांची में इंडी गंठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली में कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों में झड़प हो गयी है, जिसमें चतरा से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई घायल हो गए। घटना के बाद उनको अस्पताल ले जाया गया।

इंडी गठबंधन के दिग्गज नेताओं के मंच पर आने के बाद संबोधन शुरू हुआ तभी विभिन्न इलाकों से आए दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और हाथ में जो आया उसी से दे मारा। कार्यकर्ताओं ने कुर्सियों को भी तोड़ डाला। इस घटना में केएन त्रिपाठी के भाई समेत कई लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि जिन्हें चोट लगी है उसका नाम गोपाल है। इस दौरान जब उन्हें घटनास्थल से बाहर ले जाया जा रहा था तब उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मारपीट करने वाला भाजपा का एजेंट है। मारपीट करने वाले को भी पुलिस ने पकड़ लिया है।

इस रैली में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, भाकपा माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य, सांसद संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल की पत्नी, पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुला, प्रियंका चतुर्वेदी के अलावा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना के साथ कई नेता उपस्थित थे।

## चारधाम : 11 लाख रजिस्ट्रेशन हेली सेवा 20 जून तक हुई फुल

कार्यालय संवाददाता, देहरादून

- 10 मई से शुरू हो रही है उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धलुओं में उत्साह

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा को लेकर यात्रियों में उत्साह चरम पर है। यहां यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हुए और अब तक 11 लाख से अधिक यात्री पंजीकरण करा चुके हैं। पहले चरण में केदारनाथ हेली सेवा के लिए 20 जून तक की बुकिंग फुल हो चुकी है।

विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा 2024 आगामी 10 मई से शुरू हो रही है। वहीं, बाबा केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए 20 अप्रैल से बुकिंग शुरू हुई। अब उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने 15 सितंबर से 31 अक्टूबर के बीच हेली सेवा के लिए भी बुकिंग शुरू कर दी है। 21 जून से 14 सितंबर के बीच मानसून का सीजन होता है, जिसके चलते हेली सेवा ऑपरेटर इस दौरान फ्लाई नहीं करते हैं। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विभाग के अपर सचिव सी रविशंकर ने बताया कि 10 मई को यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे। 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। 25 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे। चारधाम यात्रा की ऑफिशियल वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। व्हाट्सएप नंबर 8394833833 पर Yatra (यात्रा) लिख कर मैसेज करके भी रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन के लिए उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने टोल फ्री नंबर 0135-1364 दिया है।

## साथी ने सीतापुर के श्रमिक को जिंदा जलाया

**गोंडा।** सीतापुर के थाना थानगांव क्षेत्र के ग्वारी गांव निवासी एक श्रमिक को मनकापुर में जिंदा जला दिया गया। मृतक की पहचान कोइली (32) के रूप में हुई है। जो अपने भाई राम किशुन, बहनोई राजेंद्र, अमित व प्रेम के साथ यहां मजदूरी करने आया था। वह सभी मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के धुसवा खास गांव के रहने वाले सूरज सिंह के यहां रहकर मजदूरी करते थे। रविवार सुबह कोइली का शव बंसवारी गांव के बाहर खेत के एक गड्ढे में अधजले हालत में पड़ा मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। कोइली के भाई राम किशुन ने बताया कि शनिवार रात करीब 12 बजे अमित शराब के नशे में आया और बताया कि तुम्हारे भाई कोइली को मारकर जिंदा जला दिया है। नशे में होने के कारण विश्वास नहीं हुआ लेकिन जब रविवार की सुबह देखा गया तो बात सही साबित हुई। धुसवा गांव के रहने वाले सूरज सिंह का कहना है कि वह जिले से बाहर हैं। कोइली उनके घर पर रहकर मजदूरी करता था। वारदात की जानकारी नहीं है।

## मेरे पति को इंसुलिन न देकर जेल में मारना चाहती है भाजपा: सुनीता केजरीवाल

रांची, एजेंसी



- रांची की रैली में कहा-इंडी गठबंधन भाजपा की तानाशाही के खिलाफ लड़ेगा और जीतेगा

केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर उनके पति को इंसुलिन नहीं देने का रविवार को आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन भाजपा की तानाशाही के खिलाफ लड़ेगा और जीतेगा। सुनीता ने उलगुलान न्याय रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वे मेरे पति अरविंद केजरीवाल को मारना चाहते हैं। उनके भोजन पर कैमरे से निगरानी रखी जा रही है; उन्हें इंसुलिन देने से मना कर दिया गया है। मेरे पति शुगर के मरीज हैं, जो 12 साल से इंसुलिन पर हैं। उन्हें रोजाना 50 यूनिट इंसुलिन की जरूरत होती है। उन्होंने दावा किया कि उनके पति को जन सेवा का काम करने के लिए जेल में डाल दिया गया और उनके खिलाफ कोई आरोप साबित नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा, जेल के ताले टूटेंगे और अरविंद केजरीवाल तथा हेमंत सोरेन छूटेंगे।

### साजिश पर लिया जाए उच्च स्तरीय संज्ञान : अखिलेश

**लखनऊ।** अखिलेश यादव ने कहा कि यह अविश्वसनीय है कि जेल में केजरीवाल को इन्सुलिन देने से मना किया जा रहा है। उन्होंने एक्स पर कहा कि केजरीवाल को उत्तम स्वास्थ्य का मौलिक अधिकार है। इसका तत्काल उच्च स्तरीय संज्ञान लेकर पता किया जाए कि इस साजिश के पीछे किसके निर्देश हैं।

## पत्नी को किया नजरंदाज, हाईकोर्ट ने रद की 17 दिन की शादी

मुंबई, एजेंसी



- इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है : कोर्ट

### एक दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़े दंपति

दोनों ने मार्च 2023 में शादी की थी लेकिन 17 दिन बाद ही अलग हो गए थे। दंपति ने कहा था कि उनके बीच कोई शारीरिक संबंध नहीं बने। महिला ने दावा किया कि वे एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। वहीं, व्यक्ति ने दावा किया कि वह अपनी पत्नी के साथ शारीरिक संबंध नहीं बना पाया लेकिन वह सामान्य स्थिति में है। उसने कहा कि वह ऐसा कोई धब्बा नहीं चाहता कि वह नपुंसक है। इसके बाद पत्नी ने एक पारिवारिक अदालत में तलाक की अर्जी दायर की। उच्च न्यायालय में जाने से पहले वे फैमली कोर्ट में गए थे लेकिन कोर्ट ने अर्जी खारिज करते हुए कहा था कि पति और पत्नी ने मिलीभगत से ये दावे किए हैं। बाद में उच्च न्यायालय ने पारिवारिक अदालत के फैसले को रद्द कर दिया और शादी को भी निरस्त कर दिया।

बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने एक युवा दंपति की शादी को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि पति की रिलेटिव इंपोटेंसी के कारण विवाह बरकरार नहीं रह सकता। कोर्ट ने इसे क्लासिकल मामला मानते हुए कहा कि दंपति की हताशा को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रिलेटिव इंपोटेंसी का मतलब ऐसी स्थिति से है जिसमें वह अपनी पत्नी से यौन संबंध नहीं बना पाया, जबकि अन्य के साथ संबंध बनाने में सक्षम था।

न्यायमूर्ति विभा कांकणवाड़ी और न्यायमूर्ति एस जी चपलगांवकर की खंडपीठ ने 15 अप्रैल को दिए फैसले में यह भी कहा कि यह ऐसे युवाओं की मदद करने के लिए उपयुक्त मामला है जो एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। इस मामले में 27 वर्षीय व्यक्ति ने फरवरी 2024 में एक पारिवारिक अदालत द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद उच्च न्यायालय का रुख किया था। पारिवारिक अदालत ने उसकी 26 वर्षीय पत्नी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने याचिका स्वीकार करने के शुरुआती चरण में ही विवाह निरस्त करने का अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी नपुंसकता से अलग स्थिति है। अदालत ने कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी की विभिन्न शारीरिक और मानसिक वजह हो सकती हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि मौजूदा मामले में यह आसानी से पता लगाया जा सकता है कि पति को अपनी पत्नी के प्रति रिलेटिव इंपोटेंसी है। विवाह जारी न रह पाने की वजह प्रत्यक्ष तौर पर पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बना पाने में पति की अक्षमता है। कहा कि वह इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकता कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है।

## शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का धरना जारी, 73 ट्रेनें रद

**अंबाला।** पटियाला के शंभू रेलवे स्टेशन पर पांचवें दिन भी किसानों के पटरी पर बैठे रहने के कारण रविवार को अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 73 ट्रेन रद कर दी गईं। प्रदर्शनकारी मौजूदा किसान आंदोलन के दौरान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रविवार को कुल 73 ट्रेन रद्द कर दी गईं। पांच दिनों में कई ट्रेन के रद्द होने से यात्रियों को असुविधा होने के अलावा वित्तीय नुकसान हो रहा है। किसानों के विरोध के कारण कई ट्रेन का मार्ग भी बदला जा रहा है।

## कार ने बाइक को रौंदा, तीन लोगों की मौत, छह घायल

संवाददाता, बहजोई/संभल

- बहजोई-बबराला मार्ग स्थित गांव जैतपुर की मढैया के पास हादसा

**अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र में आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर कार ने बाइक को रौंद दिया। इसके बाद कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार नानी-नातिन और कार के चालक की मौत हो गई। बाइक सवार एक बच्ची व कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

बिलारी के मोहल्ला हर्ष कॉलोनी निवासी श्यामा देवी पत्नी सियाराम अपने नाती अनमोल पुत्र हेम सिंह व नातिन संगम पुत्री चरण सिंह के साथ रिश्तेदारी से बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर कार ने उनकी बाइक को रौंद दिया। कार भी पलट गई। हादसे में बाइक सवार तीनों घायल हो गए। चंदौसी के संभल गेट निवासी प्रवेश, महावीर, दीपा पत्नी प्रवेश, प्रज्ञा पत्नी प्रमोद, जय शिखा पुत्री प्रवेश भी घायल हो गए। कार सवार यह परिवार कादराबाद जा रहा था। घायलों को बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने कार चालक प्रवेश, अनमोल और श्यामा देवी को मृत घोषित कर दिया। महावीर व दीप को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**'अमृत विचार' आपके साथ**

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

**शहर में आज**

☞ भमरौआ स्थित पातालेश्वर मंदिर में शंकर भगवान का जलाभिषेक प्रात: 6:30 बजे।

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।

**एक नजर**

### थाने के सामने से बसों में सवारी बैठा रहे चालक

**रामपुर, अमृत विचार :** रोडवेज चालक सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। रोजाना चालक सवारियां भरने के लिए सिविल लाइंस और आंबेडकर पार्क के सामने बसों को खड़ा कर देते हैं। इसके कारण हाईवे पर जाम लग जाता है और हादसे का अंदेशा रहता है। इस बारे में कई बार लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराया है। इसके बाद भी चालक-परिचालक नहीं सुधर रहे हैं। रोजाना बसों को जगह-जगह रोककर सवारियां भरते हैं। यातायात पुलिस भी खानापूर्ति ही करती है।

### हादसे में बाइक सवार जख्मी

**रामपुर, अमृत विचार :** स्वार रोड पर कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। सिविल लाइन के अजीतपुर निवासी मनीष रविवार की शाम स्वार की ओर जा रहा था। स्वार रोड पर बेकाबू कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद चालक कार समेत फरार हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# डेंगू से मौत की सूचना पर गांव पहुंची टीम

## नगरपतनगर दूंदावाला में ग्रामीणों ने किया था महिला और युवक की डेंगू से मौत का दावा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/स्वार

**अमृत विचार :** नरपत नगर दूंदावाला में रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची और ग्रामीणों के खून के नमूने लिए। मलेरिया की 10 लोगों की जांच में रिपोर्ट निगेटिव आई है। जबकि, 10 लोगों के डेंगू के नमूने लेकर जिला अस्पताल भेज दिए गए हैं। टीम ने मृतकों के परिजनों के भी खून के नमूने लेकर जांच को भेजे हैं।

नरपतनगर दूंदावाला में दो लोगों की मौत के बाद रविवार की दोपहर स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंच गई। टीम ने गांव में शिविर लगाकर खून के नमूने लिए। नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला के वार्ड संख्या पांच निवासी गुलाम नबी की 24 वर्षीय पत्नी फूलजहां को लगभग एक सप्ताह से बुखार आ रहा था। परिजन महिला का उपचार स्थानीय चिकित्सक से करा रहे थे, लेकिन महिला की हालत में सुधार नहीं हुआ। इस पर परिजन शुक्रवार को उसे उत्तराखंड के बाजपुर के अस्पताल में ले गए थे। मगर महिला की हालत बिगड़ती चली गई। इसके बाद परिजन महिला को मुरादाबाद ले गए। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई थी।


स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ पीड़ित परिवार से जानकारी लेते सीएचसी प्रभारी डा. देवेश चौधरी। ● अमृत विचार

वहीं नगर निवासी बब्बू का 17 वर्षीय बेटा मुनसाद अली भी चार दिन से बुखार से पीड़ित था। परिजन किशोर को उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां शनिवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्रामीण दोनों मौत डेंगू से होने का दावा कर रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर रविवार को सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा.देवेश चौधरी, जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान, सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार राय गांव पहुंचे। टीम ने 10 लोगों की मलेरिया की जांच की। सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई। इसके बाद डेंगू की जांच के लिए 10 लोगों के सैंपल लेकर जिला अस्पताल भेजे हैं।

**वर्ष 2023 में मिले थे 600 से अधिक डेंगू रोगी**

वर्ष 2023 के आंकड़ों के मुताबिक जिले में 600 से अधिक डेंगू रोगी मिले थे। मलेरिया, डेंगू ने जनपद में जमकर कहर बरपाया था। सरकारी व निजी अस्पताल बुखार के रोगियों से भरे हुए थे। मलेरिया, डेंगू का प्रकोप बढ़ने पर अन्य विभागों का सहारा लेकर साफ-सफाई कराई गई थी। इसके बाद विभाग द्वारा टीम का गठन कर लोगों की जांच कराई गई थी। इसमें प्रतिदिन 5-10 डेंगू रोगी मिल रहे थे।

**50 मीटर के दायरे में कराया दवा का छिड़काव**

नरपतनगर, दूंदावाला में दो मौते होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 50 मीटर के दायरे में लार्वा निरोधक दवा का छिड़काव कराया। इसके बाद टीम ने बताया कि सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। कूलर के पानी, फ्रिज के पीछे की ओर ट्रे में जमा पानी को प्रत्येक सप्ताह निकालकर धो, पोछ लें और सुखाकर दोबारा लगाएं। टीम में मलेरिया निरीक्षक रिंकू वर्मा, अरुण कुमार, इतरत अली आदि शामिल रहे।

> नरपतनगर दूंदावाला में दो लोगों की किसी अन्य बीमारी से मौत हुई है। उनके परिजनों से वार्ता हुई। बताया कि मुनसाद अली की मौत क्रोनिक रीनल फेल्योर से हुई। जबकि फूल जहां पहले से एचआरपी गर्भवती थी। उसका एलाइजा टेस्ट नहीं हुआ। –संजय सिंह चौहान, जिला मलेरिया अधिकारी

# 24 घंटे बाद भी नहीं बुझ सकी कूड़े में लगी आग, परेशानी

संवाददाता, केमरी

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज के पास पड़े कूड़े के ढेर में शनिवार की शाम आग लग गई थी। इससे चारों ओर धुआं फैल गया। 24 घंटे बीतने के बावजूद प्रशासन ने इसकी सुध नहीं ली है। धुएं से रामपुर-केमरी मार्ग पर राहगीरों को आवाजाही के दौरान परेशानी हो रही है। नगर पंचायत के कर्मचारियों ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि कूड़े में आग नगर पंचायत के अधिकारियों द्वारा नहीं लगवाई गई है। जबकि, सड़क पर धुआं होने के कारण बड़ा हादसा भी हो सकता है। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी भी आग बुझाने का प्रयास कर चुके हैं। लेकिन दो दिन से स्थिति जस की तस है।

राजकीय इंटर कालेज के सामने पड़े कूड़े के ढेर में किसने आग लगाई नगर पंचायत के कर्मचारियों के पास इसका जवाब नहीं है। दो दिन से यही कह रहे हैं कि किसी शरारती तत्व द्वारा कूड़े में आग लगा दी गई होगी। आग इतनी भीषण है कि कई घंटों के प्रयास के बावजूद फायर ब्रिगेड के कर्मचारी भी काबू नहीं पा सके। आग की तपिश और धुआं राहगीरों के लिए दुखदायी बना है। हवा का रुख मुड़ने पर सड़क पर धुआं होने के कारण सामने का वाहन भी दिख नहीं पाता है। वाहन चालक जहां के तहां वाहनों को रोक देते हैं। धुआं साफ होने के बाद वाहन चालक गंतव्य की ओर बढ़ते हैं। यह सिलसिला दो दिन से चल रहा है। लेकिन, अधिकारियों को जनता की परेशानी की सुध नहीं है।

> कूड़ा प्वाइंट पर बेटी की शादी से हटवाकर टेंकर भिजवाया। इसके अलावा फायर ब्रिगेड भी आग बुझाने आई थी। पहले वाले चेयरमैन ने यह कूड़ा प्वाइंट बनवाया था। अब कादमगंज में एमआरएफ का निर्माण चल रहा है। अपने संसाधनों से सोमवार को एक बार फिर आग को बुझाने का प्रयास किया जाएगा। –रफत अंसार, अध्यक्ष, नगर पंचायत केमरी

# कॉमर्शियल कनेक्शनों का भार बढ़ाया जाए : एक्सईएन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● एक्सईएन ने एसडीओ व जेई को जारी किया नोटिस

**अमृत विचार :** बिजली विभाग के अधिकारियों ने कॉमर्शियल कनेक्शनों का भार बढ़वाने के लिए शहर के तीनों बिजलीघरों के एसडीओ व जेई को नोटिस जारी किए हैं। एसडीओ व जेई को निर्देश दिए गए गए हैं कि उपभोक्ता के कम भार के कनेक्शनों का लोड बढ़वाया जाए। संबंधित उपकेंद्र की टीम का गठन कर कनेक्शन की फीडबैक ली जाए।

एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने 33/11 के 13 बिजलीघरों के उपखंड अधिकारियों से कहा है कि बिल निकालते समय मीटर रीडर लोड पर विशेष ध्यान रखें। अगर उनके मीटर पर क्षमता से अधिक डिमांड आ रही है तो उपभोक्ता से भार बढ़वाने को कहें। इससे कनेक्शनों का भार तो बढ़ेगा ही साथ ही राजस्व वसूली में भी तेजी आएगी।

शहरी क्षेत्र में 13 बिजलीघरों के तीन उपखंड अधिकारी है। सिविल लाइंस बिजलीघर के प्रथम एसडीओ सचिन कुमार, द्वितीय प्रद्युम्न सिंह, तृतीय विनय कुमार हैं। सिविल लाइंस बिजलीघर में जेई बीपी सिंह, बरेली गेट संजीव चौरसिया, शाहबाद गेट अलोक तिवारी, नवाबगेट अजय यादव, किला जयदीप मौर्य, रजा में सुरेंद्र पाल, थाना गंज में नागेंद्र कुमार, सैजनी नानकार में राम सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक्सईएन के निर्देश पर सभी उपखंड अधिकारी व जेई ने संबंधित मीटर रीडर को कार्य में तेजी लाने को कहा है।

# चीफ से की वन विभाग के अधिकारियों की शिकायत

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन तोमर गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष संजोर अली पाशा ने वन विभाग के अधिकारियों की शिकायत बरेली चीफ से की है।

उन्होंने कहा है कि वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी किसानों का उत्पीड़न कर रहे हैं। उन्होंने विभाग के अधिकारियों पर पेड़ों के अवैध कटान को अंजाम देने का आरोप लगाया। कहा कि इसकी कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत भी की जा चुकी है। इसके बाद भी संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। कहा कि मिलक से बिलासपुर मार्ग पर पांच-छह स्थानों पर पेड़ों का अवैध कटान हुआ है। कहीं 20 तो कहीं 35 पेड़ काटे गए है। इस बारे में किसान वन कार्यालय पहुंचते है तो एक कर्मचारी अभद्र व्यवहार करने पर उतारु है। उन्होंने चीफ से इस प्रकरण में जांच कराने की मांग की है।

# हैंडपंप खराब, पेयजल को तरस रहे लोग

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ ही नगर में शुद्ध पेयजल की जरूरत बढ़ गई है। इंडिया मार्क हैंडपंप खराब होने व दूषित पानी देने से लोगों को शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है। गर्मी के बावजूद खराब हैंडपंप ठीक नहीं कराए जा रहे हैं। लोगों को दूषित पानी के सेवन से कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। नगरवासियों ने खराब इंडिया मार्का हैंडपंप की ठीक कराने की मांग की है।

सरकार स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के तमाम प्रयास कर रही है। इसके लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। लेकिन नगर क्षेत्र में पेयजल की स्थिति अभी भी ज्यादा बेहतर नहीं है। सरकार ने गर्मी को देखते हुए इंडिया मार्का हैंडपंपों की शीघ्र मरम्मत कराने का फरमान जारी किया था। इसके बावजूद अधिकतर हैंडपंप खराब हैं या दूषित जल दे रहे हैं। बार-बार शिकायत पर भी विभाग मौन है। नगर के विभिन्न वार्डों में लगे आधा दर्जन से अधिक हैंडपंप या तो खराब है या दूषित पानी दे रहे हैं। खराब हैंडपंप के चलते लोगों को स्वच्छ पानी के लाले पड़े हैं। दूषित पानी से बचने के लिए मजबूरी में लोग बोतल का पानी खरीद कर पीने को विवश हैं। मोहल्ला काजीपुरा में दो इंडिया मार्का हैंडपंप खराब हैं। रामपुर मार्ग पर निरीक्षण भवन के पास तथा मोहल्ला बरगद में मस्जिद के पीछे सहित अन्य स्थानों पर अधिकांश इंडिया मार्का हैंडपंप खराब हैं। मुख्य मार्ग पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने तथा धर्मशाला के बराबर स्थित सरकारी नल दूषित पानी दे रहे हैं। शिकायत के बावजूद ठीक कराने की जरूरत ही महसूस नहीं की गई है। नगर में और भी कई स्थानों पर अधिकतर हैंडपंप या तो खराब हैं या दूषित उगल रहे हैं। नगरवासियों ने खराब हैंडपंप ठीक कराने की मांग की है।


टांडा में खराब पड़ा सरकारी हैंडपंप।

● नगरवासियों ने की खराब इंडिया मार्का हैंडपंप ठीक कराने की मांग

> नगर में खराब पड़े अथवा दूषित पानी देने वाले सरकारी नलों की जांच कराई जा रही है। शीघ्र ही मरम्मत कराई जाएगी। –पुनीत कुमार, ईओ

# रंजिश के चलते दो पक्ष में मारपीट, दो लोग घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दो लोग घायल हो गए। दोनों पक्षें ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आगापुर निवासी दो युवकों में किसी बात को लेकर विवाद चला आ रहा है। इसी के चलते शनिवार को दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए थे। दोनों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। आसपास के लोगों ने किसी तरह से बीच-बचाव कराया। मारपीट में घायल हुए दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिविल लाइन इंस्पेक्टर अजय मिश्रा का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# तेजी से फैल रहा डायरिया, 48 नए रोगी भर्ती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ जनपद में डायरिया ने तेजी से पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। बदलते मौसम की वजह से निजी और जिला अस्पताल में पेट दर्द, डायरिया और बुखार के मरीज अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में 24 घंटे के भीतर डायरिया वार्ड में 48 रोगी भर्ती हुए हैं। जबकि 35 रोगियों को डिस्चार्ज किया गया है। लू और गर्मी की चपेट में आने से इनके शरीर में पानी की कमी हुई है।

डायरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ने सतर्कता बरतने के आदेश दिए हैं। इस पर अस्पताल प्रशासन ने पुरानी बिल्डिंग में 75 बेड के अलग से तीन डायरिया वार्ड बनवाए हैं।

रविवार को मोहल्ला थाना कुंडा परवीन, अरुण निवासी शाहबाद गेट, रोशनी निवासी रानी कटरा जलालुद्दीन, अजीम निवासी तीतर वाली पाखड़, मोनिस निवासी नालापार, आजम निवासी घेर तोंगा समेत 48 रोगी डायरिया वार्ड में भर्ती हुए है। चिकित्सकों के अनुसार गर्मी के साथ गलत खान-पान से भी लोग डायरिया की चपेट में आ रहे है। जिला अस्पताल के फिजीशियन डा. दशरथ सिंह ने रोगियों को दवा के साथ बचाव के उपाय भी बताए।


जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में भर्ती रोगी। ● अमृत विचार

> जनपद में डायरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर तमाम व्यवस्थाएं कराई गई हैं। जिला अस्पताल में 75 बेड के तीन वार्ड अलग से आरक्षित किए हैं। बढ़ते प्रकोप को देखते हुए एहतियात बरतने की जरूरत है। –डा. एसपी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

● रोगियों के लिए अस्पताल में 75 बेड के बनवाए गए तीन वार्ड

# दिन में फिर बदहाल हुई क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति, लोग परेशान

संवाददाता, मसवासी

● उपकेंद्र से नदारद रहते हैं जिम्मेदार अधिकारी, लोगों में आक्रोश

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में बिजली अव्यवस्था को लेकर नागरिकों में विभाग के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। दिन के समय तेज हवा चलने से अधिकांश समय आपूर्ति बाधित रहती है। इससे क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उपकेंद्र पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के तैनात न रहने से अव्यवस्था और बढ़ गई है।

दिन के समय बिजली का संकट बरकरार रहने से पेयजल आपूर्ति भी बाधित रहती है। इससे नागरिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नगर पंचायत प्रशासन पेयजल आपूर्ति दुरुस्त रखने को लेकर गंभीर नहीं है। बिजली के अभाव में रविवार को भी नगर के मोहल्ला ढीमरखेड़ा, चांद मस्जिद, मोती मस्जिद, इस्लामनगर और ईदगाह बस्ती की पेयजल आपूर्ति बाधित रही। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अवर अभियंता समेत अन्य अधिकारियों की लापरवाही के चलते नगर समेत क्षेत्र की आपूर्ति राम भरोसे रहती है। शिकायत के बाद भी बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया जा रहा है।


भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी संजीव वर्मा ने क्षेत्र की चरमराई बिजली आपूर्ति को लेकर कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराया है। विभागीय अधिकारियों से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर एसडीओ भगवंत सिंह का कहना है कि गेहूं की कटाई के समय तेज हवा चल रही है। इसलिए दिन के समय आपूर्ति बंद कर दी जाती है।

# शेड्यूल के अनुसार नहीं मिल रही बिजली


संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** नगर के लोगों को शेड्यूल के मुताबिक बिजली नहीं मिल रही है। बिजली न मिलने के कारण पेयजल आपूर्ति भी गड़बड़ा गई। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

गर्मी शुरू होते ही बिजली की आंख-मिचौली शुरू हो गई है। नगर में मात्र आठ से 10 घंटे ही बिजली मिल रही है। लोगों का गर्मी में बुरा हाल है। बिजली नहीं मिलने की वजह से लोगों को न तो दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात को सुकून की नींद सो पा रहे हैं। लोगों ने बताया कि सुबह छह बजे से पहले ही बिजली चली जाती है और शाम को आठ बजे के बाद आती है। इस बीच लो वोल्टेज और रात में कई बार कटौती की जाती है। लोगों ने शेड्यूल के अनुसार बिजली देने की मांग की है। ताकि गर्मी से राहत मिल सके।



> गर्मी का मौसम आते ही बिजली ने भी आंख-मिचौली का खेल शुरू कर दिया है। शेड्यूल के मुताबिक बिजली न मिलने के कारण रात को सुकून भरी नींद भी नहीं मिल पा रही है। – जगदीश सिंह



> बिजली विभाग को शेड्यूल के मुताबिक आपूर्ति देनी चाहिए। ताकि लोग कम से कम रात को तो आराम से सो सके। फिलहाल बिजली आठ से 10 घंटे ही मिल रही है। इससे परेशानी हो रही है। – राकेश सिंह चौहान



> सुबह छह बजे से पहले बिजली चली जाती है। इसके बाद पूरे दिन बिजली का अता-पता नहीं रहता। रात को भी कटौती की जाती है। विभाग को शेड्यूल के अनुसार बिजली देनी चाहिए। – जाकिर अली



> गर्मी शुरू होते ही बिजली विभाग ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। नगर के लोगों को बिजली न देकर स्टोन क्रेशरो को दी जा रही है। इसके चलते नगर के लोगों का गर्मी में हाल-बेहाल है। – अख्तर अली

> गेहूं की फसल पक कर तैयार हो गई है। किसानों की फसल को बचाने के लिए शट डाउन लिया जाता है। कई बार किसान बिजली घर पर आकर खुद ही आपूर्ति बंद कराते हैं। इसी कारण से बिजली बंद रखी जाती है। –प्रमोद गोगानिया, अधिशासी अभियंता द्वितीय

**मौसम** अप्रैल-मई में 0.71 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहेगा अधिकतम तापमान : डा. उदय प्रताप शाही

# बढ़ेगी गर्मी, 40 डिग्री तामपान पहुंचने का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दिन निकलते ही आसमान से आग बरस रही है। अप्रैल का महीना भी मई-जून की तरह तप रहा है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो इस बार अप्रैल-मई में अधिकतम तापमान 0.71 डिग्री सेल्सियस अधिक रह सकता है। ऐसे में सेहत का ख्याल रखें। ऐसे मौसम में आइसक्रीम और ठंडे पेय पदार्थ नुकसान दे सकते हैं।

गर्मी के तेवर तल्ख हो गए हैं। रविवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। पारा चढ़ने के साथ ही लोग गर्मी से व्याकुल होने लगे हैं। मौसम वैज्ञानिक डा. उदय प्रताप शाही ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम साफ और शुष्क रहने का अनुमान है। दिन का तापमान 36 से 40 डिग्री और रात का तापमान 20 से 24 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। उन्होंने बताया कि अप्रैल-मई में अधिकतम तापमान 0.71 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहेगा। रविवार की दोपहर आकाश में बादल उमड़-घुमड़कर आए। लेकिन बिन बरसे ही बादल आगे बढ़ गए। लोगों ने गर्मी से बचने के लिए आइसक्रीम और ठंडे पेय पदार्थों का सेवन शुरू कर दिया है। इसके चलते आइसक्रीम और शीतल पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ गई है। उधर जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. डीके वर्मा का कहना है कि इस मौसम में आइसक्रीम और ठंडे पेय पदार्थों के सेवन से बचें। लापरवाही बरतने पर बीमार हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में सचेत रहें। तले-भुने व्यंजनों का सेवन करने से परहेज करें।



रविवार की शाम आसमान में छाए बादल। ● अमृत विचार

**हाल-ए-मौसम**

| | |
|---|---|
| ● आर्द्रता | 28 प्रतिशत |
| ● वायु वेग | 9 किमी. प्रति घंटा |

**ग्रीष्म कालीन लौकी की करें बुआई**

ग्रीष्मकालीन लौकी की फसल के लिए पूसा हायब्रिड-3 एवं नरेंद्र रश्मि की बुआई करें। लोबिया की बुआई के लिए पूसा-2, पूसा-फागुनी, लोबिया-263 उपयुक्त किस्म हैं। कृषि वैज्ञानिक डा. लक्ष्मीकांत ने बताया कि 45 सेमी. की दूरी पर बुआई करने पर प्रति हेक्टेअर 20 से 25 किग्रा. बीज की जरूरत होगी।

> गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी न होने दें। सांस और उच्च रक्तचाप के मरीज समय पर दवा लें। अभी से ज्यादा ठंडा पानी न पिएं और खान-पान का ध्यान रखें। सूती कपड़ों का इस्तेमाल ज्यादा करें। सिर ढंक कर घर से निकले। –डा. दशरथ सिंह, फिजीशियन, जिला अस्पताल

# डॉयलिसिस यूनिट में दो मशीनें और पहुंचीं, मिलेगी सुविधा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल की डॉयलिसिस यूनिट में दो और मशीनें आ गईं हैं। अब रोगियों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। खराब मशीनों को सही कराने या दूसरी मशीनें भेजने के लिए प्रभारी ने यूपी हेड देवाशीष चंद्रा को पत्र लिखा था। अब मशीनों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है।

किडनी में दिक्कत आने पर मरीज को डॉयलिसिस की जरूरत होती है। यह सुविधा जिला अस्पताल में निशुल्क उपलब्ध है। यहां एक रुपये में पर्चा बनवाकर डॉयलिसिस की जाती है। इसके लिए निजी चिकित्सक के यहां आठ हजार रुपये खर्च करने पड़ते है। मरीज को सप्ताह में तीन बार डॉयलिसिस करानी होती है। इस तरह महीने में करीब एक लाख रुपये खर्च होता है। लेकिन यह सुविधा जिला अस्पताल में निशुल्क है। एक मशीन से चार रोगियों की डॉयलिसिस की जाती है। प्रतिदिन 30-35 रोगियों को उपचार मिल पाता है। दो मशीनों के आने डॉयलिसिस की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी।


जिला अस्पताल स्थित डायलिसिस यूनिट।

> यूनिट में 10 मशीन हैं। इनमें दो खराब हो गईं थीं। इसके लिए प्रभारी यूपी हेड को लिखा गया था। इसके बाद दो और मशीनें आ गई हैं। जिला अस्पताल में रोगी की डॉयलिसिस निशुल्क होती है। –प्रियंका, यूनिट प्रभारी



## एक नजर

### अलग-अलग सड़क हादसों में दस लोग जख्मी

**शाहबाद, अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में दस लोग जख्मी हो गए। हालत गंभीर होने पर कई घायलों को रामपुर रेफर करना पड़ा। बरेली के थाना सिरौली निवासी अरुण अपने भाई वरुण और बेटे पारुल के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहा था। रास्ते में हुए हादसे में तीनों जख्मी हो गए। हादसे में बरेली के थाना अलीगंज निवासी राजवीर भी जख्मी हो गया। इनके अलावा मिलक थाना क्षेत्र के ब्रजेश, सिरौली के बरसेर निवासी संतोष, शहजादनगर निवासी नीलम, पूनम, कौशल्या, ओसी निवासी जुनैद सड़क हादसों में जख्मी हो गए।

### खेत पर गई महिला को पीटा, दो के खिलाफ रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** खेत पर गई महिला को रंजिश के चलते दो लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव अब्दुल्लानगर निवासी मायादेवी का कहना है कि कुछ दिन पहले उसकी मां शाम को करीब छह बजे किसी काम से खेत पर गई थी। इस दौरान दूसरे खेत वाला राजेंद्र सिंह और उसका बेटा कमल वहां आ गए और उसकी मां से गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उसकी मां को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था।

# रेगुलेटर लीक होने से लगी आग, दो झुलसे

## शादी के घर में आग लगने से मचा हड़कंप, मिलक थाना क्षेत्र के गांव खाता चिंतामन में हुई घटना

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** रसोई में खाना बनाते समय रेगुलेटर लीक होने से आग लग गई। इसकी चपेट में आकर युवती समेत दो लोग झुलस गए। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से गांव में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

घटना मिलक थाना क्षेत्र के गांव खाता चिंतामन की है। गांव निवासी दयानंद कश्यप के पुत्र अजय की 18 अप्रैल को शादी हुई थी। रविवार को दुल्हन के परिवार वाले उसे बुलाने आने वाले थे। इसके चलते दुल्हन के साथ भेजने के लिए पकवान बनाए जा रहे थे। इस दौरान रविवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे गैस सिलेंडर का रेगुलेटर लीक हो गया और सिलेंडर ने आग पकड़ ली।

सिलेंडर में लगी आग का विकराल रूप देख पकवान बना रही महिलाओं में चीख-पुकार मच गई। पकवान बना रही प्रियंका व कृपा देवी को आग की चपेट में आता देख केसरी रसोई में घुस गया। उसने कृपा देवी व प्रियंका को रसोई से बाहर निकाला। इस दौरान प्रियंका और केसरी झुलस गए। काफी देर तक घर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। लोगों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की लेकिन काबू नहीं पाया जा सका।



आग लगने की सूचना के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार



आग लगने के बाद रसोई में फैला सामान। ● अमृत विचार



झुलसने के बाद हाथ दिखाता केसरी।



अस्पताल में भर्ती प्रियंका।

इस दौरान आग की लपटों ने पास के दो कमरों को भी जद में ले लिया। कमरे में दीवार पर लगी एलसीडी, पर्दे, बिस्तर व कपड़े जलकर राख हो गए। ग्रामीणों ने बालू डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया।

बेहोश प्रियंका व झुलसे केसरी को परिजन रठौंडा स्थित निजी अस्पताल ले गए। जहां प्रियंका की हालत गम्भीर बताई जा रही है। सूचना पर लेखपाल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना की रिपोर्ट तहसील के अधिकारियों को सौंप दी गई है।

### दुल्हन को पड़ोसी की छत के रास्ते बाहर निकाला

अजय की दुल्हन व दहेज के समान के लिए दो मंजिले पर एक कमरा बनाया गया था। घटना के समय दुल्हन इसी कमरे में थी। दहेज का सामान भी कमरे में रखा था। आग लगने के बाद घबराई दुल्हन बुरी तरह चिल्लाने लगी। इस पर परिजनों ने दुल्हन को पड़ोसी छत के रास्ते घर से बाहर निकाला। परिजनों ने बताया कि यदि आग पर काबू नहीं पाया जाता तो अन्य सामान की तरह दहेज का सामान भी जलकर राख हो जाता।

### घटना के समय रसोई में रखे थे चार सिलेंडर

शादी समारोह में भोजन व पकवान बनाने के लिए कई गैस सिलेंडरों की व्यवस्था की गई थी। जिस सिलेंडर से पकवान बनाए जा रहे थे, वह पूरा भरा हुआ था। जबकि तीन अन्य सिलेंडर आधे भरे हुए थे। सिलेंडर में आग लगती देख सभी के हाथ-पांव फूल गए। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद अन्य तीन सिलेंडरों को घर से बाहर निकाल दिया।

## सार संक्षेप

### बारहवीं में मूक बधिर मनजोत ने पाए 77 प्रतिशत अंक

**मिलक, अमृत विचार :** शनिवार को आए यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में नगर निवासी मूकबधिर छात्रा ने भी बुलंदियों को छू लिया। मूकबधिर बेटी की कामयाबी से माता-पिता बहुत खुश हैं। नगर के असदुल्लापुर मोहल्ला निवासी बॉबी छाबड़ा की नगर में रेडीमेड कपड़े की दुकान है। उनकी दो बेटियां हैं। दोनों ही मूकबधिर हैं। छोटी बेटी मनजोत इस वर्ष गुरु अमरदास शिक्षा निकेतन में बारहवीं की छात्रा थी। उसने 77 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। दसवीं में उसने 84 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। मनजोत बैंक अधिकारी बनना चाहती है। अब वह बीबीए की पढ़ाई करेंगी। मनजोत को कला में रुचि है। बड़ी बहन बरेली के अनुबिस डिग्री कालेज से एमकॉम की पढ़ाई कर रही है। माता हरजीत कौर के द्वारा किए गए इस पालन पोषण व अच्छे संस्कारों से दोनों बेटियां अच्छे मुकाम की ओर अग्रसर हैं।



बेटियों को मिठाई खिलाते परिजन। ● अमृत विचार

### बेटियों का रिजल्ट देख भावुक हुए माता-पिता

**मिलक, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में मिलक के छात्र-छात्राओं ने दसवीं व बारहवीं की टॉप टेन सूची में परचम लहरा दिया। हाईस्कूल में जिला टॉप करने वाली कामिनी गंगवार व बारहवीं में जिले में तीसरा स्थान पाने वाली पूनम सगी बहन हैं। दोनों कलावती कन्या इंटर कालेज में पढ़ती हैं। दोनों प्रतिदिन साइकिल से आठ किलोमीटर का दूरी तय करके कालेज पहुंचती हैं। पिता करन सिंह गंगवार किसान हैं। जिस समय दोनों बेटियों का रिजल्ट आया, उस समय करन सिंह अपनी पत्नी के साथ रिश्तेदारी में एक विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात घर लौटने पर रिजल्ट देख वह भावुक हो गए। दोनों बेटियों को सीने से लगा लिया। इस दौरान उनकी आंखों से खुशी के आसूं बहने लगे। करन सिंह बताते हैं कि उनके पास मात्र तीन बीघा जमीन है। इसमें वह खेतीबाड़ी करते हैं। इसके अलावा परिवार के पालन-पोषण के लिए मजदूरी भी करते हैं।

### परिणिता को दादी से मिल रही शिक्षा की प्रेरणा



**मिलक, अमृत विचार :** शनिवार को आए यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में कक्षा दस की परिणिता अग्रवाल ने 95 .33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टॉप टेन सूची में दूसरा स्थान हासिल किया है। परिणिता अग्रवाल मध्यम परिवार से हैं। पिता संजीव अग्रवाल यूपी रोडवेज में संविदा पर परिचालक हैं जबकि, मां गृहणी हैं। परिणिता बताती हैं कि वह प्रतिदिन शाम को तीन से चार घंटे पढ़ाई करती हैं। उनका पसंदीदा विषय गणित है। उन्होंने यह मुकाम सेल्फ स्टडी से हासिल किया है। बुआ नीति अग्रवाल अमेरिका में इंजीनियर हैं। उनकी बुलंदियों से उसे लक्ष्य को भेदने की शक्ति मिलती है। दादी प्रीति अग्रवाल उसके इस हौसले को बरकरार रखने के लिए प्रेरणा देती हैं। जब भी उसे पढ़ाई में कोई समस्या होती है तो दादी अच्छे शिक्षक के रूप में हमेशा सामने खड़ी रहती हैं।

### इंटर में अरुण पाल की चार विषयों में डिस्टिंक्शन



**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले अरुण पाल सिंह ने 500 में से 447 अंक प्राप्त किए। अरुण पाल सिंह की जनरल हिन्दी, अंग्रेजी, गणित और भौतिक विज्ञान में डिस्टिंक्शन है। चार विषयों में डिस्टिंक्शन आने की जानकारी मिलने के बाद घर में खुशी छा गई। परिजनों ने उसे मिठाई खिलाई। इसके अलावा दोस्तों के बधाई देने के लिए फोन आते रहे।



महिमा सिंह को शील्ड देते शिक्षक। ● अमृत विचार

### प्रधानाध्यापक की बेटी को शिक्षकों ने किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** स्वार के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सिंह की बेटी महिमा सिंह श्री हरि इंटर कॉलेज में इंटर की पढ़ाई कर रही थी। शनिवार को इंटरमीडिएट का रिजल्ट आया था। यह परीक्षा उसने 93 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की और जिले में सातवां स्थान प्राप्त किया। रविवार को एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रामबहादुर के नेतृव में कई शिक्षक महिमा सिंह के घर पहुंचे और मेधावी को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद, प्रेमपाल, अशोक कुमार, अशोक कुमार बाबू, राजेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, मनोज, जंग बहादुर, चमन सिंह गौतम, मुकेश कुमार, नरेश कुमार, वीर सिंह, जबर सिंह आदि शामिल रहे।

# बिजली की चिंगारी से दो एकड़ फसल राख

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बिजली की चिंगारी से किसान की दो एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। बाद में फायर बिग्रेड भी आ गई। इसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव धमौरा निवासी डालचंद का घर से कुछ दूरी पर खेत है। उसके खेत में गेहूं की फसल पकी खड़ी थी। रविवार को चल रही तेज हवा से खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन से चिंगारी उनके खेत में गिर गई। इससे गेहूं की फसल ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग से ऊंची-ऊंची लपटी उठने लगीं। यह देख आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए।



गेहूं की फसल और भूसे में लगी आग को बुझाते अग्निशमन कर्मी व ग्रामीण।

### आग की भेंट चढ़ चुकी है कई एकड़ गेहूं की फसल

बिजली विभाग की लापरवाही के चलते अब तक किसानों की कई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी है। शनिवार को टांडा में लगी आग से किसान की साढ़े नौ बीघा फसल जल गई थी। इसके अलावा स्वार में करीब 30 एकड़ गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गई थी। उधर दो दिन पहले केमरी में भी 25 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी है।

सूचना पाकर फायर बिग्रेड भी आ गई। काफी देर के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान डालचंद के खेत से सटे अनिल, जितेंद्र और उमेश के भूसे के चार बोंगे भी आग की चपेट में आकर जलकर राख हो गए। आग लगने के कारण किसानों का लाखों रुपए का नुकसान हुआ। ग्रामीणों ने आग लगने का कारण हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी को बताया है।

# आग से तीन बीघा गेहूं की फसल जली

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के लहटोरा गांव में बिजली के तार टकराने से निकली चिंगारी के कारण किसान की तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। लोगों ने पानी और बालू डाल कर आग बुझाने का प्रयास किया। मगर सफलता नहीं मिली और पूरी फसल जल गई।



थाना क्षेत्र के गांव लहटोरा निवासी किसान जीसुख के पास तीन बीघा जमीन है। इसमें उसकी गेहूं की फसल पककर तैयारी खड़ी थी। रविवार को उन्हें फसल काटनी थी। उनके खेत से होकर विद्युत लाइन गुजर रही है। हवा तेज होने के कारण बिजली के तार आपस में टकराने लगे। इस दौरान तारों से निकली चिंगारी खेत में गिर गई और फसल में आग लग गई। सूचना पर वह और गांव के लोग आग बुझाने के लिए पहुंचे। लेकिन तेज हवा की वजह से आग ने तेजी से फसल को चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में फसल जलकर नष्ट हो गई। लोगों का आरोप है कि खेतों से होकर गुजर रही विद्युत लाइन के तार काफी ढीले हैं और लटके हुए हैं। इन्हें सही करने के लिए बिजलीकर्मियों से कई बार कहा लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी।



आग से जली गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

### गेहूं बेचकर किसान चुकाता कर्ज

किसान जीसुख का कहना है कि उसका परिवार बड़ा है। अपनी तीन बीघा जमीन पर मेहनत करके परिवार को चलाता है। कर्ज लेकर रात-दिन मेहनत कर उसने फसल उगाई थी। इस फसल को काटकर वह कुछ गेहूं खाने के लिए घर में रखता और बाकी के गेहूं बेचकर लिए कर्ज चुकाता। लेकिन, इससे पहले ही फसल जलकर राख हो गई।

# रोडवेज बस अड्डा न होने से धूप में बसों का इंतजार करते हैं लोग

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** मिलक आज भी विकास के दावों से कोसों दूर है। नेताओं के आश्वासन के बावजूद नगर में रोडवेज बस अड्डा नहीं बन सका। मिलक का बस अड्डा सिर्फ चुनावी मुद्दा बन कर रह गया है।

नगर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग दूसरे शहरों व राज्यों को आवागमन करते हैं। नगर में बस अड्डा न होने के कारण रोडवेज बसों के चालक-परिचालक मनमानी करते हैं। इसकी वजह से लोगों को रोडवेज की बस में सफर करने के लिए कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। नगर में रोडवेज बसों का बाईपास से गुजर जाना या चालकों द्वारा यात्रियों को बाईपास छोड़ जाना जैसी घटनाएं आम हैं। इसके लेकर यात्रियों एवं रोडवेज की बसों के चालक-परिचालकों के बीच आए दिन झगड़े होते रहते हैं। स्थानीय लोग दशकों से नगर में रोडवेज बस अड्डे की मांग कर रहे हैं। प्रत्येक चुनाव में लोगों की प्रमुख मांग में रोडवेज बस अड्डा हमेशा शीर्ष पर होता है। बस अड्डा न होने से लोग हाइवे किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करते हैं। बारिश में खुले आसमान के नीचे भीगते रहते हैं। तपती धूप में सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। यात्रियों के बैठने व छाया का कोई इंतजाम नहीं है। ऐसी परिस्थितियों में नगर के लोग रोडवेज बस अड्डे की राह तक रहे हैं। लोगों की मांग है कि मिलक में जल्द से जल्द रोडवेज बस अड्डा स्थापित होना चाहिए।




सड़क पर खड़ी बस में चढ़ते यात्री। ● अमृत विचार



"नगर में काफी बड़ी आबादी निवास करती है। नगर का सीधा जुड़ाव देश व प्रदेश की राजधानी से है। बड़ी संख्या में लोग अन्य शहरों के लिए आवागमन करते हैं। इसलिए यहां बस अड्डा बनना चाहिए। **- हिरदेश गंगवार**



"बस अड्डा न होने कारण रोडवेज बसों के चालक-परिचालक नगर के अंदर से गुजरने से कतराते हैं। बस अड्डा बनने से चालक-परिचालकों की मनमानी खत्म हो जाएगी और यात्रा करने में लोगों को सहूलियत मिलेगी। **- काजल शर्मा**



"नगर में बस अड्डा न होने से लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है। रोडवेज बसों के चालक-परिचालक कई बार महिलाओं को बाईपास पर ही उतार कर चले जाते हैं। बस अड्डा बनने से महिलाओं को सुरक्षा मिलेगी। **- संगीता**



"नगर में रोडवेज बस अड्डा बनवाने के लिए पालिका की जमीन का प्रस्ताव दिया था। नियमानुसार परिवहन निगम को पालिका की जमीन का भुगतान करना होगा। लेकिन परिवहन निगम बस अड्डा निर्माण के लिए निशुल्क जमीन मांग रहा है। इसके कारण बस अड्डे का निर्माण अधर में लटका है। **- दीक्षा गंगवार, पालिकाध्यक्ष, मिलक**



"मिलक में बस अड्डा बनने से जाम की समस्या खत्म होगी। लोगों को रोजगार मिलेगा और नगर का विकास होगा। नेताओं को इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाना चाहिए, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। **- अकरम**

### झगड़ा कर रहे पांच लोग पुलिस ने पकड़े

**केमरी, अमृत विचार :** केमरी पुलिस ने अलग-अलग मामलों में मारपीट करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

थाना क्षेत्र के गांव मदानगला निवासी जैनब पत्नी सर्वेश कुमार की गांव में ही परचून की दुकान है। गांव के ही इमरान, रिजवान और आमिर उसकी दुकान पर आए और किसी बात को लेकर कहासुनी करने लगे। महिला ने विरोध किया तो तीनों मारपीट पर उतारू हो गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने इमरान, रिजवान और आमिर को गिरफ्तार कर लिया।

दूसरे मामले में थाना क्षेत्र के गांव उदयपुर जागीर निवासी लालता प्रसाद कश्यप ने अपने पुत्र विजेंद्र के खिलाफ घर में जबरदस्ती कब्जा करने और मना करने पर गाली-गलौज मारपीट करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस ने इस मामले में लालता प्रसाद कश्यप और विजेंद्र कश्यप को गिरफ्तार कर लिया।

**लापरवाही** गाजियाबाद से जारी किया जाना है यूनिट के संचालन का लाइसेंस

# लाइसेंस के इंतजार में है ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** वर्ष 2024 के तीन माह गुजरने के बावजूद जिला अस्पताल की ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का संचालन नहीं हो पाया है। इसके संचालन होने से प्लेटलेट्स, प्लाज्मा के रोगियों को काफी सहूलियतें मिलेंगी। डेंगू ने वर्ष 2023 में जमकर कहर बरपाया था। प्लेटलेट्स कम होने पर डेंगू रोगियों ने निजी चिकित्सकों की ओर रुख किया था। अगर यह यूनिट चालू हो जाती है तो रोगियों को भटकना नहीं पड़ेगा।

जिला अस्पताल के ब्लॅड बैंक में अब तक एक मरीज को एक ही यूनिट का लाभ मिलता है। ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट बनाने का उद्देश्य रोगियों को सुविधाएं प्रदान करना है। ब्लड में रेड ब्लड सेल, प्लाज्मा और प्लेट्लेटस आदि कंपोनेंट होते हैं। सेपरेशन यूनिट में ब्लड के कंपोनेंट अलग किए जाते हैं। जरूरत के हिसाब से मरीजों को आरबीसी, प्लाज्मा, प्लेट्लेटस आदि चढ़ाया जाता है। यूनिट को अलग-अलग भागों में विभाजित करने के लिए आधुनिक मशीनें लग चुकी हैं। इनका इंस्टालेशन भी हो चुका है। जिला अस्पताल प्रशासन के मुताबिक यूनिट का गाजियाबाद से आई टीम ने निरीक्षण किया था। बताया कि यूनिट के संचालन के लिए गाजियाबाद से आई टीम को लाइसेंस के लिए लिखा था। जब तक लाइसेंस की स्वीकृति नहीं हो जाती, तब तक यूनिट का संचालन नहीं हो पाएगा। ऐसे में यदि अबकी बार डेंगू का प्रकोप बढ़ा तो रोगियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा या पहले की तरह निजी चिकित्सकों के यहां दौड़ लगानी पड़ेगी।



जिला अस्पताल की पहली मंजिल पर बनी ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट।

### जिला अस्पताल में 2023 में तैयार हो चुकी है यूनिट

ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट बनवाने की कवायद 2021 में शुरू हुई थी। यह 2023 में बनकर तैयार हो गई। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक के इस यूनिट को बनवाने में छह लाख रुपये खर्च हुए। एक वर्ष पहले जैम पोर्टल पर निविदा निकाली गई। इसका ठेका मेरठ की टीम को मिला था। यहां फर्श, टाइल्स, पत्थर, एयरकंडीशन, बिजली के सॉकेट लगवाए गए। यूनिट तमाम सुविधाओं से लैस है। अस्पताल प्रशासन को सिर्फ लाइसेंस का इंतजार है। लाइसेंस मिलने के बाद रोगियों को अन्य जिले या फिर प्राइवेट चिकित्सकों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. प्रद्युत कुमार ने बताया कि यूनिट में -40 व -80 डिग्री सेल्सियस तापमान पर प्लाज्मा रखने के लिए एक रेफ्रिजरेटर है। इसके अलावा ब्लड बैंक रेफ्रिजरेटर है। ब्लड बैंक रेफ्रिजरेटर में दो से छह डिग्री सेल्सियस पर ब्लड रखा जाता है। एक एलाइजा रीडर वॉस्टर एवं रेफ्रिजरेटर सेंटीफ्यूज आदि मशीनें भी लगी हैं।

"ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट तैयार है। मशीनें भी आ गई है। गाजियाबाद से आई टीम ने जब निरीक्षण किया था तभी लाइसेंस के लिए पत्र भी दिया गया था। संचालन के लिए लाइसेंस की जरूरत है। इसके चालू होने पर रोगियों को काफी सहूलियतें मिलेंगी। **-डा. एचके मित्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**

### बेकाबू कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**स्वार, अमृत विचार :** तेज गति कार ने अनियंत्रित होकर बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को उपचार के लिए उत्तराखंड के काशीपुर ले गए।

रविवार को स्वार निवासी शकील बाइक पर सवार होकर किसी काम से गांव मुंशीगंज गया था। वापस आते समय स्वार-मुंशीगंज मार्ग स्थित गांव हड़पुरा की पुलिया पर पीछे से तेजगति से आ रही कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी। परिजन सीएचसी पहुंच गए। चिकित्सक ने घायल की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल को उचित उपचार के लिए उत्तराखंड के काशीपुर स्थित निजी अस्पताल ले गए। चालक कार समेत मौके से फरार हो गया।

# भांजे की अर्थी के बाद सादगी से उठी मौसी की डोली

- शुक्रवार को नहाने गए लक्स की नदी में डूबकर हो गई थी मौत

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** मौसी की डोली उठने से पहले भांजे की नदी में डूबकर मौत गई थी। इससे शादी की खुशियां मातम में बदल गई थीं। भांजे के अंतिम संस्कार के बाद दूल्हा चंद लोगों के साथ बरात लेकर आया और दुल्हन को अपने साथ ले गया। सादगी से दुल्हन को विदा कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बढ़ेपूरा निवासी हरिओम की दो पुत्रियां व दो पुत्र हैं। हरिओम ने अपनी बड़ी पुत्री नक्षत्रा देवी का विवाह कुछ वर्ष पहले मीरगंज थाना क्षेत्र के मंडलपुर गांव में किया था। इस दौरान नक्षत्रा ने बेटे लक्स को जन्म दिया। हरिओम की मृत्यु हो चुकी है। शनिवार को उनकी छोटी बेटी दीक्षा की बरात आनी थी। लक्स भी अपनी मां के साथ मौसी की शादी में शामिल होने आया था। शुक्रवार को 13 वर्षीय लक्स अपने दोस्तों के साथ गांव के पास ही स्थित नदी नहाने चला गया था। इस दौरान नदी में डूबकर उसकी मौत हो गई थी।

उधर कनकटा गांव में दूल्हा शनिवार को बरात लाने की तैयारी कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही वर पक्ष के लोग सकते में आ गए। उन्होंने निर्णय लिया कि लक्स के अंतिम संस्कार के बाद दूल्हा सिर्फ कुछ ही लोगों के साथ शाम को बरात लेकर जाएगा और सादगी से दुल्हन को विदा कराकर ले आएगा। शनिवार की शाम लक्स का अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद रात करीब दस बजे दूल्हा कुछ सगे संबंधियों के साथ बरात लेकर पहुंचा। सादगीपूर्ण माहौल में शादी की रस्में पूरी करने के बाद दुल्हन को अपने साथ ले गया।

### रास्ते के विवाद में मारपीट करने में चार लोगों पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** रास्ते के विवाद को लेकर 19 अप्रैल को दो पक्ष भिड़ गए थे। लाठी-डंडे व धारदार हथियारों से हुए हमले में एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

शुक्रवार की सुबह कोतवाली पहुंचे गांव पहाड़पुर निवासी जसवीर सिंह, परमजीत सिंह, पलविंदर सिंह व लखविंदर कौर आदि ने बताया कि 19 अप्रैल की सुबह वह अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली से खेत में भूसा डालने जा रहे थे। पड़ोसियों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया था। रास्ते से न निकलने को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद आरोपी गाली-गलौज व अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडे व धारदार हथियारों से हमला कर दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हरविन्दर सिंह, भूपेन्दर सिंह, आकाशदीप सिंह, लवप्रीत सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### टीम ने अभियान चलाकर 35 बंदर पकड़े

**मिलक, अमृत विचार :** रविवार को नगर पालिका प्रशासन ने टीम को बुलाकर अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने 35 बंद पकड़े। इन बंदरों को दूर जंगलों में छुड़वाया। नगर में बंदरों का आतंक है। बंदर आए दिन राह चलते लोगों पर हमला कर रहे हैं। कुछ दिन पहले बंदरों ने सेवानिवृत्त अध्यापक को जख्मी कर दिया था। 17 अप्रैल को तहसील परिसर में बंदरों के झुंड ने एसडीएम राजेश कुमार व लेखपाल अमरजीत सिंह को काट लिया था। लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद पालिका प्रशासन हरकत में आया। रविवार को बंदरों को पकड़ने वाली टीम को मिलक बुलाया गया। पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने बताया कि नगर को बंदर मुक्त करने तक अभियान जारी रहेगा।

### सड़क किनारे लगी रेलिंग टूटी, हादसों का अंदेशा

**केमरी, अमृत विचार :** केमरी–रामपुर रोड पर लगी रेलिंग टूट गई है। इससे हादसों का खतरा बढ़ गया है। केमरी रोड के दोनों ओर पीलाखार नदी बहती है। एहतियात के तौर पर सड़क के दोनों ओर रेलिंग लगाई गईं थीं। सड़क किनारे लगाई गई लोहे की रेलिंग टूटने से कई हादसे हो चुके हैं। इस बारे में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन कृष्ण वीर सिंह का कहना है निरीक्षण के बाद रेलिंग को ठीक कराया जाएगा।

# जीव मात्र के लिए आज भी प्रासंगिक हैं भगवान महावीर

## श्री रथ का जगह-जगह पुष्प वर्षा से किया स्वागत, मंदिरों में विधि-विधान से की गई पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को भगवान महावीर जयंती धूमधाम से मनाई गई। जैन समाज के तत्वावधान में फूटा महल स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से सुबह 10 बजे शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सिविल लाइंस स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पर दोपहर 12 बजे संपन्न हुई। मार्ग में पुष्प वर्षा कर लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में इंद्राणी नेहा जैन मंगल कलश लेकर चलीं।

भगवान महावीर जयंती पर जैन मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया। मोहल्ला फूटा महल स्थित पार्श्वनाथ मंदिर से सुबह शोभायात्रा शुरू हुई। इसमें जैन धर्म के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। इससे पूर्व जैन मंदिरों में सुबह पांच बजे प्रभात फेरी निकाली गईं। इसमें काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। शाम को पालने का कार्यक्रम हुआ। इसमें भगवान को पालना झुलाकर जन्मदिन मनाया गया। रविवार को जैन मंदिरों में महावीर जयंती पर सुबह से ही भीड़ लगना शुरू हो गई। जैन समाज के लोगों ने सुबह मंदिरों में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इसके बाद फूटा महल स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। चिलचिलाती धूप में श्रीजी के रथ को नंगे पैर शोभायात्रा में शामिल बच्चे खींच रहे थे। श्रीजी के रथ के आगे मंगल कलश लेकर नेहा जैन इन्द्राणी के रूप में चल रहीं थीं। इनके साथ डा. शीनू जैन, विनीता जैन, दिशा जैन, प्रिया जैन, सपना जैन, शशि जैन, सरिता जैन, आकांक्षा जैन भी शामिल थीं।


शोभायात्रा में मंगल कलश लेकर चलतीं इंद्राणी। ● अमृत विचार


श्री जी की शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में जैन समाज के बैनर के पीछे धार्मिक धुन बजाते हुए बैंड चल रहा था। इनके पीछे जैन इंटर कालेज के बच्चे भी संगीत की धुन बजाते चल रहे थे। शोभायात्रा में जैन धर्म के संदेश लिखी तख्तियां भी थीं, जो सभी को अहिंसा के पथ पर चलने को प्रेरित कर रही थीं। श्री जी के रथ के सारथी सुनील कुमार जैन बने। खवासी पुलकित जैन रहे। जबकि, कुबेर भारत भूषण जैन और प्रथम इंद्र आशीष जैन, द्वितीय इंद्र विशाल जैन, तृतीय इंद्र अविरल जैन, चतुर्थ इंद्र समीर रहे। जैन समाज के लोगों ने श्री जी के रथ को नंगे पैर खींचा। शोभायात्रा जिधर से होकर गुजरती लोग पुष्प वर्षा से स्वागत करते रहे। इस दौरान जगह जगह शिविर लगाकर शोभायात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया गया। शोभायात्रा फूटा महल स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से कोतवाली, शाहबाद गेट होते हुए शिवि टॉकिज के पास आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।


महावीर जयंती पर पालकी शोभायात्रा निकालते जैन समाज के लोग। ● अमृत विचार

# महावीर जयंती पर निकाली गई पालकी शोभायात्रा

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** नगर में भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में जैन समाज के लोगों ने पालकी शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। भगवान महावीर की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की गई।

नगर में रविवार को भगवान महावीर जयंती पर पालकी शोभायात्रा का आरंभ श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से किया गया। बैंड-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में जैन समाज के लोगों ने भगवान महावीर स्वामी के जयकारे लगाए और नृत्य किया। शोभायात्रा मुख्य बाजार से होकर मोहल्ला चाऊपुरा से स्वार-काशीपुर मार्ग से पुनः जैन मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई। शोभायात्रा में जैन समाज के अध्यक्ष सर्वेश जैन, महेंद्र जैन, राजीव जैन, सोनू जैन, नरेश जैन, नरेंद्र जैन, अरिहंत जैन तथा समाज की महिलाएं भी शामिल रहीं।


कमुआ नगला में जली फसल को देखते किसान नेता। ● अमृत विचार

# जली फसल का मिले मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में रविवार को एक प्रतिनिधिमंडल ग्राम कमुआ नगला पहुंचा। उन्होंने गेहूं की जल हुई फसलों को देखा। किसान नेता ने प्रशासन से किसानों की जली फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

खेत पर पहुंचे किसान नेता ने बताया कि कमुआ नगला में किसानों की लगभग 25 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। इससे पहले भी जिले में कई किसानों की फसल जल चुकी है। किसानों को गेंहू की पकी फसल में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन जली हुई फसल का सर्वे करके किसानों को 50 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिलाए। संगठन किसानों सुख-दुख में उनके साथ खड़ा है।

इस अवसर पर लखविंदर गंगवार, नरेश गंगवार, उभन राम गंगवार, अमित गंगवार, बेनाम गंगवार, ओम प्रकाश गंगवार, विनोद गंगवार, राम दयाल गंगवार, आशिक, धर्मवीर, विजय गंगवार, घनश्याम गंगवार, विशाल गंगवार, अबरार अंसारी, अर्चित गंगवार आदि किसान मौजूद रहे।

# घर के दरवाजे पर खड़ी किशोरी से युवक ने की अश्लीलता, रिपोर्ट

**भोट, अमृत विचार :** घर के दरवाजे पर खड़ी किशोरी से गांव के ही युवक ने अश्लील हरकत की। उसके पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने दर्ज करायी रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 17 अप्रैल को उसकी 12 वर्षीय पुत्री अपने घर के दरवाजे पर खड़ी थी। तभी गांव का ही एक युवक उसकी पुत्री को 200 रुपये दिखाते हुए अश्लील हरकत करने लगा। किशोरी द्वारा चांटा दिखाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। इसके बाद किशोरी ने परिजनों को पूरी बात बताई। तब उसके पिता थाने पहुंचे व आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानु से जुड़े किसानों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। नरपतनगर में डेंगू से मरने वाले दो ग्रामीणों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं की रविवार को क्षेत्र के सनकरा गांव में पंचायत हुई। इसमें वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हनीफ वारसी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही व विभाग में फैले भ्रष्टाचार का खामियाजा गरीब किसानों व मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। सीएमओ कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। पूरे जिले में ग्रामीण क्षेत्र में अप्रशिक्षित डाक्टरों द्वारा अस्पताल चलाए जा रहे हैं। नार्मल डिलीवरी को भी आपरेशन से कर गरीबों को लूटने का धंधा फल फूल रहा है। गरीब किसान व मजदूर की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने फर्जी अस्पताल व मेडिकल स्टोर को बंद कराने की मांग की। पंचायत में नरपत नगर के दो ग्रामीणों की मौत के लिए भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदार मानते हुए मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। फर्जी अस्पताल व मेडिकल स्टोर बंद न कराने पर आंदोलन की चेतावनी दी। कहा कि 24 अप्रैल को आंबेडकर पार्क में होने वाली पंचायत में आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। इसके बाद आक्रोशित किसानों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में मुराद खान, महावीर सागर, आरिफ अली, सफीक अहमद, नजाकत अली, मुकेश पांडेय, राकेश कुमार, सूरज, चंदा सिंह, मंगल सेन, अजय कुमार, महबूब अली, इलियास अहमद, मोहम्मद अली, इस्तकार अली, रफी सलमानी, मकसूद अली, डॉक्टर शाहिद अली, चुन्नी खान आदि शामिल रहे।


स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

- **अधिकारियों पर लगाया भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप**
- **मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की उठाई मांग**

# रंजिश के चलते कार में की तोड़फोड़, युवक को पीटा

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** रंजिश के चलते दबंगों ने कार में तोड़फोड़ कर गाली-गलौच कर युवक से मारपीट शुरू कर दी। भीड़ लगने पर दबंग जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तहसील क्षेत्र के गांव मझरा सेंढू नानकार रानी निवासी अकबर अली रविवार को किसी काम से स्वार आया था। आरोप है घर लौटते समय पीपलसाना में गांव खानपुर उत्तरी निवासी दानिश, बाबू, गुड्डू ने उनकी कार को ओवरटेक करके हमला कर दिया। आरोपियों ने कार में तोड़फोड़ करते हुए मारपीट की।

इस दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ लग गई। तब दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर ली है।


हमले में क्षतिग्रस्त हुई कार।

# अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर मांगी दुआएं

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** हजरत दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह का 229वें सालाना उर्स के दौरान अकीदतमंदों ने मजार पर चादरपोशी कर दुआएं मांगी। फज्र की नमाज के बाद मजार शरीफ में कुल शरीफ हुआ। इस दौरान लंगर का आयोजन भी किया गया।

रविवार को क्षेत्र के गांव चुन्नावाला में हजरत दादा मियां के 229वां सलाना उर्स में जायरीनों ने चादरपोशी कर शीरनी तकसीम की और दुआ मांगी। कारी अब्दुल हसन ने नात शरीफ पढ़ी। हजरत की जिंदगी से रूबरू कराते हुए कहा कि मुसलमान अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ दीनी तालीम भी दिलाएं। इस्लाम के बताए रास्ते पर चलने की हिदायत देने के साथ लोगों से बड़ों और मां-बाप की इज्जत करने की अपील की।

कारी मुजीबुर रहमान ने कहा कि मुसलमान दीनी तालीम के साथ दुनियावी तामील भी हासिल करें। इस्लाम के रास्ते पर चलने व देश में अमन व शांति बनाएं रखें। कुल शरीफ में मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई। सैकड़ों जायरीनों ने हाथ फैलाकर दुआ मांगी। गद्दीनशीन आजम खां ने लोगों से आपस में मिलजुल कर भाईचारे के साथ रहने की हिदायत की। इस अवसर पर नासिर खां, मुन्ने शाह मियां, राहत खां, शन्नू खां, गुड्डू खां आदि मौजूद रहे।


उर्स में कुरानख्वानी करते उलेमा व अन्य। ● अमृत विचार

- **फज्र की नमाज के बाद मजार शरीफ में हुआ कुल शरीफ**

# सफाई कराने के लिए लोगों ने ईओ को दिया पत्र

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला जनरल अजीमुद्दीन पार्क के पास सफाई कराने को मोहल्लेवासियों ने ईओ को पत्र दिया। इसमें मोहम्मद सुलेमान, फरमान ने कहा कि पार्क के बाहर कई-कई दिन तक कूड़े का उठान नहीं हो रहा है। संक्रामक रोग फैलने की आशंका है।

कहा कि जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित है। इसमें कई विभागों का सहयोग है। लेकिन पार्क के बाहर कई दिनों से कूड़े का उठान नहीं हो रहा है। स्थिति यह है कूड़े से दुर्गंध उठ रही है। इस बारे में सभासद और पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों को बताया गया है। पत्र में मांग की है कि संबंधित मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक और सुपरवाइजर को सफाई कराने के निर्देश दिए जाएं।

# स्वार के पूर्ति विभाग कार्यालय में हो रहा राशन कार्डों में खेल

संवाददाता, मसवासी

- **उपभोक्ता परेशान, नहीं हो रही कोई सुनवाई**

**अमृत विचार :** स्वार के पूर्ति विभाग कार्यालय में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। राशन कार्डों से यूनिट काटना और फिर जोड़ना पूर्ति कार्यालय से जुड़े लोगों के लिए खेल बन गया है। इससे उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई हैं। उपभोक्ता ने जिलाधिकारी से पूर्ति कार्यालय की जांच कराने की मांग की है।

स्वार के पूर्ति विभाग कार्यालय में बाहरी युवकों का दबदबा है। राशन कार्डों से यूनिट काट दी जाती हैं। फिर जोड़ने के नाम पर खेल शुरू किया जाता है। इस मामले में कार्यालय के एक अधिकारी की भूमिका भी संदिध है। तमाम ग्रामीण दिन निकलते ही पूर्ति विभाग के कार्यालय में जमा होना शुरू हो जाते हैं। एक ही शिकायत होती है कि उनके राशन कार्ड से यूनिट काट दिए गए हैं। शिकायतों के बाद भी यूनिट नहीं जोड़े जाते। यूनिट जोड़े जाने के नाम पर रुपयों का खेल शुरू हो जाता है।

इतना ही नहीं उपभोक्ता को दूसरे गांव की राशन दुकान से सम्बद्ध कर दिया जाता है। इस खेल में पूर्ति विभाग के कर्मचारियों के साथ बाहरी युवकों का भी हस्तक्षेप है। कुछ राशन डीलर भी इसमें शामिल हैं। उपभोक्ताओं द्वारा लगातार तहसील के अधिकारियों से शिकायत की जा रही है। लेकिन सुनवाई नहीं की जा रही है। एसडीएम अवनीश कुमार ने मामले में जांच करने की बात कही है।


हादसे के बाद नहर में गिरे टेंपो को खींचता ट्रैक्टर। ● अमृत विचार

# नहर में गिरा टेंपो, तीन लोग घायल

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** फिल्मी स्टाइल में एक टेंपो सड़क से पलटी खाते हुए नहर में जा गिरा। इस हादसे में चालक सहित तीन लोग घायल हो गए।

रविवार को एक टेंपो सवारियां बैठाकर तेज रफ्तार से शनिवार का बाजार से हाईवे की ओर जा रहा था। रास्ते में अचानक टेंपों अनियंत्रित होकर फिल्मी स्टाइल में पलटी खाता हुआ 10 फिट गहरी नहर में जा गिरा। इसमें टेंपो सवार चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने मशक्कत कर घायलों को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा दिया। इसके बाद टेंपो को नहर से निकाला। लोगों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

व्हाट्स एप ग्रुप से लेकर फेसबुक तक पर लोगों ने वीडियो को शेयर किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गनीमत रहा कि टेंपो में अधिक सवारियां नहीं थीं। वर्ना किसी की जान भी जा सकती थी।

**स्वास्थ्य** हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की सक्रियता का दिख रहा असर, 10 जनपदों के लोगों को मिला सबसे बेहतर उपचार

# टेली मेडिसिन सेवा में रामपुर प्रदेश में दूसरे पायदान पर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ऑनलाइन टेली मेडिसिन के माध्यम से इलाज लेने में रामपुर जनपद प्रदेश में दूसरे नंबर पर है। शासन से टेली मेडिसिन की समीक्षा के बाद सबसे बेहतर 10 जिलों के रोगियों को बेहतर उपचार मिला है। इसमें बरेली जनपद पहले नंबर पर है। बरेली में 76,823 और रामपुर में 40,768 रोगियों को उपचार मिला है।

हेल्थ एंड वेलनस सेंटरों के जरिए दूर दराज के गांवों तक इलाज के बेहतर संसाधन मुहैया बराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें टेली मेडिसिन की अहम भूमिका है। इसकी मदद गांवों के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की ऑनलाइन सेवाएं मिल रही है। शुरूआत में बिजली कनेक्शन, इंटरनेट की सुविधा नहीं होने की वजह से हालत खराब थी। लेकिन शासन की सख्ती से संसाधन बढ़े हैं। कम्युनिटी हेल्थ अधिकारियों की तैनाती के बाद अब टेली कंसल्टेंसी बढ़ रही है। ई-संजीवनी टेली मेडिसिन की रिपोर्ट में बरेली व रामपुर प्रदेश में सबसे आगे रहे। जिले में तैनात 300 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) ने प्रतिदिन औसतन नौ से अधिक मरीजों को टेली मेडिसिन की सेवा दीं। इसके अलावा जिला अस्पताल में बने टेली मेडिसिन से प्रतिदिन 30 रोगियों को ऑनलाइन उपचार दिया जा रहा है। ऑनलाइन सेवा के लिए रोगी बीमारी के बारे में परामर्श ले रहे हैं। चिकित्सक के अनुसार टेली मेडिसिन के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है।

### डाउनलोड करना होता है ऐप

टेली मेडिसिन की सुविधा लेने पर मरीजों को ई–संजीवनी ऐप डाउनलोड करना होता है। रजिस्ट्रेशन करने पर ओपीडी रोगी पंजीकरण फार्म खुलेगा। इसमें मरीज से संबंधी जानकारी भरने के बाद टोकन जनरेट का विकल्प आता है। टोकन जनरेट करने के बाद मरीज के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर रोगी की आईडी व टोकन नंबर का मैसेज आता है। इस टोकन नंबर से जानकारी मिलेगी कि उसका नंबर कितने मरीजों के बाद आएगा। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. एचके मित्रा ने बताया कि मरीज ओटीपी नंबर के माध्यम से बार–बार अपना टोकन नंबर देख सकता है। इस सुविधा में मरीज डॉक्टर से ठीक उसी प्रकार की चर्चा कर सकता है जैसे ओपीडी में करता है। रजिस्ट्रेशन के बाद मरीज को ऐप पर मिले विकल्प में लिखना होगा कि किस बीमारी के लिए डॉक्टर से बात करना चाहता है।

> ऑनलाइन टेली मेडिसिन में प्रदेश में जनपद दूसरे स्थान पर है। लोगों को अच्छा उपचार कराने के लिए सीएचओ की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाती है। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाती है। सीएचओ को सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। ताकि प्रदेश में जनपद को प्रथम स्थान मिले। –डा. संतोष कुमार, एसीएमओ

### यह है 10 जिलों की सूची

| जिला | कुल टेली कंसल्टेंसी | प्रतिदिन ओपीडी |
|---|---|---|
| बरेली | 76823 | 9.5 |
| रामपुर | 40768 | 8.2 |
| वाराणसी | 40752 | 8.1 |
| प्रयागराज | 38414 | 5.8 |
| सुल्तानपुर | 27979 | 5.6 |
| जौनपुर | 40523 | 5.6 |
| मुरादाबाद | 27352 | 5.1 |
| शामली | 12749 | 4.9 |
| गाजियाबाद | 9912 | 4.9 |
| चंदौसी | 21869 | 4.8 |



## एक नजर

### क्लेम के लिए दूसरे दिन घटना स्थल से खोजा मलबा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बीती शनिवार को भोजपुर के गांव सिढावली के पास हुए भीषण अग्निकांड के बाद रविवार को ट्रक मालिक और गैस कंपनी के लोग घटना स्थल पर मलबा खोजते रहे। ताकि उसकी मदद से इंश्योरेंस क्लेम लिया जा सके। काशीपुर मार्ग पर शनिवार दोपहर लगभग एक बजे गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में आग लग गई थी। गाड़ी में लगे 400 सिलेंडरों में आग लगी तो धमाके के साथ सिलेंडर फटने लगे और हवा में आग के गोले की तरह उड़ते हुए काफी दूर-दूर तक जाकर गिरे। रविवार को भारत पेट्रोलियम के अधिकारियों ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। देर शाम चार बजे तक अमरोहा के शकरपुर निवासी ट्रक मालिक इरफान ट्रक की बॉडी का मलबा और टुकड़े एकत्रित करता रहा। उन्होंने बताया कि बीमा कंपनी को ट्रक के टुकड़े आदि दिखाने पड़ेंगे, उसके बाद ही बीमा का पैसा मिलेगा, इसलिए मलबा और टुकड़े एकत्रित कर रहे हैं। इसी तरह भारत पेट्रोलियम का एक ट्रक लेकर मौके पर पहुंचे अमरोहा के हाफिजपुर निवासी शाहिद भी घटना स्थल से फटे हुए सिलेंडर के टुकड़े खोज-खोज कर ट्रक में लादता दिखा।

### डेंगू का डंक तोड़ने को तैयार किया एक्शन प्लान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद में संक्रामक बीमारियों की आहट होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू का डंक तोड़ने का एक्शन प्लान तैयार कर लिया है। जिसके तहत जनपद के 150 गांवों और महानगर के 50 मोहल्लों को डेंगू के प्रकोप को लेकर संवेदनशील घोषित कर दिया गया है। जनपद में पिछले साल डेंगू ने लगभग चार महीने तक अपना खौफनाक कहर बरपाया था। जिसको देखते हुए इस साल गर्मी का सीजन शुरू होते ही डेंगू के संक्रमण को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग के कई विभागों ने संयुक्त रणनीति बनाकर काम की योजना बनाई है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. पीएन यादव और डिस्ट्रिक्ट एपिडेमियोलॉजिस्ट अजीजुर्रहीम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जनपद में नगर निगम के साथ मिलकर और ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत विभाग के साथ समन्वय करके सघन रूप से एंटी लार्वा दवा के छिड़काव, फॉगिंग कराए जाने की रणनीति तैयार की है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. पीएन यादव ने बताया कि मई की शुरुआत से डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर टीमों का कार्य शुरू हो जाएगा। यह टीमें घरों में चेकिंग करके उन सभी जगहों को चिह्नित करेंगी जहां पानी इकट्ठा होने की वजह से डेंगू के मच्छर का लार्वा पनपने की संभावना रहती हैं।

# दंपती ने मकान दिलाने के नाम पर हड़पे सात लाख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दर्ज की सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार :** एक दंपती ने अपने साथियों के साथ मिलकर मकान दिलाने के नाम पर ग्रामीण से सात लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी दंपती समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मूंढापांडे के गांव करनपुर निवासी रऊफ अली ने बीते दिनों डीआईजी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने गांव के ही रहने वाले नन्हे और उसकी पत्नी सायरून ने 18 नवंबर 2022 को एक मकान का सौदा किया था। जिसके लिए तीन लाख रुपये नकद और चार लाख रुपये बैंक खाते में दिए थे। रऊफ का आरोप है कि रकम देने के बाद उसने कई बार आरोपी नन्हे और उसकी पत्नी से बैनामा करने के लिए कहा, लेकिन दोनों ने बैनामा नहीं कराया। दोनों ने साजिश के तहत मकान का सौदा करके उसके सात लाख रुपये लेकर हड़प लिए हैं। साजिश में गांव के तालिब, उसकी पत्नी राजदा और दो बेटों शाकिब व शानिब भी शामिल हैं। पीड़ित के अनुसार उसने कई बार थाना पुलिस और एसएसपी ऑफिस में शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। परेशान होकर डीआईजी के यहां शिकायत की। डीआईजी ने रिपोर्ट के आदेश दिए। थाना मूंढापांडे प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी नन्हे, उसकी पत्नी सायरून, तालिब, उसकी पत्नी राजदा और दो बेटों शाकिब व शानिब के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

## मारपीट में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर निवासी अनस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला पुलिस को दी तहरीर में अनस ने बताया कि बीती छह अप्रैल को रात लगभग 8:30 बजे कुछ लोगों ने कॉल करके कपड़े दिखाने के बहाने उसे जीरो प्वाइंट पर बुलया। वहां पहुंचने पर कटघर के गुलाबबाड़ी निवासी आरोपी सलीम, जयंतीपुर निवासी नईम और उसके दो भाई फईम व बब्लू ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीटकर अनस को गंभीर घायल कर दिया। एसएचओ मझोला केके वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

### मंगूपुरा व मनोहरपुर में बनाई जा रही है नई टाउनशिप, एमडीए तैयारियों में जुटा

# नई टाउनशिप के लिए किसानों ने दिए सहमति पत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा महानगर को दो नई टाउनशिप देने का फैसला लिया गया है। नई टाउनशिप विकसित करने के लिए पूर्व में लिए गए निर्णय के तहत प्राधिकरण प्रशासन द्वारा तैयारी तेज कर दी गई है। मंगूपुरा-मनोहरपुर में 50 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रस्तावित नई टाउनशिप के लिए विकास प्राधिकरण ने पांच हेक्टेयर भूमि की रजिस्ट्री भी करा ली है। जिसके लिए किसानों ने अपने सहमति पत्र भी दे दिए हैं।



मनोहरपुर में इसी जगह बनाई जाएगी एमडीए की नई कॉलोनी। ● अमृत विचार

> किसानों से लगभग पांच हेक्टेयर भूमि की एमडीए रजिस्ट्री करा चुका है। इसके अलावा दोनों नई टाउनशिप के लिए लगभग 40 फीसदी किसान सहमति पत्र भी दे चुके हैं। जिनका सत्यापन कराया जा रहा है। दोनों परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत लगभग 400 करोड़ रुपये सीड कैपिटल की डिमांड भी पूर्व में शासन से की जा चुकी है।
>
> –शैलेष कुमार, उपाध्यक्ष एमडीए

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा मंगूपुरा और मनोहरपुर में नई टाउनशिप के लिए लगभग 40 फीसदी लोगों ने अपनी भूमि बिक्री के लिए कार्यालय पहुंचकर सहमति पत्र दे दिए हैं। जिसके बाद एमडीए ने वहां नई टाउनशिप विकसित करने के लिए खाका तैयार करना शुरू कर दिया है। बीती सात मार्च को मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई एमडीए बोर्ड की बैठक में एक निजी तथा दो एमडीए की टाउनशिप विकसित करने को मंजूरी मिली थी। इसमें एमडीए द्वारा दिल्ली रोड स्थित मंगूपुरा-मनोहरपुर में लगभग 50 हेक्टेयर की प्रस्तावित आवासीय टाउनशिप तथा लाकड़ी फाजलपुर-चक फैजुल्लापुर- मैनाठेर में लगभग 130 हेक्टेयर की आवासीय एवं औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने का निर्णय लिया गया था। जिसके बाद से ही एमडीए ने इन दोनों टाउनशिप के लिए भूमि क्रय करने का प्रयास तेज कर दिया था। भूमि स्वामी किसानों से सहमति पत्र प्राप्त करने के साथ एमडीए प्रशासन ने मंगूपुरा-मनोहरपुर में पांच हेक्टेयर भूमि की रजिस्ट्री भी कराई है। एमडीए अधिकारियों का दावा है कि दोनों स्थानों पर लगभग 40 फीसदी किसान अपनी भूमि एमडीए को देने को तैयार हो गए हैं।

# बिजली के जर्जर खंभों से हो सकता जानलेवा हादसा

### महानगर के मुख्य बाजारों व मोहल्लों में जर्जर हालत में हैं बिजली के खंभे, उपकरण बदलने के नाम पर हो रही खानापूरी


कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बिजली विभाग द्वारा जनपद में पुराने और जर्जर उपकरण आरडीएसएस योजना के तहत बदले जाने का कार्य चल रहा है। वहीं महानगर की घनी आबादी वाले मोहल्लों में बिजली के खंभे जर्जर हालत में हैं। जो कभी भी जानलेवा हादसों का सबब बन सकते हैं। हालांकि बिजली विभाग के उच्चाधिकारी जनपद में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत 60 प्रतिशत उपकरण बदलने का दावा कर रहे हैं।

रविवार को शहर में बिजली विभाग की आरडीएसएस योजना में बदले जा रहे उपकरणों की पड़ताल की तो योजना के कार्य हवाई नजर आए। 60 प्रतिशत उपकरण बदलने के दावे करने वाले बिजली विभाग अधिकारियों की पोल खुल गई। नगर के बीचों बीच मोहल्ला मंडी चौक से संभली गेट जाने वाले रास्ते पर तारों के बोझ से सड़क पर झुका खंभा मानों किसी बड़े हादसे को दावत दे रहा हो। वहां रहने वाले नवनीत मेहरोत्रा ने बताया कि इस खंभे पर बिजली विभाग द्वारा क्षमता से अधिक तारों का बोझ डाल दिया गया है। खंभा भी नीचे से गलने के कारण सड़क की ओर झुक चुका है। किसी भी दिन कोई जानलेवा हादसा हो सकता है। उन्होंने बताया कि मंडी चौक उपकेंद्र से लेकर अधिशासी अभियंता के कार्यालय तक इसकी शिकायत कई बार की गई है। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। आरडीएसएस योजना में तार तो बदले पर इस खंभे को नहीं बदला गया। वहीं लाइनपार प्रेमनगर गली नंबर दो में बिजली का खंभा नीचे से पूरी तरह गल चुका है। वहीं के रहने उज्जवल सिंह ने बताया कि मोहल्ले में सुबह शाम बच्चे खेलते हैं। पूरे दिन मोहल्ले में लोगों का आना-जाना लगा रहता है। कई बार मंडी समिति विद्युत उपकेंद्र में इसकी शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन कोई भी अधिकारी कर्मचारी इसको बदलने को तैयार नहीं है।



बंगला गांव में चार खंभा मार्ग पर गिरने की हालत में झुका हुआ बिजली का खंभा।



मंडी चौक में केबलों के बोझ से एक ओर झुका बिजली को पोल।



लाइन पार प्रेम नगर गली नंबर दो में जर्जर हालत में खड़ा बिजली का खंभा।

बंगला गांव के मोहल्ला चार खंभा में सड़क पर कई बार बिजली का खंभा गिर गया। खंभा काफी काफी जर्जर हालत में है। 28 मार्च को बिजली विभाग ने खंभा बदलने के स्थान पर खंभें को टैपर से टिका दिया। जिससे लोगों को खतरा बना है। यहां रहने वाले श्रीकांत एडवोकेट ने बताया कि आरडीएसएस योजना में जब तार बदले जा रहे थे तब मोहल्ले वालों के कहने पर बिजली कर्मचारियों ने इस खंभों को नहीं बदला।

**मनमानी**

- आरडीएसएस योजना के तहत बदले जाने हैं जर्जर खंभे
- अधिकारी कर रहे 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने का दावा

वहीं इस संबंध में अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरडीएसएस योजना के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। हो सकता है जहां तार बदले जाने हो वहां लेबर के बिजली के खंभा बदलने की कोई जानकारी न हो। इसलिए अभी नहीं बदला गया है। जल्दी ही शहर में जितने जर्जर हालत में बिजली के खंभे या तार हैं उन्हें बदला जाएगा।

## होटल संचालिका से रास्ते में की छेड़छाड़, अपहरण की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** होटल संचालिका का रास्ता रोककर युवक ने अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट कर उसके अपहरण का प्रयास किया। पीड़िता का पति मौके पर पहुंचा तो आरोपी तमंचा दिखाकर धमकी देते हुए वहां से भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना सिविल लाइंस की कैंप चौकी क्षेत्र निवासी महिला अपने पति के साथ सिविल लाइंस क्षेत्र में ही खाने का होटल चलाती है। महिला ने सिविल लाइंस पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 अप्रैल को रात लगभग 10:30 बजे वह होटल से अकेली घर जा रही थी। रास्ते में कटघर के पीतलनगरी निवासी अमन ने उसे रोक लिया। अमन महिला के होटल पर अक्सर ग्राहक के तौर पर आता रहता था। पीड़िता के अनुसार रास्ते में रोकने के बाद आरोपी ने उससे अश्लील बातें एवं टिप्पणी करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। पीड़िता के अनुसार आरोपी के इरादे को भांप कर उसने अपने पति को पहले ही कॉल करके बता दिया था कि अमन ने उसका रास्ता रोक लिया है। आरोप है कि मारपीट करते हुए अमन ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ और अश्लीलता भी की। साथ ही उसे खींच कर अपनी गाड़ी में डाल कर अपहरण करने की भी कोशिश की। इसी बीच महिला का पति अपने भाई के साथ वहां पहुंच गया। पति के पहुंचने पर आरोपी ने तमंचा निकाल लिया और उसे हवा में लहराते हुए धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। थाना सिविल लाइंस प्रभारी आरपी शर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी अमन के खिलाफ मारपीट, धमकी देने, छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# फंदे पर लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मायके वालों का आरोप, दहेज के लिए की गई महिला की हत्या

**अमृत विचार :** पाकबड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत महिला का शव उसकी ससुराल में फंदे पर लटका मिला। मायके वालों ने ससुरालियों पर दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। महिला की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा है।

अमरोहा जनपद के थाना गजरौला क्षेत्र स्थित गांव नौनेर निवासी पृथ्वी सिंह ने साल 2019 में अपनी बेटी उपासना की शादी थाना पाकबड़ा क्षेत्र के गांव मौढ़ा तय्या निवासी अजय प्रकाश के साथ की थी। उपासना की एक ढाई साल और छह माह की बेटी भी है। मृतका उपासना के चाचा कमल ने बताया कि बीते शनिवार की रात बिचौलिया महिपाल ने फोन करके बताया कि उनकी भतीजी उपासना को ससुरालियों ने फंदे पर लटका कर मार दिया है। बिचौलिया का फोन आते ही उपासना के मायके वाले उसकी ससुराल पहुंचे और दहेज के खातिर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। मायके वालों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। चाचा कमल सिंह ने बताया कि ससुराल वाले दहेज में पांच और कार की मांग कर रहे थे। इतना ही नहीं मांग पूरी न होने पर आए दिन उसके साथ मारपीट की जाती थी। जिसको लेकर कई बार पंचायतें भी हुई। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतका के पिता पृथ्वी सिंह ने आरोपी पति अजय प्रकाश और उसके ससुरालियों के खिलाफ पाकबड़ा थाने में तहरीर दे दी है।

## टेंपो पलटने से पिता-पुत्र समेत तीन लोग घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रविवार दोपहर लाकड़ी बाईपास पर चौहानों वाली मिलक के पास ट्रक से बचाने के चक्कर में टेंपो बेकाबू होकर पलट गया। इस हादसे में पिता-पुत्र और टेंपो चालक घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

थाना मझोला क्षेत्र की मंडी समिति स्थित एकता कालोनी निवासी दीपक सक्सेना इन्वर्टर-बैटरी का काम करते हैं। उनकी दुकान कुंदरकी थाना क्षेत्र में डोमघर के पास है। दीपक सक्सेना ने बताया कि रविवार दोपहर लोडर टेंपो में काउंटर लादकर दुकान पर जा रहे थे। बेटा अनमोल भी साथ था। टेंपो जब चौहानों वाली मिलक के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे ट्रक से बचने के चक्कर में बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में दीपक सक्सेना (45), उनका बेटा अनमोल (16) और लाकड़ी रोड एकता कालोनी निवासी टेंपो चालक बृजेश कुमार (2) घायल हो गया।

## मकान में मृत मिले रोडवेज के सेवानिवृत्त परिचालक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस ने मोहल्ले वालों की सूचना पर शव का कराया पोस्टमार्टम

**अमृत विचार :** फौजी के मकान में रह रहे रोडवेज के सेवानिवृत्त परिचालक मृत अवस्था में पड़े मिले। मोहल्ले वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। सेवानिवृत्त परिचालक की मौत से उसके परिवार कोहराम मच गया है।

जनपद बरेली के थाना सीबी गंज क्षेत्र के सथंल पट्टी निवासी मोहम्मद अंजार हैदर (67) उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से परिचालक के पद से सात साल पहले रिटायर्ड हुए थे। बताया गया कि मोहम्मद अंजार हैदर पिछले 10 साल से अपने परिवार से अलग रहकर थाना मझोला क्षेत्र की मंसूरी कालोनी स्थित फौजी आरिफ के मकान में रह रहे थे। वह फौजी के घर की रखवाली भी करते थे और अक्सर उनके मकान के बाहर आकर बैठ जाते थे। रविवार सुबह होने पर जब अंजार हैदर घर से बाहर नहीं निकले तो मोहल्ले के लोगों ने पूर्व पार्षद शकील अहमद को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद पूर्व पार्षद ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस फौजी के मकान पर पहुंची तो अंदर से दरवाजा बंद था। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला तो रिटायर्ड परिचालक मृत अवस्था में अपने तख्त पर पड़े थे। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आधार कार्ड से उनके घर के पते की जानकारी कर परिजनों को सूचना दी। दोपहर बाद मृतक के परिजन भी मुरादाबाद पहुंच गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

# थ्री डी का ईमानदारी से पालन करें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे इंप्लाइज एसोसिएशन द्वारा मंडल कार्यकारिणी की बैठक और युवा संवाद सम्मेलन का आयोजन रविवार को कपूर कंपनी स्थित मंडल कार्यालय पर हुआ।

कार्यक्रम में मंडलभर की सभी शाखाओं के पदाधिकारी व युवा कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हम सब कर्मचारियों को एकजुट होकर अपने अधिकारों एवं हक लेने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ेगा। आज के इस युग में बिना संघर्ष किए आसानी से हमारे अधिकार प्राप्त नहीं हो सकेंगे। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को नसीहत दी कि पदाधिकारी व सदस्य महामंत्री द्वारा दिए गए मूल मंत्र अनुशासन, शिष्टाचार एवं कठिन परिश्रम से कार्य करे।



रेलवे इंप्लाइज एसोसिएशन के युवा संवाद को संबोधित करते संजय वर्मा।

- ऑल इंडिया ओबीसी इंप्लाइज एसोसिएशन की बैठक आयोजित

ज्ञात हो कि पिछले एक वर्ष से जितेंद्र सिंह टीटीई व सुभाष चंद्र यादव लोको पायलट को संगठन विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण छह वर्ष के लिए प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है। मिशन थ्री डी का उल्लंघन करने वालों को बिल्कुल बक्शा नहीं जाएगा। बैठक को संतराम, वीपी सिंह, नवतेज शर्मा, धर्मवीर, कुमार, सचिन यादव, विक्की चंद्रा, महावीर, राकेश, रामकिशन, दलीप, कृष्ण गोपाल, गोविंद कुमार, सुनील पाल, प्रवेंद्र कुमार, अजीत कुमार ने भी संबोधित किया।

# स्योडारा में पकड़ा 250 क्विंटल गेहूं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शासन की गेहूं खरीद की पारदर्शी नीति को गेहूं के अवैध भंडारण व संचरण के माध्यम से नुकसान पहुंचाने वालों पर रविवार को खाद्य विभाग के अधिकारियों ने कारवाई की। टीम ने छापेमारी में बिलारी तहसील के स्योडारा में बिना लाइसेंस गेहूं खरीद व भंडारण करने की सूचना पर 250 क्विंटल गेहूं पकड़ा।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम बिलारी तहसील के स्योडारा पहुंची। यहां पर फर्जी आढ़तियों के द्वारा गेहूं खरीद और भंडारण कर बाहर भेजने की तैयारी की गई थी। टीम ने मौके से 250 क्विंटल गेहूं का भंडारण पकड़ा। इस कार्य को करते हुए तौहीर नामक व्यक्ति को टीम ने पकड़ा, वह गेहूं को ट्रक में लोड कराकर दिल्ली भेजने की तैयारी में था। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि मौके से 250 क्विंटल गेहूं जब्त किया गया है। इसकी सूचना मार्केटिंग इंस्पेक्टर विजय राज सिंह को मिली थी। जिसके बाद मार्केटिंग इंस्पेक्टर सर्वजीत पांडेय, शेख इश्तेकार आदि के साथ टीम ने कार्रवाई की है। मंडी इंस्पेक्टर महादेवी को भी मौके पर बुलाया है। बिना लाइसेंस फर्जी तरीके से आढ़त चला रहे तौहर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत गेहूं के अवैध भंडारण व संचरण में बिलारी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिया है। वहीं इसी टीम ने कुंदरकी में भी छापेमारी कर एक ट्रक गेहूं पकड़ा है। इसमें करीब 150 क्विंटल गेहूं लदा था।



अवैध भंडारण पर पूछताछ करते जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह (मध्य में)।

**कार्रवाई**

- अवैध रूप से किया जा रहा था भंडारण, कुंदरकी में भी 150 क्विंटल गेहूं पकड़ा

## शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अग्रवाल सभा की ओर से रविवार को साईं हॉस्पिटल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 40 रक्तदाता रक्तदान कर महादानी बने।इस दौरान सीए अजीत कुमार अग्रवाल, गुंजन, दिव्यांशु, अमित गर्ग, अनुष बंसल, दिव्या बंसल, सीए अभिनव अग्रवाल, मोहित, ऋषभ, अभितेश , कनिका, विवेक कुमार अग्रवाल, संजीव, प्राची, तनय, पुष्पित अग्रवाल आदि ने प्रथम बार रक्तदान किया गया। शिविर के संयोजक ज्ञान सिंघल, अमित गर्ग व प्रदीप अग्रवाल रहे। साईं हॉस्पिटल की ओर से डॉ. वीके गोयल, डॉ. दिव्या गोयल व इमरान का विशेष सहयोग रहा। शिविर की अध्यक्षता महेश चंद अग्रवाल ने की। संचालन सीए अजीत कुमार अग्रवाल मंत्री ने किया।

**बोले-मेधावी** यूपी बोर्ड 12वीं में जिले की मेरिट लिस्ट में दूसरा तो प्रदेश की सूची में पाया 9वां स्थान

# आर्मी में भर्ती होकर देश सेवा करना लक्ष्य : तुषारबन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित हुआ। इसमें बेटों ने भी अपनी मेहनत के दम पर जनपद व प्रदेश की रैंकिंग में स्थान हासिल किया। एसडीएम इंटर कॉलेज के कक्षा 12वीं के तुषारबन गोस्वामी ने आर्थिक तंगी के बाद भी अपना हौसला नहीं डिगने दिया। जनपद में 92.20 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

लाइनपार में विकास नगर निवासी ओमप्रकाश फर्म में चैकर का काम करते हैं। बेटा तुषारबन गोस्वामी एसडीएम इंटर कॉलेज में इस बार इटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा दी। तुषारबन ने 92.20 प्रतिशत अंक के साथ जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि प्रदेश में 9 वें स्थान पर रहा। उन्होंने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने पिता और शिक्षकों को दिया। तुषारबन आर्मी में भर्ती होकर देश की सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत के साथ आर्थिक तंगी भी झेली है। बता दें कि जब वह 11वीं में थे, तब उनके पिता की नौकरी चली गई। जिसके बाद उन्होंने पढ़ाई के साथ एक दुकान पर काम किया। लेकिन, 12वीं में पिता की नौकरी दोबारा लग गई और उसके बाद उन्होंने केवल पढ़ाई पर ही ध्यान केंद्रित किया। तुषारबन ने कहा कि वह रोज 4 से 5 घंटे पढ़ाई करते थे। सेल्फ स्टडी पर उन्हें ज्यादा भरोसा था।



तुषारबन गोस्वामी।

### आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग करना चाहता है टॉपर कार्तिक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तुषारबन के साथ-साथ एसडीएम स्कूल के कार्तिक गुप्ता ने भी जनपद में दूसरा और प्रदेश में 96 .20 प्रतिशत अंक के साथ 9वां स्थान हासिल किया है। कार्तिक कहते हैं कि फिलहाल उनका लक्ष्य आईआईटी दिल्ली में प्रवेश लेना है। उसके बाद आगे की योजना तैयार करूंगा। कार्तिक के परिवार में पिता उमेश चंद्र गुप्ता, माता रितिका गुप्ता और छोटा भाई पर्थ गुप्ता है। पिता उमेश निजी स्कूल में शिक्षक हैं। भाई 10वीं का विद्यार्थी है। कार्तिक ने बताया कि उनके जीवन का पहला पड़ाव पूरा हो गया है। अब आईआईटी दिल्ली में प्रवेश लेकर इंजीनियरिंग करना मेरा लक्ष्य है। बताया कि वह 12वीं की तैयारी के लिए 5 घंटे रोज पढ़ाई करता था। परीक्षा के दौरान 6-7 घंटे पढाई करना शुरू कर दिया।



कार्तिक गुप्ता।

## श्रद्धांजलि

### हाईवे पर लगा रहा दो किलोमीटर लंबा जाम

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कुंवर सर्वेश सिंह का पार्थिक शरीर घर पहुंचने की सूचना पर विधानसभा क्षेत्र का जनसैलाब रतुपुरा में उमड़ पड़ा। जिससे रतुपुरा की तीन सीमाओं पर लंबा जाम लग गया। लोगों ने करीब डेढ़ से 2 किलोमीटर पैदल चलकर अपने नेता के अंतिम दर्शन कर शोक संवेदना व्यक्त की। रविवार की सुबह से ही क्षेत्र की जनता ने रतुपुरा की ओर रुख किया। भीड़ बढ़ने पर गांव की तीन सीमाओं पर जाम लगने लगा। समस्या इतनी बढ़ी कि लोग ने अपने वाहन गांव से डेढ़ से दो किलोमीटर की दूरी पर खड़े अपने नेता के अंतिम दर्शन करने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। रतपुरा से ठाकुरद्वारा मार्ग व दारापुर शरीफ नगर मार्ग व रतुपुरा त्रिवेणी चीनी मिल मार्ग पर दो किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा।

### पूर्व सांसद के कार्यों को लोगों ने याद किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने रविवार को बर्तन बाजार में शोकसभा प्रांतीय उपाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि कुंवर सर्वेश के आकस्मिक निधन पर समस्त व्यापारी समाज व नागरिक स्तब्ध हैं। उन्होंने व्यापारियों के हित में काम किया व परेशानियों का समाधान किया। हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें। इस दौरान अंबरीश अग्रवाल, प्रदीप रस्तोगी, नवीन रस्तोगी, हरीश, गोपाल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, संजय सहगल, प्रदीप गुप्ता, शरद चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

### नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी और पूर्व सांसद सर्वेश सिंह का पार्थिव शरीर बीती रात गांव रतुपुरा पहुंचते ही भाजपा नेताओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। जिसके बाद रविवार को अंतिम यात्रा में भी भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान आसपास के घरों की छतों से लेकर पेड़ों पर भी चढ़कर लोगों ने अपने नेता की अंतिम विदाई दी। लोगों ने पूर्व सांसद को नम आंखों से अंतिम विदाई दी। इस दौरान भाजपा की प्रदेश महामंत्री कांता कर्दम, एमएलसी सतपाल सिंह सैनी, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, केके मिश्रा, डॉ. विशेष गुप्ता, डीसीबी के चेयरमैन विजयभान सिंह, सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव समेत अन्य नेता भी पहुंचे।



पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह की अंतिम यात्रा में उमड़ा जन सैलाब। ● अमृत विचार



रतुपुरा में पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह की चिता को मुखाग्नि देते उनके पुत्र सुशांत सिंह। ● अमृत विचार

# भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह पंचतत्व में विलीन

## बढ़ापुर से विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने दी पिता की चिता को मुखाग्नि, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी रहे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद और लोकसभा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। गांव रतुपुरा में रविवार को दोपहर दो बजे उनका अंतिम संस्कार किया गया। बढ़ापुर से विधायक उनके पुत्र कुंवर सुशांत सिंह ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। इससे पहले राजकीय सम्मान के साथ उन्हें सलामी दी गई। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत कई मंत्रियों और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

दिल्ली स्थित एक अस्पताल में शनिवार को पूर्व सांसद का बीमारी से निधन हो गया था। शनिवार देर रात उनका पार्थिव शरीर ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव रतुपुरा में उनके पैतृक आवास पर लाया गया था। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राज्य की शिक्षामंत्री मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी समेत अन्य नेताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजिल दी। अंतिम संस्कार के दौरान जनसमुदाय ने जननेता को भावपूर्ण विदाई दी। अंतिम दर्शन के लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश सरकार में कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, संभल लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, नगर विधायक रितेश गुप्ता, सपा सांसद डॉ. एसटी हसन, शिक्षक विधायक डॉ. हरिसिंह ढिल्लो, राज्यसभा के पूर्व सदस्य वीर सिंह, भाजपा के महानगर अध्यक्ष समेत अन्य कई नेता पहुंचे। पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह के आकस्मिक निधन पर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने भी शोक व्यक्त किया है।



पूर्व सांसद सर्वेश सिंह के घर पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व अन्य। ● अमृत विचार

- नम आंखों से जनसमुदाय ने दी जननेता को भावभीनी विदाई
- प्रचंड धूप में भी नहीं डिगा लोगों का धैर्य, उमड़ा जनसमुदाय

### सर्वेश सिंह के निधन से पूरा भाजपा परिवार दुखी : बृजेश पाठक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मेरा मन बहुत दुखी है, पूर्व सांसद और हमारे भाजपा प्रत्याशी सर्वेश सिंह का निधन हो गया है। जिसके लिए पूरा भाजपा परिवार दुखी है, ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें और पूरे परिवार को दुख सहने की ताकत दें। पार्टी पूरी तरह से उनके परिवार के साथ खड़ी है। सर्वेश सिंह के निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। ये बातें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सर्वेश सिंह के अंतिम संस्कार के मौके पर कहीं।

### अंतिम विदाई देने पहुंचे राजपाल सिंह चौहान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के अंतिम संस्कार में धुर विरोधी भी उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। वह उनकी शव यात्रा में शामिल हुए और अंतिम संस्कार तक मौजूद रहे। राजनीति में पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह और पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान के बीच चल रही वर्चस्व की जंग काफी समय से जारी थी। इसकी चर्चा मुरादाबाद से लखनऊ तक हर खासोआम व राजनेताओं में भी आमतौर पर हुआ करती थी। लेकिन, कुंवर सर्वेश सिंह के निधन की खबर शनिवार को राजपाल सिंह मिली तो वह खुद का रोक नहीं पाए। रविवार को कुंवर सर्वेश सिंह के अंतिम संस्कार में सारे गिले शिकवे भुला अपने समर्थकों के साथ पहुंचे।

## अंतिम यात्रा में गूंजे सर्वेश सिंह अमर रहें के नारे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पूर्व सांसद और मुरादाबाद से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के अंतिम संस्कार के अवसर पर मौजूद विशाल जनसमुदाय ने कुंवर सर्वेश सिंह अमर रहें के नारे लगाए। यह नारा सर्वेश सिंह के किए गए कार्य को लेकर लगाया गया। लोग इस प्रकार विह्वल थे कि वे अपने नेता के अंतिम दर्शन करने में देरी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे थे। अपने जननेता को एक बार देख लेना चाह रहे थे। लेकिन, सबके लिए यह संभव नहीं था। प्रमुख-प्रमुख लोग ही उन तक पहुंच पा रहे थे। फिर भी लोग भरी दोपहरी में अपने नेता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने रतुपुरा गांव पहुंचे थे।

अंतिम संस्कार के समय भगवान सूर्य भी अपनी प्रचंड रश्मियों के साथ मौजूद रहे। लोग तप रहे थे, लेकिन उफ तक नहीं कर रहे थे। खाली खेत में बनी चिता पर जब शव रखा गया तो लोगों ने नारे लगाने शुरू कर दिए। उनके आवास से लेकर अंतिम संस्कार स्थल तक लोगों का तांता लगा रहा। सभी यही चर्चा करते रहे कि अब ऐसा जननायक फिर से आने वाला नहीं है। लोगों ने कहा कि जो भी मदद के लिए गया, उसकी उन्होंने हमेशा मदद की। सरकारी विभागों में फंसे रहने वाले लोगों के काम को भी पूरा कराया। अधिकारियों की लापरवाही कहीं से भी बर्दाश्त नहीं करते थे।

लोगों के लिए वे अधिकारियों से लड़ भी जाते थे। अपने विधानसभा क्षेत्र में लोगों को प्रधानमंत्री आवास, हैंडपंप, लोगों को मिलने वाली अनेक प्रकार की पेंशन दिलाने में पूरी मदद की। लोगों का यह भी कहना था कि अब वे किस नेता के पास अपने काम के लिए जाएंगे और कौन उनके काम को कराने की गारंटी देगा? अपने दबंग नेता के निधन से पूरा जनसमुदाय दुखी था। उनके घर और आसपास भारी जनसमुदाय उमड़ा हुआ था। सभी की आंखें नम थीं, वे कुछ कह रही थीं।

उनके सांसद और विधायक रहते किए गए कामों की ही चर्चा करते रहे। काफी ग्रामीण यह भी चर्चा कर रहे थे कि अब चुनाव का क्या होगा। इस पर कुछ लोग बता रहे थे कि अगर वह जीत गए तो फिर से चुनाव होगा, अगर हार गए तो चुनाव नहीं होगा। इस प्रकार की चर्चाएं आम रहीं।



पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह। ● अमृत विचार

### अंतिम संस्कार के समय सतर्क रहा पुलिस बल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पूर्व सांसद सर्वेश सिंह के अंतिम संस्कार के अवसर पर सलामी देने के लिए पुलिस बल तो मौजूद रहा ही, साथ में सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी पुलिस बल रतुपुरा में सतर्क दिखा। हालांकि विशाल जनसमुदाय को सुरक्षा देने के लिए यह पुलिस बल पर्याप्त नहीं था, लेकिन, जहां सब शांत हो वहां पर किसी सुरक्षा की क्या जरूरत।

## परिजनों को सांत्वना देने पहुंचीं अभिनेत्री जयाप्रदा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह के निधन पर उनके परिजनों को सांत्वना देने के लिए पूर्व सांसद व फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा भी उनके आवास पर पहुंचीं। उन्होंने उनके पुत्र सुशांत सिंह से भेंटकर ढांढस बंधाया। इसके साथ ही अंतिम संस्कार में जसवंत सैनी, सतपाल सिंह, परमेश्वरी लाल सैनी, समर पाल सिंह, विधायक नवाबजान खां, महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाध्यक्ष आकाशपाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल चौहान, अमित चौहान, अजय प्रताप सिंह, पूर्व विधायक विजय यादव, मोहम्मद उल्लाह चौधरी, संजीव सिंघल, गौरव चौहान, अजय प्रताप सिंह, अनुराग सिंघल, नरेन्द्र पाल सिह, राकेश गोयल, दिनेश पुठिया, ब्लाक प्रमुख के पति डॉ. वीर सिह सैनी, देवकीनंदन इंटर कॉलेज के प्रबंधक राधेश्याम शर्मा, भाजपा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान, महेंद्र सिंह, गौरव राजपूत समेत अनेक लोग अंतिम यात्रा में शामिल रहे। वहीं जसपुर के कांग्रेस विधायक आदेश चौहान ने भी शोक संवेदना व्यक्त की। इसके अतिरिक्त मुरादाबाद, बिजनौर, कांठ, बढ़ापुर, काशीपुर, रुद्रपुर, बरेली आदि क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

**ठाकुरद्वारा,डिलारी में बंद रहीं दुकानें:** ठाकुरद्वारा व डिलारी के दुकानदारों ने अपने नेता के शोक में पूरे दिन अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। पूर्व सांसद के आवास पर पहुंचकर अंतिम यात्रा में सम्मिलित होकर अंतिम विदाई दी। लोगों का कहना था कि हर किसी के दुख दर्द पर परेशानी में हर समय सम्मिलित होने वाला ऐसा नेता आज तक नहीं मिला है।



बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत सिंह से शोक संवेदना व्यक्त करतीं पूर्व सांसद व अभिनेत्री जयाप्रदा। ● अमृत विचार



अंतिम यात्रा में शामिल पूर्व सांसद वीर सिंह व पूर्व विधायक विजय यादव व अन्य।



अंतिम यात्रा के दौरान कुंवर सर्वेश सिंह को कुछ इस तरह विदाई देती महिला।



सलामी देते पुलिसकर्मी और अधिकारी। ● अमृत विचार

### वैभव आनंद शर्मा का अकादमी में हुआ सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** चाणक्य प्रतियोगिता अकादमी में सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता हाल ही में यूपीएससी परीक्षा पास करने वाले वैभव आनंद शर्मा रहे। वैभव ने आल इंडिया में 58वीं रैंक हासिल की। अपने ही महानगर से चयनित आईएएस से मिलना और उन्हें सुनना छात्रों के लिए अच्छा अनुभव रहा। वैभव ने छात्रों से कहा कि अगर एक-दो बार सलेक्शन नहीं होता है तो निराश नहीं होना है। देश का सर्वोच्च एग्जाम है ये समय भी लेता है। खुद का सिलेक्शन तीसरे प्रयास में हुआ है, इसलिए निराश नहीं होना है। वैभव ने टॉप 3 में जगह बनाने वालों को स्कॉलरशिप दी। 102 छात्रों ने स्कालरशिप टेस्ट दिया था। संस्थान के डायरेक्टर केतन गोयल ने मुख्य वक्ता वैभव आनंद शर्मा को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। प्रबंधक मुकेश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद की स्मृति में किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विश्व पृथ्वी दिवस की पूर्व संध्या पर प्रकृति सेवा समिति की ओर से नगर निगम की सहयोगी संस्था ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट (एआईआईएलएसजी) टीम के साथ भगवान महावीर स्वामी की जयंती व मुरादाबाद के कृतिशेष साहित्यकार माहेश्वर तिवारी व पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह की याद में कंपनी बाग में पौधरोपण किया गया।

संस्थापक व महासचिव पर्यावरण सचेतक नेपाल सिंह पाल नगर निगम, कोषाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी, शुभम कश्यप ने पौधरोपण में हिस्सा लिया। इस अवसर पर सभी स्थानीय निवासियों ने पौधों के संरक्षण के लिए संकल्प लिया। रविवार विश्व पृथ्वी दिवस से एक दिन पूर्व महानगर के दो कृतिशेष सुप्रसिद्ध साहित्यकार माहेश्वर तिवारी व राजनीति के दिग्गज पूर्व सांसद कुंवर सिंह सर्वेश सिंह की याद में कंपनी बाग में पौधरोपण किया। इस अवसर पर हर्ष त्रिपाठी ने कहा कि पौधरोपण और पौध संरक्षण कार्यसमाज के लिए एक अच्छी पहल है। धरा को हरा भरा बनाने व प्रकृति संरक्षण और संवर्धन के लिए भी प्रत्येक नागरिक को समय देने की बात कही। संजना ने कहा कि धरा को हरा भरा बनाना चाहिए क्योंकि इससे कहीं न कहीं हम प्रकृति पर्यावरण संरक्षण में सहयोगी बन सकते हैं। पर्यावरण सचेतक नेपाल सिंह पाल ने कहा कि हमें पौधरोपण के लिए अवसर तलाशने चाहिए। चाहें खुशी हो या गम आओ पौधे जरूर लगाएं।



माहेश्वर तिवारी व कुंवर सर्वेश सिंह की याद में पौधरोपण करते समिति के पदाधिकारी।

### प्राथमिक स्कूलों के शिक्षक घर-घर जाकर करेंगे अभिभावकों को जागरूक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत होने के साथ बच्चों के प्रवेश बढ़ाने की कोशिशें तेज कर दी गई हैं। शिक्षक बच्चों के घर-घर जाकर उनका पारिवारिक सर्वे कर रहे हैं। शिक्षकों को डाटा पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए गए हैं। शिक्षक उन बच्चों के परिवार का सर्वे करेंगे, जो किन्हीं कारणों से स्कूल से दूर हो चुके हैं। साथ ही उन्हें जागरूक भी करेंगे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा नामांकन हों, इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्कूलों को मॉडल स्वरूप में बदला जा रहा है। शासन ने परिवार सर्वेक्षण पूरा कर छात्र-छात्राओं का ब्योरा पोर्टल पर अपडेट करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ऐसे बच्चों की भी तलाश करेंगे, जो कुछ दिन स्कूल आने के बाद अचानक से आना बंद कर देते हैं। ऐसे बच्चों का डाटा पोर्टल पर अपलोड करना होगा। स्कूल न जाने वाले बच्चों के अभिभावकों से मिलकर उनका दोबारा पंजीकरण कराते हुए स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक घर के अलावा ईंट भट्ठा, घरों में काम करने वाले श्रमिक, मजदूर वर्ग, बाहर से आकर जिले में रहने वाले परिवारों के पास भी जाएंगे और उन्हें शिक्षा का महत्व बताएंगे।

## मतदान का वीडियो वायरल करने के आरोप में दो के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नागफनी थाना पुलिस ने की सेक्टर मजिस्ट्रेट की तहरीर पर कार्रवाई

**अमृत विचार:** बीते शुक्रवार को हुए लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान नागफनी थाना क्षेत्र स्थित इस्लामिया जूनियर हाईस्कूल मतदान केंद्र पर दो युवकों ने मतदान के समय ईवीएम की फोटो खींच कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। यह हाल तब हुआ जबकि मतदान कक्ष में मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित था। वायरल फोटो का संज्ञान लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट ने दोनों युवकों के खिलाफ नागफनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

लोकसभा चुनाव में सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता गवीश भारद्वाज को सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गवीश भारद्वाज के अनुसार 19 अप्रैल को नागफनी के किसरौल में बने सेक्टर-82 में इस्लामिया जूनियर हाई स्कूल मतदान केंद्र पर बूथ संख्या 290 से 293 तक में मतदान हुआ था। उनका कहना है कि मतदान के एक दिन बाद पता चला कि इस मतदान केंद्र पर नागफनी के ख्वाजा नगरी निवासी मतदाता अब्दुल गनी और बिजनौर निवासी आकाश बजरंगी ने मतदान के समय ईवीएम की फोटो खींच कर सोशल मीडिया पर वायरल की है। ऐसा करके दोनों ने मतदान की गोपनीयता को भंग किया है, साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता का भी उल्लंघन भी किया हैं। जबकि किसी को मतदान कक्ष में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं थी। इसके बावजूद इन दोनों ने मोबाइल लेकर मतदान कक्ष में प्रवेश किया और फोटो खींच कर वायरल की है। एसओ नागफनी चमन सिंह ने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट की ओर से मिली तहरीर के आधार पर आरोपी अब्दुल गनी और आकाश बजरंगी के खिलाफ लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों के खिलाफ आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### साप्ताहिक बाजार के कारण बंद रहती है बिजली आपूर्ति

**रहरा, अमृत विचार :** ढबारसी में करीब 10 वर्षों से गुरुवार को बिजली आपूर्ति बंद रहती है। ढबारसी में गुरुवार के दिन साप्ताहिक बाजार लगता है। यहां बाजार के पास 100 केवीए के दो ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। जिनकी सप्लाई के लिए हाईटेंशन लाइन बाजार से होकर गुजरती है। जनता की सुरक्षा को देखते हुए बाजार वाले दिन आपूर्ति बंद रहती है। जिससे कोई अप्रिय घटना न हो। ग्रामीण बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों से भी इस समस्या की गुहार लगा चुके हैं। अवर अभियंता एसके भारद्वाज ने बताया कि बिजली उपकेंद्र के नजदीक बाजार लगता है। बाजार में भीड़ अत्यधिक रहती है। इसलिए किसी के ऊपर कोई तार न गिर जाए। इसलिए सुरक्षा कारणों से गुरुवार के दिन बिजली आपूर्ति बंद रखनी पड़ती है।

### वीडियो पर कमेंट के मामले में आठ पर रिपोर्ट

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर अपलोड की गई वीडियो पर कमेंट करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा का है। गुरुवार को इंस्टाग्राम की वीडियो पर कमेंट करने में दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट और पथराव हुआ था। जिसमें दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गए थे। आठों घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया था। जहां उनका उपचार हुआ। जयपाल की तहरीर पर मंगला, किरनपाल, नरेंद्र, मनवाती एवं मंगल की तहरीर पर जयपाल, कुंवरपाल, अजय, रोहित पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाइ की जा रही है।

### गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली में लगी आग से नुकसान

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली में बिजली के तारों से टकराने से आग लग गई। आग से ट्रैक्टर-ट्राली में रखा गेहूं राख हो गया। पीड़ित किसान ने बताया कि हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोहरका निवासी किसान हरिचंद पुत्र कृपाल रविवार को खेत से गेहूं ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर ले जा रहे थे। तभी खेत के ऊपर से निकल रही विद्युत लाइन से ट्रैक्टर-ट्राली में भरा गेहूं टकरा गया और आग लग गई। आग से ट्रॉली में भरा गेहूं जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। पीड़ित किसान हरिचंद का कहना है कि आग लगने से उसका गेहूं जल गया और उसे हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।

### दिव्यांग युवक का शराब बेचने का वीडियो वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर दिव्यांग युवक का शराब बेचने का वीडियो वायरल हो रहा है। रविवार को सोशल मीडिया के व्हाट्सएप ग्रुपों पर एक वीडियो वायरल हुई। वायरल वीडियो में दिव्यांग युवक देशी शराब बेच रहा था। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो हसनपुर कोतवाली क्षेत्र की मनौटा पुलिस चौकी के गांव बसेड़ा खुर्द का है। जिला आबकारी अधिकारी ने इस मामले में बताया कि जानकारी मिली है। टीम का गठन कर मौके पर भेज कर कार्रवाई कराई जाएगी।

# भाजपा सरकार में किसान परेशानः मायावती

## बसपा सुप्रीमो ने कहा, क्षेत्रीय सांसद ने पार्टी और जनता से किया विश्वासघात

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



जनसभा में बोलतीं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती व मंच पर मौजूद अन्य लोग। ● अमृत विचार



बसपा की जनसभा में मौजूद पार्टी समर्थक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जोई के मैदान में रविवार को बसपा सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। मायावती ने कहा कि लोकसभा चुनाव बसपा देश में अपने दम पर लड़ रही है। पिछले चुनाव में बसपा प्रत्याशी को आपने सांसद बनाकर भेजा, लेकिन उन्होंने पार्टी और जनता के साथ विश्वासघात किया। आपका मान सम्मान नहीं किया और क्षेत्र में न ही विकास कराया। अब हमने उसके स्थान पर दूसरे मुस्लिम व्यक्ति को टिकट दिया है। सांसद ने विश्वासघात किया, लेकिन पार्टी ने मुस्लिम समाज के साथ विश्वासघात नहीं किया। अब पार्टी प्रत्याशी चौधरी मुजाहिद हुसैन को ज्यादा वोटों से जिताकर भेजना।

भाजपा सरकार में किसान परेशान हैं। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि जब-जब बसपा के नेतृत्व में यूपी में सरकार बनी। किसानों का विशेष ध्यान रखा। अमरोहा ढोलक कारीगरी के साथ-साथ किसानी के मामले में आगे है। यहां के किसानों और कारोबारियों का भाजपा ने ध्यान नहीं रखा। वर्तमान सरकार की जातिवादी सोच है। इसने गरीबों, मुस्लिम और आदिवासी लोगों पर ध्यान नहीं दिया। यह सरकार सरकारी कार्यों का निजीकरण कर अपने पूंजीपतियों को दे रही है। देश में दहशत का माहौल है। हिंदुत्व की आड़ में हो रही राजनीति अब खत्म होने की कगार पर है। देश की सीमाएं भी सुरक्षित नहीं है। यह पार्टियां साम, दाम, दंड, भेद करके चुनाव जीतने में लगी है। ईवीएम में गड़बड़ी की जाती है। इनके घोषणा पत्र से गुमराह नहीं होना है। यह पार्टियां चुनाव खत्म होने के बाद वादों को अमल में नहीं लाती है। हमारी पार्टी चुनाव घोषणा पत्र जारी नहीं करती है। पार्टी कार्य करने में ज्यादा विश्वास करती है। प्रदेश में चार बार सत्ता में रही, बसपा ने बिना घोषणा पत्र जारी किए बिना ही बहुत कुछ कार्य करके दिखाए है। केंद्र में हमारी सरकार बनती है तो अब तक रही सरकारों जैसा कार्य नहीं करेगी। कुछ हटकर या जैसे यूपी में कार्य किए ऐसा काम करेगी। जनसभा में लोग बसपा का झंडा लेकर पहुंचे और कार्यक्रम में कई बार नारेबाजी की। लोग मायावती के भाषण के दौरान भी पार्टी का झंडा लहराते रहे।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष सोमपाल सिंह, रणविजय सिंह, जाफर मलिक, शमशुददीन राईनी, फुरकान,नवैद अयाज, रामौतार आदि मौजूद रहे।

### सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

**अमरोहा, अमृत विचार :** जनसभा स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रही। अमरोहा-जोया रोड को वनवे कर कर दिया था। जनसभा स्थल पर जाने से पहले सभी लोगों की जांच की गई।

### हेलीकॉप्टर देखने को लगी भीड़

**अमरोहा, अमृत विचार :** बसपा सुप्रीमो का हेलीकाप्टर आसमान में दिखाई दिया तो कार्यकर्ता का उत्साह बढ़ गया और जनसभा में नारेबाजी होने लगी। अधिकांश लोग हेलीकाप्टर देखने के लिए हेलीपेड पर खड़े रहे।

## खास विक्रेता से कोर्स व ड्रेस खरीदने का दबाव न बनाएंः डीआईओएस

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिविनि ने सामाजिक कार्यकर्ता मनु शर्मा की शिकायत पर जनपद के निजी विद्यालयों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर अधिक फीस लेने, पहले से तय विक्रेता से कोर्स व ड्रेस लेने के लिए दबाव नहीं बनाने को कहा है।

आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जिला प्रभारी मनु शर्मा ने जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में कहा कि निजी विद्यालयों में पाठ्यक्रम बदलकर फीस वसूलने के साथ खास प्रकाशकों से महंगी पुस्तकें और स्कूल ड्रेस क्रय करने का अभिभावकों पर दबाव बनाया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रबंधकों/प्रधानाचार्यों को हिदायत दी है कि संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध शिकायत मिलने पर कार्रवाई भी होगी।

# बालाजी ज्योत की शोभायात्रा निकाली

संवाददाता, हसनपुर



पूजन करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी।

**आयोजन**

- शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने लोगों का मोहा मन
- शोभायात्रा का लोगों ने पुष्पवर्षा से किया स्वागत

**अमृत विचार :** श्रीराम जानकी बालाजी दरबार समिति द्वारा मेहंदीपुर बालाजी महाराज की ज्योत लाई गई। जिसकी नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ बालाजी महाराज की आरती उतार कर विधायक एवं पालिका के अध्यक्ष ने किया।

रविवार को नगर में ज्योत आगमन पर भक्तों द्वारा फूल बरसाकर स्वागत किया गया। इसके बाद मुख्य मार्गों पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ बालाजी महाराज की आरती करके विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने किया। शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने नगरवासियों का मन मोह लिया। शोभायात्रा में राधा कृष्ण, रास मंडल, शंकर तांडव, काली तांडव एवं बजरंग अखाड़ा के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। शोभायात्रा का कई स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। इस मौके पर मिथलेश शर्मा, अभिनव कौशिक, संजय शर्मा, अंकुर अग्रवाल, राजपाल चौहान, अशोक चौहान, संतोष पण्डित, महिपाल सिंह, नरमिंदर चौहान, विपिन गुर्जर, प्रदीप अग्रवाल, विक्रांत शर्मा, अनिल शर्मा, जगबीर सिंह मौर्य, दिव्यांश शर्मा उपस्थित रहे।

## पहले चरण के मतदान के बाद लौटीं डिपो की बसें

**अमरोहा, अमृत विचार :** 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए दूसरे डिपो से आई रोडवेज की बसों को अमरोहा डिपो तेल उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं पहले चरण के मतदान के बाद डिपो की बसें लौट आईं हैं।

अमरोहा डिपो के क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि लोकसभा चुनाव ड्यूटी में अन्य डिपो व अन्य जनपद से आईं रोडवेज की बसों को अमरोहा डिपो तेल उपलब्ध करा रहा है। चालक परिचालक को और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। चुनाव ड्यूटी में आए पेट्रोल वाले वाहनों को भी तेल दिया जा रहा है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि अमरोहा डिपो की चुनाव ड्यूटी में आठ रोडवेज की बसों को लगाया गया है, जबकि पहले चरण के चुनाव में 35 बसों को चुनाव ड्यूटी में भेजा गया था। पहले चरण का मतदान समाप्त होने के बाद बसें लौट आई हैं।

# जूता चुराई का नेग देने को लेकर मारपीट, पांच घायल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर निवासी दो बहनों के वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान जूता चुराई का नेग देने को लेकर दोनों पक्षों के बरातियों में कहासुनी और मारपीट हुई। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। सभी घायल कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाया। हालांकि लोगों द्वारा दोनों पक्षों में समझौता करा दिया और कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं हुई।

शनिवार को मोहल्ला लालबाग निवासी एक व्यक्ति की दो पुत्रियों की बरात आई थी। एक लड़की की बरात संभल एवं दूसरी की बरात उझारी से आई थी। दोनों बेटियों का शादी समारोह नगर के बैंक्वेट हॉल में था। जूता चुराई के दौरान दोनों दूल्हों से उनकी सालियां ज्यादा नेग मांग रही थीं। तभी संभल पक्ष के दूल्हे ने सालियों को 5000 रुपये का नेग दे दिया, जिस पर उझारी के बरातियों को अपमान लगा और इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बरातियों में मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। सभी घायल कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाने लगे। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। मारपीट के दौरान एक कार में भी तोड़फोड़ की गई जो पुलिस कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई। हालांकि इसके बाद गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दोनों पक्षों को बैठाकर समझौता कर दिया गया। इसके बाद कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मारपीट की सूचना पर पुलिस को भेजा गया था, लेकिन किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

## चुनाव के प्रशिक्षण से 15 कर्मचारी रहे अनुपस्थित

**अमरोहा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में लगाए गए पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण के आखिरी दिन 15 कर्मचारी अनुपस्थित रहे। सभी को नोटिस जारी कर 23 को होने वाले प्रशिक्षण में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

पीडी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने बताया कि अंतिम दिन प्रशिक्षण में 15 कर्मचारी अनुपस्थित रहे। सभी को नोटिस दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक की ट्रेनिंग में जितने भी कर्मचारी अनुपस्थित रहे हैं। उनको एक मौका और दिया गया है। सभी को 23 अप्रैल को होने वाली ट्रेनिंग में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को एक पाली में ही कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई थी। जबकि अब तक दो पाली ट्रेनिंग दी जा रही थी।

# अधिकतम तापमान 37 डिग्री बाहर निकलने से बच रहे लोग

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** पिछले एक सप्ताह से जैसे आसमान से आग बरस रही है। गर्म हवा के थपेड़े बदन झुलसा रहे हैं। मौसम के तेवर देख दोपहर को लोग अपने घरों से निकलने में कतराने लगे हैं।

रविवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक जा पहुंचा। इससे सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। अब लोगों ने पंखे व कूलर का भी प्रयोग करना शुरू कर दिया है। सुबह के समय नौ बजे ही सूरज आग उगलने लगता है। दिन चढ़ने के साथ गर्म हवा बदन झुलसा रही है। तपिश के कारण दोपहर को लोगों का बाहर निकलना कम हो गया है। जिससे दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा नजर आने लगता है। इस गर्मी में हीट स्ट्रोक की चपेट में आने का खतरा बढ़ना शुरू हो गया है।



गन्ने का रस पीता राहगीर।

### गन्ने के जूस की दुकानों पर उमड़ रही भीड़

शहर में जगह-जगह गन्ने के जूस की दुकान खुल गई है। लोग पिछले 10 दिनों से इन दुकानों पर गन्ने के जूस को पीने के लिए पहुंच रहे हैं। ताकि गर्मी से कुछ राहत मिल सके। दोपहर में घर से बाहर निकलने समय लोग अब गमछे का भी प्रयोग कर रहे हैं।

# लोकतंत्र में मजबूत सरकार के लिए एक-एक वोट का महत्व

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** जैसे-जैसे मतदान का दिन करीब आ रहा है, मतदाताओं में उत्साह दिखने लगा है। लोगों का कहना है कि मतदान की ताकत हमें हमारे संविधान से मिली है। यह सभी भारतीय नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है। देश में राज नेताओं के हाथ में नहीं बल्कि जनता के हाथ में है, जनता को सांसद चुनकर भेजने का अधिकार मिला है। हमारा वोट हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है। लोगों ने अपील करते हुए कहा कि 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में योगदान मतदान करके जरूर दें। हमारा एक मत लोकतंत्र को मजबूत तो बनता ही है, साथ में हम अपने पसंद के उम्मीदवार का चयन करने के साथ अपने बेहतर भविष्य निर्माण वाली सरकार का चुनाव करते हैं। लोगों ने प्रबुद्ध वर्ग से भी मतदान अपील की।



स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चुनाव में प्रत्येक मतदाता भाग ले। लोकतंत्र के लिए एक-एक वोट अमूल्य है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए।
**-सुरेंद्र सिंह आर्य, अध्यापक**



मतदान हमारा अधिकार ही नहीं हमारा कर्तव्य है। हमारा प्रत्येक वोट देश हित में होना चाहिए। लोकतंत्र में सबसे बड़ी शक्ति हमारा मत है। हमारा एक-एक वोट देश के भविष्य की नींव रखता है। हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए जो जनता के बीच रहे और जनता की सेवा करे।
**-अनुज नागर, जिला उपाध्यक्ष, भाकियू शंकर**

**रायशुमारी** युवाओं ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में काम कराने की मांग की

# जनता के बीच रहकर क्षेत्र का विकास करने वाला हो सांसद

संवाददाता, गजरौला

- शहर में ट्रामा सेंटर न होने से मरीजों को होती है दिक्कत
- कहा-सांसद के एजेंडे में शिक्षा और खेलकूद भी हो

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के शोर के बीच युवा मतदाताओं की निगाह खेलकूद, पढ़ाई के साथ रोजगार की ओर भी टिकी है। राजनैतिक दलों और उनके प्रत्याशियों ने पिछली बार भी लोकसभा चुनाव में कई वादे किए थे। लेकिन युवाओं को धरातल पर ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला है।

इस बार युवा वर्ग दावों और वादों को पूरे ध्यान से सुन रहा है। युवा वर्ग निर्दलीय प्रत्याशियों को भी दरकिनार नहीं कर रहा है। ऐसे में जागरूक युवाओं के मतदान का रुझान भी चुनावी नतीजों को प्रभावित करने में अहम भूमिका निभा सकता है। शहर के युवाओं ने खेलकूद के साथ ही शिक्षा, रोजगार को अपने चुनावी एजेंडे में शामिल करने की बात कही। युवाओं ने कहा कि प्रत्याशियों ने पिछली बार ट्रामा सेंटर के भी वादे किए, लेकिन शहर में अभी तक ट्रामा सेंटर नहीं बन सका है। ऐसे में मरीजों की हालत गंभीर देख मेरठ के लिए रेफर किया जाता है। गजरौला से मेरठ की दूर लगभग 70 किलोमीटर है। जिससे मेरठ पहुंचने में कई मरीजों की जान तक चली जाती है। सांसद ऐसा हो जो वादे चुनाव में करे तो वह धरातल पर भी पूरा करे। बिना किसी भेदभाव के जनता के बीच रहकर समस्याओं का समाधान करें। युवाओं ने कहा सबको साथ लेकर चलने वाला होना चाहिए। सांसद सबको साथ लेकर चलेगा तो क्षेत्र के विकास में आसानी होगी।



सांसद युवाओं के बारे में ध्यान रखने वाला होना चाहिए। बिना किसी भेदभाव के युवाओं की समस्याओं का समाधान करने वाला हो। बेरोजगारों को रोजगार दिलाने वाला हो। तभी क्षेत्र का विकास हो सकेगा।
**-विशाल कुमार**



सांसद ऐसा हो जो शहर में ट्रामा सेंटर स्थापित करने वाला हो। बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र का विकास करे और सबको साथ लेकर चलने का काम करे। समस्याओं का निराकरण होना चाहिए।
**- योगेश कुमार**



सांसद शिक्षा की ओर ध्यान देने वाला हो और युवाओं के भविष्य के बारे में सोच रखने वाला होना चाहिए। बिना किसी भेदभाव के सभी को साथ लेकर चलने वाला होना चाहिए। गजरौला में ट्रामा सेंटर की भी जरुरत है। इसकी पूर्ति की जाए।
**- शिवम कुमार**



हमारा सांसद के जनता के बीच रहकर समस्याओं का समाधान करने वाला हो और शिक्षा के क्षेत्र में ध्यान देना वाला हो। क्षेत्र में युवाओं के बेहतर शैक्षिक भविष्य के लिए इंजीनियरिंग या मेडिकल की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने वाला हो।
**- ज्योति सिंह**

## सार-संक्षेप



भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

### भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

**संवाददाता, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रामचंद्र कन्नौजिया व क्षेत्रीय अध्यक्ष फूल सिंह का सिद्धार्थ शिक्षा संस्थान में चांदी का मुकुट पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। प्रदेशाध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष ने भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन की बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने दलित व पिछड़े वर्ग को आगे बढ़ाने और सम्मान देने का काम किया है। इस बार 400 पार का नारा बुलंद करते हुए भाजपा की सरकार बनेगी। इस अवसर पर संस्थान प्रबंधक रविराज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश प्रधान, होशियार सिंह दिवाकर, अंकुर दिवाकर, नरेन्द्र सिंह, दीपक कुमार, संजय सिंह, प्रमोद, रोहताश राणा आदि मौजूद रहे।

### हाईस्कूल में गुंजन ने 80.16 प्रतिशत अंक से स्कूल टॉप किया

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुरुषोत्तम शरण राममूर्ति सरस्वती कन्या इन्टर कॉलेज हसनपुर में हाईस्कूल की छात्रा गुंजन ने 80 .16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अंजली ने 76 .16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सुहानी ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, दूसरी ओर इंटर में स्नेहा ने 91 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्षा ने 85 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साक्षी ने 82 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंकिता शर्मा ने मेधावी छात्राओं का मिठाई खिलाकर उत्साह बढ़ाया। विद्यालय में समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने मेधावी छात्राओं को बधाई देकर उनका उत्साह बढ़ाया।



बुरावली में रोड शो करते जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर। ● अमृत विचार

### जिपं अध्यक्ष का पुष्पवर्षा से किया स्वागत

**बुरावली, अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने अमरोहा से लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में रविवार को विभिन्न गांवों में रोड शो किया। रोड शो हसनपुर से शुरू होकर गांव मंगरौला, रुस्तमपुर, गंगवार, बुरावली, चंदनपुर, छपना, सिरसा, दढ़ियाल, जीवपुर, रहरा से होते हुए कई गांवों में निकाला गया। रोड शो में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी, पिंटू भाटी आदि मौजूद रहे। रोड शो का विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। ग्रामीण इलाके में रोड शो कर भाजपा को वोट देने की अपील की गई। इस दौरान सेक्टर संयोजक सरोज गुर्जर, कलवा, लखन सिंह, सोमपाल, महिपाल, सुरेंद्र सिंह आर्य, लाला, गंगा शरण, महेंद्र सिंह तंवर, सुभाष, प्रधान सतपाल आदि लोग उपस्थित रहे।



रहरा में मुख्यमंत्री की जनसभा के लिए बनाया जा रहा पंडाल। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री की जनसभा की तैयारियां जोरों पर

**रहरा, अमृत विचार :** 23 अप्रैल को होने वाली मुख्यमंत्री की जनसभा की तैयारियां तेजी के साथ चल रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रहरा के श्री प्रकाश वीर शास्त्री इंटर कॉलेज में भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के लिए जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव संपर्क कर रहे हैं। जनसभा स्थल पर पंडाल बनाने का काम चल रहा है। उधर, पुलिस की निगरानी में हेलीपैड बनाने का कार्य भी शुरू हो चुका है।



पालकी निकालते जैन समाज के लोग। ● अमृत विचार

### भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर निकाली पालकी

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** महावीर स्वामी जयंती पर शहर के प्रमुख मार्गों से भगवान महावीर की पालकी निकाली गई। रविवार को जैन समाज के लोगों ने महावीर स्वामी की जयंती पर शहर के प्रमुख मार्गों से पालकी निकाली गई। इसका आरंभ मुहल्ला हरदेव बाजार स्थित जैन मंदिर से हुआ। पालकी की शोभायात्रा अग्रसेन बाजार, पुराना स्टेट बैंक तिराहा, कटरा, तिकोना स्कूल को होती हुई मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हो गई। यहां आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इसमें समाज के लोग णमोकार मंत्र का जाप करते करते हुए पालकी कंधे पर लेकर चल रहे थे। इस मौके पर महावीर जैन, कौशल जैन, जीवन जैन, अनिल जैन, नीरज जैन, प्रेम जैन, इंदर जैन आदि मौजूद रहे।

### यातायात नियमों का पालन न करने पर 324 का चालान

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले में ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस ने शनिवार को 324 वाहनों के चालान किए हैं। ट्रैफिक इंचार्ज विनोद कुमार बाजपेई ने बताया कि 24 घंटे में जिले के सभी क्षेत्र और मार्गों पर ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर 324 वाहनों के चालान कर जुर्माना वसूला।

### ढबारसी में लगे 250 केवीए के दो ट्रांसफार्मर



नए ट्रांसफार्मर लगने पर मिठाई खिलाते लोग।

**आदमपुर, अमृत विचार :** कस्बे में बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर समाजसेवी तसलीम अहमद उर्फ मोनी चौधरी ने कई बार वरिष्ठ अधिकारियों और विभागीय मंत्रियों से चर्चा की थी। जिसके चलते रविवार को कस्बे में अधिक क्षमता के दो ट्रांसफार्मरों को लगाया गया है। एक ट्रांसफार्मर बिजलीघर के पास रखा गया, तो दूसरा ट्रांसफार्मर गुरुवार बाजार में लगाया गया है। समाजसेवी तसलीम अहमद उर्फ मोनी चौधरी ने बताया कि रविवार को बिजली विभाग द्वारा 250 केवीए के दो ट्रांसफार्मर गांव में लगाए गए हैं। इस अवसर पर दिनेश त्यागी, मुशाहिद चौधरी, महफूज शेख, आदि चौधरी, यासिर चौधरी, अयाज अहमद, उस्मान चौधरी, नन्हे, साकिब, एहसान अहमद आदि मौजूद रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में पशु चिकित्सक समेत दो की मौत

## संभल-मनोटा मार्ग पर गांव महमूदनगर और अकबरपुर गहरा के बीच हुआ हादसा

संवाददाता, संभल/असमोली

**अमृत विचारः** असमोली क्षेत्र में संभल मनोटा मार्ग पर बाइकों की आमने सामने से भिड़ंत में पशु चिकित्सक समते दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

गांव भूडा बेगमपुर निवासी जसवीर (30) रविवार को गांव के ही मंगल सिंह को साथ लेकर बाइक पर सवार होकर गांव मनोटा की ओर से आ रहा था। इस दौरान ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव सिरोली निवासी पशु चिकित्सक श्याम त्यागी (45) बाइक से असमोली से अपने घर जा रहे थे। संभल मनोटा मार्ग पर गांव महमूदनगर व अकबरपुर गहरा के बीच जसवीर व श्याम त्यागी की बाइकें आपस में भिड़ गईं। इस हादसे में श्याम त्यागी, जसवीर और मंगल सिंह घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने जसवीर व श्याम त्यागी को मृत घोषित कर दिया और मंगल सिंह को भर्ती कर उपचार किया।

मौत की सूचना मिलने के बाद श्याम व जसवीर के परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन मौके पर आ गए। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए हैं।



हादसे के बाद अस्पताल में लोगों से जानकारी लेते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



जसवीर



श्याम सिंह

● हादसे में एक व्यक्ति घायल सीएचसी में भर्ती कराया

### हादसे में ई-रिक्शा चालक समेत पांच घायल

**धनारी, अमृत विचार :** गांव भकरौली निवासी चालक राजेश कुमार रविवार को गांव के ही विजय कुमार उसकी पत्नी संतोष, मनोज कुमार व उसकी पुत्री ऋतु को ई-रिक्शा में बैठाकर बबराला जा रहा था। आगरा मुरादाबाद मार्ग पर गांव भकरौली के पास स्थित होटल के पास पीछे से ई-रिक्शा में टक्कर मारने के बाद कार सड़क किनारे खड़े पेड़ में घुस गई। ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। राजेश, विजय कुमार, संतोष, ऋतु व मनोज कुमार ई-रिक्शा के नीचे दबकर घायल हो गए। चालक कार मौके पर ही छोड़कर भाग गया।

### तीन लोगों की मौत से दो परिजनों में कोहराम

**बहजोई, अमृत विचार :** सड़क हादसे में दो परिवारों के तीन लोगों की मौत से कोहराम मच गया है। परिवारों में खुशियां मातम में बदल गई हैं। कार व बाइक की टक्कर से पति प्रवेश की मौत की खबर जैसे ही पत्नी दीपा को मिली तो वह बेसुध हो गई। जानकारी मिलते ही परिवार के अन्य लोगों के साथ बहजोई पहुंचीं। यहां दीपा ने अपने पति का शव देखा तो वह बिखलने लगी। नानी श्यामा देवी की मौत से नातिन संगम का भी रो रोकर बुरा हाल था। मौके पर मौजूद पहुंचे अन्य ग्रामीण भी गमगीन दिखाई दिए। संगम ने बताया कि वह एक रिश्तेदारी में शामिल होकर घर लौट रहे थे। तभी यह हादसा हुआ। परिजनों ने बताया कि प्रवेश परिवार के लोगों के साथ कादराबाद मंदिर में जात लगाने जा रहा था। इस संबंध में कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि बाइक में टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें पांच लोग घायल हुए थे। कार चालक व बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई है। तीनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। तहरीर मिलने के बाद मामला दर्ज कर लिया जाएगा।



प्रवेश



श्यामा



अनमोल

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की गई जान

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में मोहम्मदपुर टांडा व पंवासा मार्ग पर ट्रक की टक्कर से अपने भाई के साथ जा रही बाइक सवार महिला की मौत हो गई। गांव धनैटा निवासी अशोक रविवार दोपहर साढ़े तीन बजे कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मुड़या निवासी अपनी बहन सोमवती (50) को छोड़ने उसकी ससुराल जा रहा था। अशोक बाइक लेकर जैसे ही मोहम्मदपुर टांडा व पंवासा मार्ग पर गांव नगला खोकर के पास पहुंचा। पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे सोमवती सड़क पर गिर गई और ट्रक का पहिया उन पर चढ़ गया। पुलिस ने चालक को पकड़कर ट्रक कब्जे में ले लिया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने सोमवती को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि चालक को हिरासत में लेकर महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



छात्रा की मौत के बाद रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

# दबथरा में हाईटेंशन लाइन के करंट से छात्रा की मौत

संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में टूटे हाईटेंशन लाइन के तार के करंट की चपेट में आकर सरकारी स्कूल में कक्षा आठ की छात्रा की मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



गांव दबथरा श्याम निवासी रोहताश रविवार सुबह खेत पर बेटी वीरवती (17) को लेकर भूसा इकट्ठा करने के लिए पहुंचा। इसके बाद रोहताश सीढ़ी लेने के लिए वापस आ गया। पड़ोस में नलकूप से वीर सिंह के निजी ट्यूबवेल के लिए हाईटेंशन लाइन जा रही है। सुबह सात बजे इसी लाइन का तार टूटकर गिरन से हरिओम के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। वीरवती ने डंडे से आग बुझाने का प्रयास किया। इस खेत के तारों ओर तारकशी हुई थी। टूटे हाईटेंशन तार से तारकशी में भी करंट प्रवाहित हो गया। इसकी चपेट में वीरवती आ गई। पास में गेहूं की फसल काट रहे उमेश और अमरीश मौके पर पहुंचे, लेकिन वीरवती को नहीं बचा सके। वह झुलस गई। बाद में ग्रामीणों और परिजनों ने बिजली विभाग को सूचना देकर आपूर्ति रुकवाई। लेकिन तब तक वीरवती की मौत हो चुकी थी। बाद में परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के उसके शव का असदपुर गंगाघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। बिजली विभाग के अवर अभियंता सोरन सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। लाइनमैन को भी मौके पर भेजा था। घटना की वजह इंसुलेटर बस्ट होना रहा। जिससे तार टूटकर गिर गया।

## एक नजर

### पशुशाला में युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में युवक ने पशुशाला में रस्सी के फंदे से लटककर जान दे दी। परिजनों ने बिना कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। गांव सिकरौरा खादर निवासी 32 वर्षीय युवक रविवार को घर अकेला था। उसकी पत्नी खेत पर गेहूं की फसल काटने के लिए गई थी। सुबह 11 बजे पत्नी वापस घर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। दरवाजा खटखटाने के बाद भी नहीं खुला तो महिला ने दीवार में बने छेद से देखा। पशुशाला में रस्सी के फंदे से युवक लटक रहा था। लोग दरवाजे को तोड़कर अंदर पहुंचे। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। लोगों ने शव को नीचे उतारा। बताया गया कि युवक शराब पीने का आदी था। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह की घटना की कोई जानकारी नहीं है।

### गांव धनीपुर में बाइक से गिरकर महिला घायल

**संभल/जुनावई अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव नगला चतुरभानपुर निवासी नेत्रपाल शनिवार शाम पत्नी कुसमा (30) के साथ जनपद बदायूं के थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव रसूलपुर कला में साली की शादी में शामिल होने गया था। रविवार को दंपती बाइक पर सवार होकर गांव लौटने लगा। जुनावई क्षेत्र में बदायूं-मेरठ हाईवे पर गांव धनीपुर में ईंट भट्ठे के पास बाइक में कुसमा की साड़ी फंस गई तो बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक से नीचे गिरकर कुसमा घायल हो गईं। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टर ने उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### सांड़ के हमले से घायल किसान की मौत

**बहजोई, अमृत विचार :** गांव रफीपुर निवासी किसान यशवीर (24) एक माह पहले अपने खेत पर गेहूं फसल की रखवाली कर रहा था। तभी सांड़ ने उस पर हमला कर दिया था। एक माह के बाद रविवार को किसान ने उपचार के दौरान बरेली के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। उसका शव जैसे ही घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। बाद में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# प्रसव के बाद महिला की मौत, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के निजी अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया।

चाचू नागल गांव निवासी प्रवेश की गर्भवती पत्नी गविता की हालत बिगड़ी तो शनिवार को परिजनों ने उसे प्रसव के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर दूसरे निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। हसीना बेगम अस्पताल में महिला ने बेटे को जन्म दिया। रक्तस्राव अधिक होने के कारण महिला की हालत बिगड़ी तो डाक्टरों ने गविता को वेंटिलेटर पर रख दिया।

परिजनों का आरोप है कि रात किसी समय महिला की सांसे रुक गईं। लेकिन अस्पताल का स्टाफ महिला के जीवित होने की बात कहता रहा। रविवार को डिस्चार्ज की मांग की गई लेकिन अस्पताल स्टाफ ने डिस्चार्ज नहीं किया। इस पर परिजन भड़क गए और हंगामा किया। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि इस मामले को लेकर कार्रवाई के लिए तहरीर नहीं दी गई है।



अस्पताल में महिला की मौत के बाद लोगों से जानकारी लेते दरोगा। ● अमृत विचार

### बिजली के तार से टकराई ट्रैक्टर-ट्रॉली गेहूं का लांक जला

**संभल/कैला देवी अमृत विचारः** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव लहरारतू में रविवार को धीरेन्द्र गेहूं की फसल की कटाई के बाद ट्रैक्टर ट्राली में लांक लादकर अपने घर ला रहा था। ट्रैक्टर खेत से कुछ ही दूर आगे निकला तभी सड़क के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन से लांक टकरा गया। जिस समय यह घटना हुई बिजली आ रही थी। ऐसे में बिजली लाइन में फाल्ट हुआ और ट्रैक्टर ट्रॉली में लदे गेहूं के लांक आग लग गई। ट्रैक्टर पर बैठी सोमेश की पत्नी पुष्पा देवी ने नीचे कूद कर अपनी जान बचाई।

# तीन किलोमीटर की दौड़ में भरत प्रथम

संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** ब्लाक क्षेत्र स्थित सिंहपुर सानी मिनी स्टेडियम में एक किलोमीटर व 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

गांव सिंहपुर सानी स्थित मिनी स्टेडियम में रविवार को दौड़ प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने भाग लिया। तीन किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता में गांव सुजातपुर निवासी भरत ने प्रथम, गांव महमूदपुर इम्मा निवासी अर्जुन ने द्वितीय और गांव चमरौआ निवासी कौशल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में गांव खग्गूपुरा निवासी रफाबुल हसन प्रथम, गांव कुरकावली निवासी गौरव द्वितीय और गांव शरीफपुर निवासी सनी को तृतीय स्थान मिला। विजयी खिलाड़ियों को ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भाकियू शंकर के उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, राष्ट्रीय खिलाड़ी व तीरंदाजी अकादमी के कोच वरुण धनौवा, धीरेद्र सिंह, राजवीर सिंह, होमपाल सिंह, सौरभ कुमार, ऋषिपाल चौधरी, चमन भाटी, विपिन सैनी आदि मौजूद रहे।



सिंहपुर सानी में विजेता खिलाड़ियों के साथ मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार



मनोरमा राघव आदर्श इंटर कॉलेज में मेधावी छात्रा को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

# मनोरमा कॉलेज में मेधावी को किया गया सम्मानित

संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** पंवासा स्थित मनोरमा राघव आदर्श इंटर कॉलेज में रविवार को यूपी बोर्ड परीक्षा में टॉपर करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान संचालक अवधेश राघव ने बताया कि स्कूल में कक्षा इंटर मे 432 छात्राओं में से 421 बच्चे उत्तीर्ण हुए। इनमें प्रथम श्रेणी में 212, द्वितीय श्रेणी में 176 छात्र उत्तीर्ण हुए। हाईस्कूल में 368 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। इनमें 355 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इसमें 340 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजीव कुमार यादव ने टॉपर छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस दौरान कॉलेज के अध्यापक सुभाष चंद्र, सुरेश कुमार, सचिन शर्मा, सुभाष चंद्र सिंह, श्री ओम राघव, आशीष राघव, इंद्रपाल सिंह, अरुण कुमार, अर्जुन सिंह, दिनेश कुमार आदि रहे।

# शोभायात्रा में झांकियों ने मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में सरायतरीन में रविवार को शोभायात्रा निकाली गई। इसमें शामिल झांकियों ने मन मोह लिया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

सरायतरीन के मोहल्ला शाहजीपुरा में भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी और चरन सिंह भारती ने शोभायात्रा का आरंभ किया। शोभायात्रा मोहल्ला शाहजीपुरा से हयातनगर, आंबेडकर गेट, चामुंडा मंदिर, बीडी इंटर कॉलेज, बाजार गंज सरायतरीन, बजरिया, लाल मस्जिद होते हुए पुलिस चौकी सरायतरीन, पीला खदाना से होकर बहजोई मार्ग पर डॉ.आंबेडकर पार्क पहुंची। जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शोभायात्रा में डॉ. भीमराव आंबेडकर, गौतमबुद्ध समेत अन्य झांकियां शामिल रहीं। इस दौरान भगवानदास, देवेन्द्र सागर एडवोकेट, शुभम बौद्ध, संजय सागर, कपिल एडवोकेट, अन्नू दयाल भारती, रामचन्द्र, विजयपाल, शिवकिशोर गौतम, सुरेश अटल आदि रहे। शोभायात्रा में थाना प्रभारी हयातनगर संत कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



सरायतरीन में आंबेडकर शोभायात्रा में शामिल झांकी । ● अमृत विचार

### हयातनगर में भी निकली शोभायात्रा

**संभल, अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति की ओर से हयातनगर पूर्वी वार्ड तीन के मोहल्ला आंबेडकर गेट से शोभायात्रा निकाली गई। इसका आरंभ दिनेश जाटव ने किया। शोभायात्रा सरायतरीन में पक्का बाग पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में बाबा साहेब, भगवान बुद्ध, भारत माता, ज्योतिबाफूले की झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान समिति अध्यक्ष अन्नू दयाल भारती, सभासद मंजू देवी, हिमांशु गौतम, आशाराम, विजयपाल, देवीसरन, सुदेश, अमरीश एडवोकेट, अतर सिंह एडवोकेट, चेतन आदि रहे।

### मेले में 3391 मरीजों का निशुल्क उपचार हुआ

**संभल, अमृत विचार :** जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और चार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3391 मरीजों का निशुल्क उपचार हुआ। 153 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए।

स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मेले में 42 डॉक्टरों और 111 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 1358 पुरुषों, 1211 महिलाओं और 822 बच्चों का निशुल्क उपचार किया। 117 लोगों के एंटीजन टेस्ट किए गए। इन सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई। 153 लाभार्थियों के आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और सामग्री के लिए काउंटर लगे। आयुष विभाग के डॉक्टरों ने सहयोग किया। सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा, एसीएमओ डॉ. पंकज कुमार विश्नोई, अपर शोध अधिकारी महेश गौतम, डीपीएम एनएचएम संजीव कुमार राठौर, डीसीपीएम अरबाब मेहंदी ने निरीक्षण किया।



पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर नक्शा देखते चुनाव प्रेक्षक। ● अमृत विचार

# पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष करने को लेकर सामान्य प्रेक्षक अमित कुमार ने वेयरहाउस में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

प्रेक्षक यूपी स्टेट वेयर हाउस स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने डीएम मनीष बंसल व अन्य अधिकारियों से ईवीएम रखने को लेकर जानकारी ली। कहा कि निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार, स्ट्रांग रूम, बैरिकेडिंग, कॉलम पेंटिंग की व्यवस्था की जाए। स्ट्रांग रूम में कोई भी खिड़की, रोशनदान न हो। प्रेक्षक टिकटा रोड स्थित नवीन पुलिस लाइन में बनाए गए पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर पहुंचे। उन्होंने पोलिंग पार्टियों को रवाना किए जाने को लेकर रूट चार्ट देखा। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एएसपी अनुकृति शर्मा, दीपक चौधरी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

**व्यवस्था** — मतदान की तिथि से पहले तैयारी पूरी करने का प्रयास जारी

# मतदान केंद्रों पर पानी और शौचालय की सुविधाओं का टोटा

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

**अमृत विचार :** जिले में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। लेकिन अभी कई मतदान केंद्रों पर सुविधाओं का टोटा है। हालांकि प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जा रही हैं। व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं होने से मतदान कार्मिकों व मतदाताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

लोकसभा चुनाव को लेकर जहां प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने में जुटे हैं। जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं कराई रही हैं लेकिन अब भी कई मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां अभी तक सुविधाएं नहीं हो सकी हैं। अमृत विचार समाचार पत्र की टीम ने विकास खंड पंवासा क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों के मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं को लेकर पड़ताल की। इसमें प्राथमिक विद्यालय नूरपुर में पानी टंकी व शौचालय खराब मिले। यहां नए शौचालयों का निर्माण अधूरा है। गांव चाचू नागल के प्राथमिक विद्यालय के शौचालय में गंदगी पसरी हुई है। पेयजल के नाम पर हैंडपंप है। नए शौचालय निर्माण और टंकी का कार्य अधूरा है।




सौंधन के गौंहत मतदान केंद्र पर निर्माणाधीन शौचालय।



नूरपुर ततारपुर में मतदान केंद्र की स्थिति। ● अमृत विचार

### गौंहत में टंकियां खराब, शौचालय में गंदगी

**सौंधन, अमृत विचार :** गौंहत स्थित कम्पोजिट विद्यालय में दो हैंडपंप लगे हैं। शौचालय गंदगी से अटे हुए हैं। यहां टंकियां खराब हैं। पानी का टैंक खाली रखा है। नए शौचालय का निर्माण चल रहा है। हालांकि प्रशासन का प्रयास है कि मतदान की तिथि से पहले ही तैयारियां पूरी करा ली जाएं लेकिन ऐसा नहीं हो सका तो दुश्वारियां सामने आ सकती हैं।

### मारपीट व पथराव में तीन लोग हुए घायल

**संभल, अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र में घर से जलनिकासी के लिए पाइप रास्ते में दबा रहे पिता पुत्रों के साथ मोहल्ला के ही व्यक्ति ने मारपीट की। परिजनों के साथ मिलकर छत से पथराव किया। इससे पिता पुत्रों सहित तीन लोग घायल हो गए। गांव सलारपुर कला निवासी रौनक अली रविवार को घर से पानी की निकासी के लिए रास्ते में पाइप दबा रहे थे। मोहल्ले ने एक व्यक्ति इसका विरोध किया। इसे लेकर रौनक अली व व्यक्ति के बीच गाली गलौज हो गई। व्यक्ति लाठी डंडों से हमला कर दिया। पिता को बचाने पहुंची रौनक अली की बेटी ऊजमा को धक्का देकर नीचे गिरा दिया। इससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद आरोपी व्यक्ति अपने परिजनों सहित छत पर पहुंचा और पथराव कर दिया। इससे रौनक अली, उसका बेटा अरमान व सलमान घायल हो गए।

# गणेश कॉलोनी के लोगों ने दी चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के बहिष्कार को लेकर गणेश कॉलोनी में फ्लैक्सी लगा दी गई। जब चर्चा हुई तो एक दिन बाद फ्लैक्सी उतार ली। यहां के नागरिक कॉलोनी में विकास नहीं होने से नाराज हैं।

शहर के सीता रोड पर गणेश कॉलोनी में 16 हजार से अधिक लोग निवास करते हैं। यहां सात हजार से अधिक मतदाता हैं। दो दिन पहले गणेश कॉलोनी की गली नंबर 6-ए में दो-तीन फ्लैक्सी लगा दी गई। इन पर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का संदेश लिखा था। इसमें मतदाताओं ने चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी थी। हालांकि शनिवार को फ्लैक्सी उतार ली गई। बताया कि गणेश कॉलोनी में सड़क, नालियां, विद्युत पोल आदि का अभाव है।

सात मार्च को होने वाले चुनाव बहिष्कार की फ्लैक्सी को लेकर चर्चा जारी है। एसडीएम नीतू रानी ने बताया कि अभी मेरे संज्ञान में मामला नहीं है और न ही मुझे इस बारे में जानकारी दी गई है। किस बात को लेकर इस तरह की फ्लैक्सी लगाई गई है। इसकी जानकारी कराई जा रही है।




कॉलोनी में लगी मतदान का बहिष्कार करने की फ्लैक्सी। ● अमृत विचार

### गर्मी से लोग हुए परेशान

**संभल, अमृत विचार :** इस माह के तीसरे सप्ताह में सूरज के तेवर तल्ख हो गए हैं। गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। रविवार को तेज धूप के बीच राहगीर परेशान दिखे। कई जगहों पर लोग पेड़ों की छांव में तेज छूप से बचाव करते नजर आए।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरे सात बच्चे हैं। मेरे दूसरे नम्बर के पुत्र महबूब व इसकी पत्नी साजिया गलत संगत में पड़ गये हैं। दोनों पति-पत्नी मुझसे व परिवार के सदस्यों से आये दिन गाली-गलोंच व मारपीट करते रहते हैं। मैं दोनों को स्वेच्छा से अपनी चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। दोनों के द्वारा किये गये, लेन-देन व कुकृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगें।

-नजरूद्दीन पुत्र कलुवा, निवासी-ग्राम गढ़ी सलेमपुर थाना व तह.- कांठ, जि. मुरादाबाद

**नाम संशोधन**

सूचित हो कि मेरी UP BOARD की हाईस्कूल मार्कशीट में मेरा नाम की स्पेलिंग FARHA DIBA है जबकि वास्तव में मेरे नाम की स्पेलिंग FARHA DEEBA है। सभीजन मुझे FARHA DEEBA स्पेलिंग वाले नाम से लिखें व पहचाने।

## एक नजर

### लोहे की रॉड से हमला कर दो लोगों को किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव शरीफपुर निवासी शौकीन अली रविवार को कार में सवार होकर अपनी पत्नी व बच्चों सहित दिल्ली स्थित अपने आवास पर जा रहे थे। चालक कार लेकर जैसे ही गांव शरीफपुर से जाने वाले रास्ते पर संभल हसनपुर मार्ग के पास पहुंचा। गांव निवासी एक युवक अपने दोस्तों के साथ रास्ते में कार व बाइकें खड़ी करके खड़ा था। चालक ने कार का हॉर्न बजाकर युवकों से कार व बाइकें बचाने को कहा तो कहासुनी हो गई।। युवकों ने लोहे की रॉड से हमला कर चालक व शौकीन को घायल कर दिया।

### सैजना में घर में घुसकर ग्रामीण को पीटा, रिपोर्ट

**गुन्नौर अमृत विचार :** गांव सैजना मुस्लिम निवासी मोहम्मद अली ने मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि शनिवार को गांव के ही आसिफ, तौसीफ घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। इसका विरोध किया तो लाठी डंडों से मारपीट की। इससे मोहम्मद अली के सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार, चालान किया

**संभल, अमृत विचार :** गांव हण्डालपुर में हजरतनगर गढ़ी जाने वाले रास्ते पर रविवार को पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा मिला। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी इकाब गांव चपतियो की मढैया मुजफ्फरपुर निवासी है। पुलिस ने इकाब का चालान कर दिया।

### समस्या के समाधान को जिलाधिकारी से शिकायत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** फव्वारा चौक स्थित आदर्श नगर के लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर समस्या के समाधान की मांग की है। इसमें बताया गया कि 15 दिन से आदर्श नगर में पानी की व्यवस्था खराब है। शहर में अब अमृत योजना का कार्य भी लगभग पूरा चुका है। लोग नगर पालिकाध्यक्ष से भी समस्या के समाधान की मांग कर चुके हैं। शिकायती पत्र भेजने वालों में हरीश आनंद, शोभा पांडे, दीप्ति विश्नोई, प्रवीन शर्मा, सचिन शर्मा, सौरभ गुप्ता, नीलिया गुप्ता, प्रभा गुप्ता, सतेंद्र शर्मा, मुन्ना शर्मा, शोभा शर्मा आदि शामिल है।

# व्यापारियों पर रिपोर्ट का किया विरोध

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


व्यापारियों की बैठक में बोलते भाजपा नगराध्यक्ष व मैथा व्यापारी अंकुर अग्रवाल।

- व्यापारियों को न्याय नहीं मिलने पर बाजार बंद करने की चेतावनी
- आज जिलाधिकारी और एसपी से मिलेंगे व्यापारी

**अमृत विचार:** दो व्यापारियों के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज होने से व्यापारियों में रोष व्याप्त है। शनिवार शाम बिसौली गेट स्थित रामकृष्ण धर्मशाला में व्यापारी समाज की बैठक संपन्न हुई। इसमें जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से घटना की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की गई। घटना को लेकर सोमवार को व्यापारी डीएम व एसपी से अपनी समस्या बताएंगे। व्यापारी संघर्ष समिति के नाम से संगठन का गठन करने का निर्णय लिया गया है।

वक्ताओं ने कहा कि किसी भी व्यापारी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस ने प्रकरण की जांच के बिना ही व्यापारी भाइयों सहित तीन के विरुद्ध एससी-एसटी में रिपोर्ट दर्ज की है। कहा कि व्यापारियों को न्याय नहीं मिलता है तो वे बाजार बंद करेंगे। सोमवार को समिति का प्रतिनिधि मंडल अधिकारियों से भेंट कर वार्ता करेगा।

इस दौरान गोविंद गर्ग, राजीव वार्ष्णेय, ओमप्रकाश अग्रवाल, प्रेम ग्रोवर, हरिगोपाल वार्ष्णेय, भुवनेश वार्ष्णेय, अंकुर अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, आमोद वार्ष्णेय, अरविंद गुप्ता, विपिन अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, जस्टि गुप्ता, अनुरतन, विवेक नागपुर, प्रवीन कुमार, अनुज वार्ष्णेय, मुकेश ब्रेड, शुभम अग्रवाल, अर्चित अगरवाल, देवेंद्र गुप्ता, मनोज वार्ष्णेय, निशांत वार्ष्णेय, अमोल अग्रवाल, सूचित अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, राजीव हाजी, प्रवीण गुप्ता, अंकित सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## स्टेडियम की भूमि हो चुकी है चिह्नित, खिलाड़ियों को अभ्यास करने जाना पड़ रहा बाहर

# खेल स्पर्धाओं को नए आयाम देने वाला हो सांसद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**उम्मीद**
- क्रिकेट और कोच बोले- क्षेत्र में अभ्यास की सुविधा नहीं मिलने से दम तोड़ रहीं खेल प्रतिभाएं
- जनपद में शीघ्र ही स्टेडियम का निर्माण कराने की उठाई मांग

**अमृत विचारः** जनपद में कई खिलाड़ी ऐसे हैं, जो स्टेडियम नहीं होने पर यहां से बाहर जाकर अपने खेल का अभ्यास करने को मजबूर हैं। जनपद में अभी स्टेडियम का निर्माण नहीं कराया जा सका है। हालांकि भूमि का चयन बहजोई रोड स्थित भरतरा भट्ठे के पीछे हो चुका है। लोकसभा चुनाव के बीच खिलाड़ियों ने यह मुद्दा उठाया है। खिलाड़ियों ने बताया कि जनपद का सांसद ऐसा हो जो खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने व खेल स्पर्धाओं को नए आयाम प्रदान करें।

जनपद में कई खेल स्पर्धाओं के खिलाड़ी रहते हैं। क्रिकेट, बैडमिंटन, दौड़, बालीवाल सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को बाहर जाकर अभ्यास करना पड़ता है। जनपद में न तो स्टेडियम बना है और न ही उन्हें कोई सुविधा मिलती है।

खिलाड़ी अपने खर्च पर ही अभ्यास करते हैं। धन का अभाव होने पर कई खिलाड़ियों को खेल का अभ्यास रोकना पड़ जाता है। ऐसी कई प्रतिभाएं जो देश में अपना व जनपद का नाम रोशन कर सकती हैं, वह दम तोड़ रही हैं। खिलाड़ियों व कोचों ने बताया कि हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए जो खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें व जनपद में शीघ्र ही स्टेडियम का निर्माण कराएं।


जनपद में स्टेडियम नहीं होने से खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बेहद परेशानी होती है। खिलाड़ियों को सरकार की ओर से भी कोई सहायता नहीं मिलती है। इससे वे निराश हो रहे हैं।
**- अनिल कपूर घाबरी,** क्रिकेट कोच


जनपद में कई खेल स्पर्धाओं के अच्छे खिलाड़ी हैं, अगर उन्हें कुछ सहायता मिले तो वे अपना व जनपद का नाम रोशन कर सकते हैं। लेकिन मदद के अभाव में प्रतिभाएं दम तोड़ रही हैं।
**-अंकुर ठाकुर,** क्रिकेट कोच


मेरे कई साथी क्रिकेट के अच्छे खिलाड़ी हैं, जो अपने ही दम पर अभ्यास करते हैं, मगर स्टेडियम नहीं होने पर कई परेशानियां सामने आ रही हैं। इसलिए जो भी सांसद बने वह इसका ध्यान रखे।
**-सुगंध,** क्रिकेटर


जनपद में खिलाड़ियों को कोई मदद नहीं मिलती है। अगर स्टेडियम होता है, तो जनपद के खिलाड़ी अपने जीवन में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं और जनपद का नाम रोशन कर सकते हैं।
**-चंद्रभान यादव,** क्रिकेटर

# कमरे में मिला रेलकर्मी का शव

## रेलवे कॉलोनी में हुई घटना, हत्या की आशंका, शरीर पर मिले चोट के निशान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


रेलकर्मी की मौत के बाद बेसुध पत्नी को ढांढस बंधातीं महिलाएं।

- गांव शाहजहांनवाज के रहने वाले थे खलासी हरदयाल

रेलकर्मी की मौत हार्ट अटैक से हुई है। पहले उसकी ओपन हार्ट सर्जरी हो चुकी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। **-अतर सिंह,** प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली



**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र की रेलवे कॉलोनी स्थित सरकारी क्वाटर में रेलकर्मी का शव मिला। वह रेलवे के एसएण्डटी विभाग में खलासी था और रजपुरा क्षेत्र का रहने वाला था। परिजनों ने रेलकर्मी की हत्या करने की आशंका जताई है। कोतवाली पुलिस, आरपीएफ व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस ने हार्टअटैक से मौत होने का दावा किया है।

रजपुरा क्षेत्र के गांव शाहजहांनवाज निवासी हरदयाल (50) रेलवे स्टेशन रोड स्थित मस्जिद के पीछे रेलवे कॉलोनी के क्वाटर नंबर 53बी में अकेला रहता था। वह रेलवे स्टेशन पर एसएनटी विभाग में खलासी था। रविवार सुबह 10 बजे उसका शव क्वाटर के कमरे में फर्श पर मिला। उसकी पत्नी कलावती ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ गांव शहजहांनवाज में रहती हैं। उनके पति बुधवार को गांव से ड्यूटी करने गए थे। परिजन शनिवार दोपहर से उनसे फोन पर संपर्क कर रहे थे। लेकिन संपर्क नहीं हो पा रहा था। उनकी एक पुत्री का विवाह गांव लच्छमपुर में भूप सिंह से हुआ है। हरदयाल से संपर्क न होने पर परिजनों ने दामाद भूप सिंह से संपर्क किया। दामाद ने अपने परिचित वैशाली नगर निवासी प्रेमपाल को ससुर के रेलवे क्वाटर पर भेजा।

रविवार सुबह 10 बजे परिचित रेलवे कॉलोनी में पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। जब खिड़की से देखा तो रेल कर्मी का शव फर्श पर पड़ा था। प्रेमपाल ने घटना की सूचना भूप सिंह को दी।

घटना की सूचना के बाद परिजन, कोतवाली पुलिस, आरपीएफ व फोरेसिंक टीम भी मौके पर पहुंच गई। रेल कर्मी की नाक से रक्त निकल रहा था व पेट पर निशान थे। पत्नी ने बताया कि चार वर्ष पहले उनकी हार्ट सर्जरी कराई गई थी। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस हार्ट अटैक से रेल कर्मी की मौत होने का दावा कर रही है। हालांकि परिजनों ने पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

## आग लगाकर महिला को मारने की कोशिश कमरे में किया बंद

**संभल/असमोली, अमृत विचारः** गांव गुमसानी में विवाद के बाद पति ने पत्नी को आग लगाकर मारने की कोशिश की। इसके बाद उसे कमरे में ही बंद कर दिया। महिला के मायके वालों ने पुलिस को तहरीर दी है।

मुरादाबाद जिले के गांव नगला गुर्जर निवासी ओमप्रकाश ने रविवार को असमोली थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि भतीजी आशा की शादी चार वर्ष पहले थाना क्षेत्र के गांव गुमसानी निवासी पवन के साथ की थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही पति आशा को मारने व पीटने लगा था। बताया कि शुक्रवार को पवन ने आशा को मारा पीटा और आग लगा दी। झुलसने के बाद भी पवन ने आशा का उपचार नहीं कराया। उसे कमरे में बंद कर दिया। सूचना के बाद मायके वाले पहुंचे तो पवन ने उनके साथ गाली गलौज की। इसके बाद मायके वालों ने कमरे से निकालकर आशा को सीएचसी में भर्ती कराया है।

## सार-संक्षेप


श्रीदेवी गंगा मंदिर में कीर्तन करतीं महिलाएं।

### मंदिर में महिलाओं ने किया भजन कीर्तन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के कैथल गेट स्थित श्री देवी गंगा मंदिर में महिलाओं ने मां भगवती दुर्गा का पूजन किया। साथ ही भजन कीर्तन किए। माता की प्रसन्नता, संतान के उत्तम स्वास्थ्य और खसरे की बीमारी से बचने के लिए यह पूजन किया जाता है। इसमें मां भगवती को जल की धार, भीगे चने व मिठाई अर्पित की जाती है। रविवार को महिलाओं ने माता व धार पूजन किया और भजन कीर्तन किए। महिलाओं ने माता के भजन गाए और भजनों पर नृत्य किया। मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंज उठा। मंदिर के महंत पंडित मनोज शर्मा, प्रवेश शर्मा ने विधि विधान पूर्वक पूजन संपन्न कराया।


लड्डू वाले बालाजी दरबार में शिव विवाह मंचन के दौरान मौजूद महिलाएं।

### बालाजी दरबार में शिव विवाह का मंचन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सीता रोड स्थित श्री लड्डू वाले बालाजी दरबार में शनिवार देर शाम श्री बालाजी महाराज के जन्मोत्सव की शुरुआत महिलाओं ने डांडिया नृत्य से की। उन्होंने मां भगवती की आराधना की। एकल व सामूहिक रूप से डांडिया नृत्य किया। डिंपी शर्मा बदायूं मंडली ने शिव विवाह का मंचन किया। यह देख श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। महंत राकेश अग्रवाल ने आरती की गई। महंत ने बताया कि रविवार से दरबार में अखंड रामायण का पाठ शुरू कर दिया गया है। सोमवार सुबह यह संपन्न होगा। बाद में श्री बालाजी महाराज की प्रभात फेरी निकाली जाएगी। मंगलवार को श्री बालाजी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष में भंडारा होगा। इस दौरान संतोष सेवादार, हेमंत बालाजी, अभिषेक, किशनवीर, मोहित, राजन, इलू, सोनू, सुमित, अमित, विशाल, लब्बू, राहुल, अनीता, रितु, पिंकी, कुमकुम, सृष्टि, काजल, प्रियांशी, शिवानी, पाखी व महक आदि मौजूद रहीं।

# प्रभात फेरी में दिया जियो और जीने दो का संदेश

संवाददाता, बहजोई


प्रभातफेरी निकालते जैन समाज के लोग।
● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जैन समाज के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ भगवान महावीर का जन्म कल्याणक उत्सव मनाया। प्रभात फेरी निकालकर जियो और जीने दो का संदेश दिया।

श्री दिगंबर जैन मंदिर में भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर जैन समाज के लोगों ने सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन संपन्न किए। कालीन सत्र में प्रभात फेरी निकाली, जिसमें लोग हाथों में अनमोल वचनों से लिखित स्लोगन पट्टिकाएं, धर्म ध्वजा भगवान महावीर की सचित्र झांकी लेकर निकले। भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो जैसे उदघोष एवं शाकाहार अपनाने जैसे संदेशों को बोलते हुए चल रहे थे। प्रभात फेरी श्री दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर सर्राफा बाजार, आर्य समाज मार्ग, नारायण टोला, गोलागंज, नया बाजार चौक होते हुए ग श्री दिगम्बर जैन होम्योपैथिक चिकित्सालय पहुंचकर संपन्न हुई। महिलाओं ने बधाई गीत भी गाए। जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने जिनेंद्र भगवान के पांडुक शिला पर अभिषेक किया। इस दौरान मीतेश जैन, सम्भव जैन, मनोज जैन, सुनील जैन, संजय जैन, विपुल जैन, पहुप जैन, राहुल जैन, अंशुल जैन, राजेन्द्र जैन और आलोक जैन आदि रहे।

### शनिदेव की प्राण प्रतिष्ठा के बाद निकली प्रभातफेरी

**संभल अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित गोलेश्वर महादेव मंदिर में श्री शनिदेव की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी श्री कल्कि विष्णु मंदिर, रस्तोगी, गद्दियों का मोहल्ला, रामलीला मैदान के बाद वापस मंदिर पर समाप्त हुई। श्रद्धालु फूल बरसाते हुए चल रहे थे। सोमवार दोपहर 12 बजे से मंदिर पर भंडारा होगा। इस दौरान विष्णु रस्तोगी, मुन्ना गुप्ता, सुभाष, मोनू, गोलू शुक्ला, विशाल राय, विवेक, कमल, दिनेश कश्यप, दीपक, नीरू, नीलकंठ राय आदि रहे।

## खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लगने से सामान जला

संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़


घटना के बाद जानकारी देती महिला।

**अमृत विचारः** कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर में घर में खाना बनाते समय लीकेज होने से गैस सिलेंडर में आग लग गई। परिजनों व ग्रामीणों ने आग बुझाई। आग से नकदी व सामान जल गया। घटना में 35 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

गांव जहांगीरपुर में किसान रामपाल का मकान है। रविवार सुबह साढ़े आठ बजे उनकी पत्नी हेमलता घर में गैस चूल्हे पर चावल बना रही थी। गैस बंद करने के दौरान लीकेज होने से आग लग गई। सिलेंडर के पास में खड़े होने से आग पकड़ ली जिससे हेमलता अपने बच्चों आशीष व मानवी को लेकर कमरे से बाहर आ गई और शोर मचा दिया। घर के बाहर बैठे रामपाल व अन्य लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने पानी डालकर आग बुझाने के प्रयास किया। सूचना के बाद दमकल की टीम भी पहुंच गई। हालांकि इससे पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। आग बुझाने के प्रयास में कुंवरपाल का हाथ भी जल गया। आग से कपड़े, आटा कट्टे धान, कुर्सी, बर्तन व अन्य सामान जल गया। बैग भी जल गया। बैग में आठ हजार रुपये थे। पीड़ित रामपाल ने बताया कि 35 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।



गांव बेहटा साहू में मतदाता जागरुकता रैली निकालते स्कूल के छात्र।

### रैली निकाल कर मतदान के प्रति किया जागरुक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर क्षेत्र के गांव बेहटा साहू में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें ग्राम पंचायत के सदस्य व विद्यालय के छात्र शामिल रहे। छात्र-छात्राएं हाथों में बैनर और जागरूकता नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। वे ग्रामीणों को सात मई को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे थे। उन्होंने लोगों को मतदान का महत्व भी बताया। इसें ग्राम प्रधान रामवती देवी, यादराम सिंह, भूप सिंह रावत, जियाउर्रहमान खान, सुभाष चन्द्र, चन्द्रपाल सिंह, हिन्द कुमार, आंगनबाड़ी सुशीला सागर, मालती देवी, आंगनवाड़ी सहायिका सरोज देवी, पदाधिकारी अर्चना देवी, सुरभि, कविता आदि शामिल रहीं।

**जन्मोत्सव**

अखिल भारतीय हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्यों ने निकाली प्रभात फेरी, महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डाला

# भगवान महावीर ने सत्य और त्याग के मार्ग पर चलना सिखाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


महावीर स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड के पदाधिकारी।


महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर प्रभात फेरी निकालते जैन समाज के लोग।

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से घंटाघर स्थित कैंप कार्यालय में भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सभा का आरंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया।

बोर्ड के जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि आपका जन्म ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में भारत के बिहार में हुआ। अपने जीवनकाल के दौरान भगवान महावीर स्वामी को वर्धमान के नाम से भी जाना जाता था। आपने सत्य की खोज में अपना महल छोड़ दिया था। भगवान महावीर ने अपने प्रयासों को उपवास और ध्यान पर केंद्रित कर दिया। इस प्रक्रिया के माध्यम से महावीर स्वामी को मोक्ष की प्राप्ति हुई। मोक्ष प्राप्ति पाने के बाद भगवान महावीर स्वामी ने समाज को पांच सिद्धांत अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह सिखाए जो समृद्ध जीवन और आंतरिक शांति की ओर ले जाते हैं।

डॉ. योगेन्द्र मोहन शास्त्री ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने अपने समस्त जीवन में समाज को सत्य और त्याग के मार्ग पर चलना सिखाया। अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने समाज को जियो और जीने दो का संदेश दिया। मुकेश अग्रवाल, संजय गुप्ता एवं बृजेश सिंह चौहान ने भी विचार रखे। इस दौरान केजी गुप्ता, योगेंद्र मोहन गुप्ता, जगदीश चंद्र राणा, योगेश कुमार शर्मा, प्रदीप वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता विनय अग्रवाल तथा संचालन अशोक कुमार गुप्ता ने किया।

### महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर निकाली प्रभात फेरी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला गोपाल स्थित दिगंबर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जैन समाज के लोगों ने महावीर स्वामी की प्रभात फेरी निकाली और भजन कीर्तन किया। महावीर जयंती के उपलक्ष्य में दिगंबर जैन मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें शामिल महावीर स्वामी की मूर्ति के आगे समाज पुरुष व महिलाएं भजन कीर्तन करती हुई चल रही थीं। जियो और जीने दो का संदेश देते हुए प्रभात फेरी जवाहर रोड, घंटाघर, बड़ा बाजार, घास मंडी, ब्रह्म बाजार होते हुए वापस दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंच कर संपन्न हुई। शाम को मंदिर में भगवान को पालने की व्यवस्था की गई और महाआरती हुई। इस दौरान अध्यक्ष अंकित जैन समेत समाज के महिलाओं-पुरुषों ने भागीदारी की।

## दंपती को पीटने में चार भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

**असमोली, अमृत विचारः** गांव खाबरी भोला निवासी चंद्रपाल की पत्नी जमना ने मारपीट करने का आरोप लगाकर गांव के ही चार सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शुक्रवार शाम जमना घर के पास बैठी थीं। आरोप है कि घर के पास गोबर डालने को लेकर सगे भाई देशराज, बंटी, महीपाल व रोहन्दर गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो इन्होंने जमना के साथ लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। उसे बचाने उसके पति चंद्रपाल के साथ भी मारपीट की और सगे भाई धमकी देते हुए भाग गए। इससे जंपती घायल हो गए।

इसके बाद दंपती थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर देशराज, बंटी, महीपाल व रोहन्दर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। हालांकि देर शाम तक पुलिस ने किसी भी आरोपी को नहीं पकड़ा था। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

### छात्रा गौरी ने 90.2 प्रतिशत अंक पाकर कॉलेज टॉप किया



**चन्दौसी, अमृत विचार :** नरौली के रानी दुर्गा कुंवरि कन्या इंटर कॉलेज का इंटर का रिजल्ट 99 .99 प्रतिशत रहा। छात्रा गौरी गौड़ ने 90 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। प्रधानाचार्य रश्मि अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष कॉलेज में इंटरमीडिएट की पंजीकृत 51 छात्राओं में से 49 छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इसमें 48 छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। हाईस्कूल में पंजीकृत 82 छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इसमें 76 छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। हाईस्कूल की छात्रा फारिया ने 83 .16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया है।

### बाबू सिंह स्कूल में विनोद हाईस्कूल में टॉपर

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ स्थित बाबू सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल का हाईस्कूल का रिजल्ट 88 .5 प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधक अजयवीर सिंह ने बताया कि हाईस्कूल के 61 छात्रों ने हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। इनमें से 54 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। विनोद पुत्र राम बहादुर निवासी राजथल ने 518 अंक पाकर विद्यालय टॉप किया है। रजत शर्मा पुत्र जुगल किशोर शर्मा निवासी दियौरा खास ने 499 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं निर्भय पुत्र दीनानाथ निवासी कुढफतेहगढ़ ने 490 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

अकामान् कामयति यः कामयानान् परित्यजेत्।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

## संपादकीय

# जलवायु वित्त पर सुस्ती

जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया में आर्थिक असमानता बढ़ती जा रही है। यानि ग्रीन हाउस गैसों के सबसे बड़े उत्सर्जक देश पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन का मुख्य स्रोत अमीर देश हैं। परंतु इसका सर्वाधिक प्रभाव गरीब देशों पर पड़ रहा है। गरीब देश लगातार जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले नुकसान की आर्थिक भरपाई की बात अमीर देशों से करते हैं, पर बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश चुप्पी साध लेते हैं। एक अध्ययन के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2050 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रत्येक वर्ष औसतन 19 प्रतिशत का नुकसान होगा। अमेरिका और यूरोप में जलवायु परिवर्तन के कारण अर्थव्यवस्था में औसतन 11 प्रतिशत का नुकसान होगा। सर्वाधिक नुकसान, 22 प्रतिशत, अफ्रीका और दक्षिण एशिया में होगा। मार्च-अप्रैल के महीनों में ही दुनिया के तमाम क्षेत्रों में भीषण गर्मी से वैज्ञानिक भी हैरान हैं। देश में दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में गर्मी का कहर जारी है और देश के कई हिस्सों में तो लू भी चल रही है। साथ ही अनेक आपदाएं या उनके प्रभाव वैज्ञानिकों को भी हैरान करती हैं। जाहिर है वैज्ञानिकों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर नए सिरे से अध्ययन करने की जरूरत है। क्योंकि अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए देशों को अपना रवैय्या बदलना होगा वरना शताब्दी के अंत तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाला नुकसान 60 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। अध्ययन में बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर तापमान वृद्धि को रोकने के लिए जितने खर्च की जरूरत है, इससे होने वाला नुकसान लगभग 6 गुना अधिक है, यानि तापमान वृद्धि को नियंत्रित करना इससे होने वाले नुकसान की तुलना में बहुत सस्ता है। आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2020 से 3,300 अरब डॉलर खो दिए हैं। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब देश अपने बजट का 14 प्रतिशत से अधिक ऋण भुगतान पर खर्च करते हैं।

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने उम्मीद जताई कि दानदाता अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) के माध्यम से सबसे गरीब देशों के लिए अतिरिक्त 100 अरब डॉलर की सहायता का इंतजाम कर सकते हैं। शनिवार को विश्व बैंक और आईएमएफ की समाप्त हुई वसंत बैठकों के दौरान जी7 और जी20 के वित्त मंत्रियों के बीच जलवायु और विकास उद्देश्यों के लिए विकासशील देशों को वित्त मुहैया कराने पर चर्चा हुई। चिंताजनक है कि बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं। विडंबना है कि तापमान वृद्धि को रोकने की गंभीर पहल किसी भी देश में नजर नहीं आ रही है।

# दक्षिण फतेह करने में भाजपा को योगी-सावंत पर भरोसा


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नरेंद्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी।

पिछली 19 अप्रैल को तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो गया। तमिलनाडु में हिंदू आबादी 87 फीसद से अधिक है। इधर भाजपा को इस बार बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है। भाजपा कोयंबटूर और कन्याकुमारी को छोड़कर राज्य में कहीं कोई बड़ी पकड़ नहीं बना सकी है। जानने वाले जानते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है। और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

नरेंद्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी। भाजपा को इस बार तमिलनाडु में मछुआरों, महिलाओं तथा समाज के अन्य वर्गों से वोट मिले हैं। भाजपा मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के मुद्दों को लेकर गई। अन्नामलाई ने पूरे राज्य की पदयात्रा करके भाजपा के लिए माहौल बनाया। सात महीने की लंबी यात्रा का समापन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कोयंबटूर से खुद अन्नामलाई चुनावी मैदान में थे। अमित शाह का दावा है कि 4 जून को देश तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल(20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं।

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज–तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। यह दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में कैंपन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में देते हैं। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते है कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं।

**इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोट बैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी–जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल–संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है।**

अगर बात कर्नाटक की करें तो यहां पर भाजपा बड़ी मौजूदगी है। भाजपा ने पहली बार 2008 में कर्नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। भाजपा तटीय कर्नाटक क्षेत्र में मजबूत है। कर्नाटक में भाजपा के मजबूत होने का एक और कारण जाति है। कर्नाटक में लिंगायत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा का समर्थन करते हैं जबकि वोक्कालिगा, दलित और अल्पसंख्यक या तो कांग्रेस या जनता दल (सेक्युलर) को वोट देते हैं। कर्नाटक वास्तव में भाजपा के लिए एक गढ़ है। यह भारत के दक्षिण में एक ऐसा राज्य है जहां भाजपा अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में अकेले सक्षम है।

केरल में 54 फीसद आबादी हिंदू है। यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां किसी भी एक दल को अकेले राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता। केरल का चुनाव गठबंधन से ही जीता जाता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट है तो कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व वाला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट। भाजपा केरल में अपनी जगह बनाने में लगी है। भाजपा के खिलाफ केरल में यह प्रचार किया गया है कि यह हिंदी पार्टी है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कैडर धार्मिक उन्मादियों से लड़ रहे हैं।

केरल में ईसाई समुदाय तेजी से भाजपा की ओर आ रहा हैं। केरल का ईसाई समुदाय कैथोलिक और गैर कैथोलिक के बीच विभाजित है। कैथोलिक वेटिकन के साथ पूरी तरह नहीं जुड़े हैं। केरल में मोटे तौर पर 8 प्रमुख ईसाई समुदाय हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि प्रत्येक ईसाई समुदाय के बीच दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता है। ऑर्थोडॉक्स और जैकोबाइट के बीच लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच चुकी है। वहां कोई भी एक पार्टी पूरे ईसाइयों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती और अधिकांश ईसाई ऐतिहासिक रूप से कम्युनिस्ट विरोधी हैं।

कैथोलिकों के भीतर कुछ समुदायों ने धीरे-धीरे भाजपा को एक संभावित विकल्प के रूप में तलाशना शुरू कर दिया है। ईसाई समुदाय परंपरागत रूप से राजनीतिक शक्ति समीकरणों में एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। वे लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहना बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसलिए उनसे तालमेल बिठा रहे हैं जिनके पास शक्ति है। पादरी वर्ग के कई सदस्य माकपा से मिले अपमानों को दृढ़ता से याद करते हैं और अपना भविष्य भाजपा के साथ देखते हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की सक्रियता देखने लायक है, वह लगातार इन पादरियों के साथ बने हुए हैं। उनकी विशेष भूमिका केरल में भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकती है।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोटबैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोटबैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है। केरल में मुस्लिम 28 फीसदी और ईसाई लगभग 18 फीसदी हैं। जाहिर है केरल की राजनीति की दशा और दिशा निर्धारित करने में इनकी अहम भूमिका है। ईसाई वोट बैंक मुख्यरूप से कांग्रेस के पास है और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन में मुस्लिम वोट बैंक भी काफी हद तक जुड़ जाता है। बहरहाल तमाम विपरीत परिस्थितियों के भाजपा दक्षिण भारत के राज्यों में 2024 के लोकसभा चुनावों में बड़ी सफलता हासिल करने का ख्वाब देख रही है। अगर उसका ख्वाब सच हुआ तो उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी क्रेडिट देना होगा।

## व्यंग्य

# गुरूर से भरा व्यस्त आदमी

वर्क सेटिस्फैक्शन जैसी चीज देखी सुनी है आपने? शेखचिल्ली जैसी ऐसी मनोकामना जिसे हासिल करना चील के मूत्र की तरह दुर्लभ है। इसका मतलब ये कि आप को अपना पेट पालने के लिए अपना मनपसंद काम करने को मिले। ऐसा काम जिसे करने में आपको मजा भी आए और आप नोट भी छापें। मजे की बात हमारे देश में और पूरी दुनिया में, सौ में से नब्बे इस बात को लेकर ज़िंदगी भर दुखी रहते है। पैसे भले कमा लें पर कसक रहती है उनके मन में। यार मजा नहीं आ रहा लाईफ में। इसके बजाए वो काम कर पाता तो मैं ज्यादा खुश रहता।

अब सत्रह सौ साठ जरिए पेट पालने के। करोड़ों अरबों लोग। हर आदमी को उसका मनपसंद काम करने का मौका हासिल हो ये मुमकिन नहीं। आप बड़े होकर कैसे घर चलाएंगे अपना, क्या जरिया होगा उसका ये आपकी क़ाबिलियत से ज्यादा आपकी किस्मत और संयोगों पर निर्भर करता है। पर कुछ तकदीर वाले होते है ऐसे जो बतौर जॉब, मनपसंद काम कर पाते है, खुश रहते है और बाकी सभी उनसे जलते है।



**दुनिया में बस एक काम ऐसा है जो करने वालों के सौ फीसदी खुश रहने की गारंटी दे सकता है। वो है गोलगप्पे बेचने का काम। शशि थरूर से कम किस्मत का धनी नहीं होता ये बंदा। ये नाम के साथ साथ झोले भर–भर कर नोट भी कमाता है और पेट भर खुश भी रहता है।**


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

दुनिया में बस एक काम ऐसा है जो करने वालों के सौ फीसदी खुश रहने की गारंटी दे सकता है। वो है गोलगप्पे बेचने का काम। शशि थरूर से कम किस्मत का धनी नहीं होता ये बंदा। ये नाम के साथ साथ झोले भर भर कर नोट भी कमाता है और पेट भर खुश भी रहता है। जहां वो होता है वहां रौनक होती है और जहां वो पहुंच जाता है, जो उसका ठिया होता है वहां रौनक होती है। वो खुद खुश रहता है और खुशियां बांटने का काम करता है। सच्चे अर्थों में यदि कोई आनंद मंत्रालय है तो वो पानीपुरी बेचने वाला ही है।

पानीपुरी बेचने वाला कभी खुद कभी अपनी पानीपुरी नहीं खाता। वो बस दूसरों को खिलाता है। और दूसरों की तृप्ति देख संतुष्ट बना रहता है। ऐसे परोपकारी लोग मिलते कहां है आजकल। दूसरों की खुशियों के लिए जीता जीसस है वो। मेरा मानना है भगवान पानीपुरी बेचने वालों को स्वर्ग में अलग से कोठियां अलॉट करते होगें। लोक और परलोक दोनों ही सुधारना हो तो पानीपुरी बेचने से अच्छा धंधा और कोई दूसरा नहीं है।

कभी गौर से देखिए उसे। बेहद खुश और गुरूर से भरा, व्यस्त आदमी। इंतज़ार करती भीड़, आकर्षक औरतों और खूबसूरत लड़कियों से घिरा, सबके आकर्षण का केंद्र, वीआईपी बंदा। सभी उससे हाथ फैलाए याचना कर रही होती है और वो मुस्कराते हुए, बारी-बारी से सभी को कृतार्थ कर रहा होता है।

उसकी क़ाबिलियत और किस्मत देख कर कौन न जले। कौन हैरान न हो। तटस्थ भाव से पूरे धीरज से काम करता आदमी। चहकती लड़कियां चाहती हैं कि वो उसकी तरफ ध्यान दे। वो बातें करता रहता है सबसे और खिलाए गए गोलगप्पों की गिनती भी याद रखता है। खूबसूरती उसे उसके टॉरगेट से भटकाने मे कभी सफल नहीं होती, इस मायने में वो विश्वामित्र को भी मात करता है।

पानीपुरी बेचने वाला वह इकलौता आदमी जिससे लड़कियां मिलने आती है, वो मिलेगा यह सोचकर भी खुश हो जाती है। जिसका औरतें इंतज़ार करती है, जिससे मिलने के लिए घड़ी देखती हैं और प्लान करती हैं। पता नहीं आप लोगों में से किस किस ने बचपन में यह सोचा था कि मैं बड़ा होकर पानीपुरी बेचने वाला बनूंगा। जो बने वो किस्मत वाले। सच्ची बात तो यह कि मुझे उन सभी पानीपुरी बेचने वालों से, जिन्होंने सोचा और बने या जो बिना सोचे बने, उन सभी से रश्क है।

# महावीर का चिंतन सूक्ष्मग्राही और गंभीर

भारत में जो ब्राह्मण-श्रमण द्वैत रहा है, उसकी प्रखर अभिव्यक्ति आज बुद्ध के माध्यम से बहुजन समाज द्वारा बहुत की जाती है, किन्तु महावीर को भुला दिया जाता है। जबकि जैन धर्म मौलिक श्रमण-धर्म है और अनीश्वरवादी है। आज सनातन के नाम पर भारत में ब्राह्मण-धर्म की विजय-पताका फहरा रही है और धीरे-धीरे फिर से वैसी परिस्थितियां निर्मित होने लगी हैं, जैसी कि बुद्ध और महावीर के कालखंड में थीं। आडंबर, कर्मकांड, मूर्तिपूजा और जीवहत्या का बोलबाला फिर से हो रहा है। धर्म में अशुद्धि चली आई है। ब्राह्मण-धर्म का परिष्कार श्रमण-धर्म से उसके सम्यक् सामंजस्य बिना संभव नहीं है और मेरे निजी मत में वेदांत वह भावभूमि है, जहां पर आकर ब्राह्मण-धर्म की औपनिषदिक-धारा श्रमण-धर्म के आत्म-प्रकाश से जा मिलती है।

जैसे 'गीता' में श्रीकृष्ण और 'धम्मपद' में बुद्ध की वाणी है, उसी तरह से 'समण सुत्त' में भगवान महावीर की वाणी संकलित है। जैनियों में दिगंबर सम्प्रदाय ने महावीर-वाणी का संकलन नहीं किया है, श्वेताम्बरों ने किया है। दिगंबर प्रायः उन वचनों को प्रामाणिक नहीं मानते। जैन आगमों में जो महावीर-वाणी है, उसे श्रुति-परंपरा से कालान्तर में लिपिबद्ध किया गया था। जैसे बौद्धों में संगीतियां हुई थीं, वैसे ही जैनों में वाचनाएं हुई थीं, जिनमें आगमों का संकलन हुआ था। दिगंबरों ने 'षटखण्डागम' को मान्यता दी है, जो कि आगमों पर आचार्य धरसेन के उपदेशों पर आधारित है। किन्तु 'समण सुत्त' का संयोजन अत्यंत अर्वाचीन है। इन्हें वर्ष 1974 में विनोबा की प्रेरणा से क्षुल्लकश्री जैनेंद्र वर्णी ने संकलित किया था। इसमें जैनागमों के सारतत्व को यों संयोजित किया गया है कि यह जैन-गीता तक कहलाया है। इसे समस्त जैन पंथों के द्वारा मान्यता दी गई। आचार्य उमास्वामी के 'तत्वार्थसूत्र' के बाद कोई दो हज़ार साल में पहली बार ऐसा हुआ था।


सुशोभित

**जैसे 'गीता' में श्रीकृष्ण और 'धम्मपद' में बुद्ध की वाणी है, उसी तरह से 'समण सुत्त' में भगवान महावीर की वाणी संकलित है।**

### महावीर जयंती

'समण सुत्त': यह अर्द्धमागधी भाषा का शब्द है, जो संस्कृत में 'श्रमण सूत्र' कहलावेगा। यहां श्रमण शब्द ध्यातव्य है। ब्राह्मण-धर्म का आधार वैदिक परंपरा है। श्रमण-धर्म का मूल जैन धर्म में है। बौद्ध और आजीवक भी श्रमण हैं। जैनियों ने बौद्धों से पहले अपना श्रमण-आंदोलन आरंभ कर दिया था। जैनियों के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ तो कृष्ण के चचेरे भाई बतलाए हैं। नेमिनाथ और पार्श्वनाथ (23वें तीर्थंकर): दोनों में ही जीवदया अत्यंत प्रबल थी, जो महावीर की अहिंसा में शिखर पर पहुंची। ब्राह्मण संस्कृति से जैनियों का वैसा तीक्ष्ण मनोवैज्ञानिक संघर्ष नहीं रहा है, जैसा बौद्धों से रहा। इसके अनेक कारण हैं। एक दार्शनिक कारण तो बौद्धों का अनित्य-अनात्म है, जो कि सनातन के मूलाधार पर ही प्रहार करता था। इसका राजनैतिक कारण बौद्धों को मिला राज्याश्रय था, जिसने उन्हें इतिहास के एक कालखंड में भारत में केंद्रीय महत्व का बना दिया था। अशोक से आंबेडकर तक बौद्धों को राजनैतिक प्रश्रय मिलता ही रहा है। शंकर की धर्मध्वजा ने भारत में सनातन की पुनः प्रतिष्ठा की थी। किंतु श्रमणों के बिना भारत कभी पूर्ण नहीं हो सकता है।

डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल ने बहुत सुंदर बात कही है कि श्रमणों के कारण ब्राह्मण-धर्म में वानप्रस्थ और संन्यास को महत्व मिला। अहिंसा और जीवदया के मूल्य भी श्रमणों से ही मिले। वैदिक ऋषि और श्रमण मुनि कालान्तर में ऋषि-मुनि का युग्म बनकर एकाकार हो गए थे। वैदिक संस्कृति में चले आए दोषों का संशोधन श्रमणों ने किया था। इन अर्थों में श्रमण सुधारवादी, प्रगतिशील और संशोधनकारी हैं।

रजनीश ने कहा है कि जहां वैदिक धर्म अनेकता की ओर प्रसारित होता है-एकोऽहं बहुस्याम्!- वहीं श्रमण धर्म एकत्व की ओर लौटता है, बाहर से भीतर प्रतिक्रमण करता है। यह आरोह और अवरोह की तरह है। आधुनिक काल में गांधी और विनोबा श्रमण-संस्कृति से प्रभावित रहे।

भारतीय चेतना की अंतर्वस्तु में श्रमण परंपरा भी उतनी ही अनुस्यूत है, जितनी कि ब्राह्मण परंपरा। इसका संवैधानिक आलंबन यह है कि हिंदू कोड बिल के दिशानिर्देशों में सनातनियों और आर्यसमाजियों के साथ ही बौद्धों और जैनियों को भी सम्मिलित किया गया था। महावीर का चिंतन अत्यंत सूक्ष्मग्राही और गंभीर है। जैन परंपरा के पारिभाषिक शब्दों का अपना ही एक लोक है। समय, धारणा, विचार, अणु, जीव, द्रव्य, चित्त जैसे अनेक शब्दों का हम जो अर्थ निकालते हैं, जैनियों में उनके नितान्त ही भिन्न अर्थ हैं। समय को आत्मा का पर्याय बतलाकर भगवान महावीर ने एक विचार-क्रांति कर दी थी। इस विलक्षण तीर्थंकर की भारतीय चेतना में सम्यक प्रतिष्ठा हो और भोगवाद से क्लान्त भारत और विश्व में श्रमण धर्म का पुनर्भव हो ।

## सोशल फोरम

# सवेरा दस्तक देगा

लोकतंत्र में किसी नागरिक को न तो डरना चाहिए और न ही निराश होना चाहिए। लोकतंत्र में कोई अजेय नहीं होता। यह नहीं भूलना चाहिए कि कभी-कभी प्रतिपक्ष इतिहास में सत्ता से बड़ा हो जाता है। लोहिया जी या जयप्रकाश जी कहीं सत्ता में रहते हुए प्रतिपक्ष थे क्या?

दिक्कत तब खड़ी नहीं होती, जब हर विरोधी खुद को इतिहास निर्माता कहता है, तब होती है जब बिना परखे बुद्धिजीवी और जनता उस पर यकीन करने लगती है। किस महान ने कहा कि हम महान् हैं और हम इतिहास बदलने के लिए पैदा हुए हैं? बताइये तो! अगर तोल्स्तोय, लेनिन, अंबेडकर, भगतसिंह, रवीन्द्रनाथ टैगोर या प्रेमचंद के साथ फोटो टांग कर उनकी तरह हो जाना होता तो नोबेल पुरस्कार हर साल कम पड़ जाते।


कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

गांधी पर देश को यकीन करने में वक्त लगा था। उनको थेथरई वाले तर्कशास्त्रियों की जरूरत न पड़ी थी। संभव है कोई अंदर से छद्म और उच्चका भी तो हो सकता है। बाहर का जासूस हो सकता है। विदेशी पैसे पर पलने वाला पिल्लू हो सकता है। इसलिए ठहरिये, रुकिये, विचार कीजिए। खूब मनन कीजिए। परखिये कि इसके कथन और आचरण में भेद तो नहीं है। विचार और व्यवहार में मेल है या नहीं। नहीं है तो उसे न ढंकिये, न उसका बचाव कीजिए और उससे सटिये तो हरगिज नहीं। अपने भीतर कर सकें तो आलोचनात्मक विवेक पैदा कीजिए और खुलकर कहने का साहस दिखाइये। खुद वही मत बन जाइये। नहीं तो आगे आप जनता को और गहरी हताशा और निराशा में धकेलने जा रहे हैं। यह मत भूलिए कि जाने-अनजाने विरोध में समर्थन और समर्थन में विरोध का भाव छुपा रहता है। मेरे सोचने का तरीका अलग है। इस विशाल देश की विशाल आबादी में कहीं तो सुगबुगाहट होगी? कुछ तो सुलग रहा होगा। 1857 में जो हुआ, वह अचानक न था। 90 साल तक लड़ना पड़ा था। इतिहास समय-समय पर खुद को दुरुस्त करता है। विचार और जज्बा बना रहे बस। इसीलिए खुद को बराबर टटोलते रहिये। वैचारिक विकलांग होकर इतिहास बदलने की हड़बड़ी मत कीजिए। इतिहास में रात कभी-कभी बहुत लंबी हो जाती है लेकिन सवेरा दरवाजे पर जरूर दस्तक देगा। इतना तो तय है।

–फेसबुक वॉल से

# सगुन असगुन

इन ग्रामीण शब्दों को तत्सम रूप में शगुन, अशगुन कहते हैं। आधुनिकतावादी, वैज्ञानिकता की लाठी भांजने वाले भले ही इन्हें अंधविश्वास कहें, किंतु यह होते तो हैं ही। विज्ञ एवं विद्वान पूर्वजों ने अपने सर्वेक्षणों और अनुभवों के आधार पर ही इन्हें मान्यता दी है। अंग्रेजी में भी 'आस्पिशस' और 'ओमिनस' शब्द तो हैं ही, यानी वे भी यह सब मानते हैं। हमारे धर्म ग्रंथों में जगह जगह इन्हें मान्यता दी गई है और विवेचना है। राजा दशरथ जब बारात लिए श्रीराम के विवाह हेतु मिथिला जा रहे हैं, तो उन्हें नाना प्रकार के शकुन होते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' में कहा है कि बारात के सामने दही, मछली और पुस्तकें लिए दो ब्राह्मण दिखाई पड़े। "सम्मुख आयउ दधि अरु मीना। कर पुस्तक दुइ विप्र प्रवीना"।। अपने दोहावली ग्रंथ में तुलसी बाबा कहते हैं: "नकुल सुदरशन दरसनी, क्षेमकरी चक चाष। दस दिसि देखत सगुन सुभ, पूजहिं मन अभिलाष"।। यानी यदि नेवला, दर्पण, मछली, सफेद चील्ह, चकवा, नीलकण्ठ यदि किसी दिशा में दिख जाएं, तो जिस कार्य से जा रहे हैं, पूरा होगा। श्रीमद्भागवत में जब अक्रूर मथुरा से ब्रज श्रीकृष्ण को लिवाने जा रहे हैं, तो उन्हें तमाम शकुन हुए। गरुड़ पुराण, अध्याय'-46 में शकुन अपशकुनों का वर्णन आया है। आचार्य वराह मिहिर ने "वृहत्संहिता", अध्याय-85 में शकुन अशकुन संदर्भित किए हैं और इन्हें पूर्व जन्म के शुभाशुभ कर्मों से जोड़ा है, यानी ज्योतिष शास्त्र भी यह सब मानता है। चलते समय छींक हो जाय तो अशुभ, किंतु यदि लगातार दो छींकें हों तो शुभ। लोकोक्ति है, "एक नाक दुइ छींक। जहां जाय तहँ नीक"।। बिल्ली और सांप रास्ता काटे, श्रृगाल रोता दिखे, तो अशकुन। राधेश्याम जी अपनी रामायण में ऐसे अशुभ प्रयाण के बारे में कहते हैं, "आगे चल देखे बहुत रोते हुए श्रृगाल। और बढ़े तो रास्ता रोक रहे थे व्याल"।। रास्ते में छूंछे घड़े मिलना, कुत्ते का कान फटफटाना अशुभ है। जनक के धनुष यज्ञ में तमाम राजा आए थे, जो असफल रहे थे। दरबारी एक राजा से पूछता है कि 'महाराज! आप शकुन विचार कर चले होंगे'? तो वह कहता है हां, "छूंछे घट मग में मिले श्वान हिलायेसि कान। ऐसो सगुन विचारि कै तब हम कीन पयान", और फिर उसकी खिल्ली उड़ाई जाती है। स्त्री के बाम अंग फड़कना शकुन, दाहिने अंग फड़कना अशकुन। जब सीता जी ने गौरी पूजन किया और उन्हें पार्वती माता का आशिष मिल गया, तो उनके बायें अंग फड़कने लगे। "मंगल मंजूल मूल बाम अंग फरकन लगे"। ठीक इसके विपरी मेघनाद वध के सभय उसकी पत्नी सुलोचना की दाहिनी भुजा फड़कने लगी थी। "प्रेम सुभाय धुकधुकी धरकी। सूचक अशुभ दहिन भुज फरकी"।। लोमड़ी, गाय-बछड़ा, श्यामा चिड़िया, वैश्या का सामने आ जाना शकुन है। बायीं गदेली में खुजली होना अच्छा होता है। पैसा आने की संभावना बनती है। दाहिनी गदेली की खुजली व्यय की सूचिका होती है। पुच्छल तारा निकलना अशुभ है। वृद्ध बुद्धिहीनता की बातें करें और बच्चे बड़ों की तरह, तो ये बुरी घटना होने के लक्षण हैं। "जूलियस सीज़र" नाटक में शेक्सपियर ने इसका उल्लेख किया है और पश्चात् सीज़र मारा गया और रोम में युद्ध हुआ। स्वप्न में सूखे पेड़, जलाशय, कर्कश पक्षी दिखना, जागृत में ध्रुव तारा न दिखाई पड़ना, दीपक बुझने पर उड़ने वाली गंध न महसूस होना मृत्यु की निकटता के सूचक हैं, ऐसा आयुर्वेद ग्रंथ कहते हैं। महोत्सव या पर्व उपस्थित होने पर किसी स्वजन की मृत्यु असगुन है, कहते हैं 'खोट' हो गई। शिशु जन्म या गाय द्वारा बछड़ा जनना सगुन मान्य है। इनका विस्तार अपार है। इस पर काम होना चाहिए और वैज्ञानिकता से सह-संबंध स्थापित किया जाना चाहिए। ये हमारी संस्कृति के अंगभूत हैं।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# पृथ्वी बनाम प्लास्टिक

विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को मनाया जाता है, जो जल जंगल और जमीन के सरक्षण के साथ साथ प्लास्टिक के कचरे को कम कर पृथ्वी को बचाने का भी संदेश देता है, इस बार के पृथ्वी दिवस की थीम भी पृथ्वी बनाम प्लास्टिक है, यह जानकर हैरानी होती है कि प्लास्टिक की औसत प्रति व्यक्ति खपत 20 किलो है आज चलन में प्लास्टिक की खपत बढ़ती ही जा रही है फूड पैकेजिंग, वाटर बाटेल, दैनिक उपयोग की अन्य तमाम वस्तुओं में प्लास्टिक का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। इस प्लास्टिक को नष्ट करना असंभव सा होता है, इससे पर्यावरण तो दूषित हो ही रहा है कचरे के रूप में फेके जा रहे प्लास्टिक से पशु और समुद्री जीवों के पेट में यह पहुंच कर बेहद नुकसान पहुंचा रहा है लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है तमाम तरह के प्रतिबंध के बाद भी प्लास्टिक और पन्नियों का प्रयोग प्रचलन में है। बिगड़ते पर्यावरण पर आज नामचीन नेता मौन हैं, क्या पर्यावरण संरक्षण की सारी जिम्मेदारी मात्र आम जनता की है। हमारी सत्ताएं आखिर कब अपनी चुप्पी तोड़ेगी, धन्य है हमारी सुप्रीम कोर्ट जिसने काटे जा गए वृक्षों के लिए माननीयों को दंडित कर समाज को सचेत किया है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

बढ़ती मानवीय आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए जो वन काटे जा रहे हैं उससे समान्तर जिंदगी जीने वाले पशु पक्षियों पर बुरा असर हो रहा है। आखिर इनके रहने का ठिकाना कहां बनेगा, क्या किसी ने सोचा है। यही सही समय है पर्यावरण प्रेमी जल जंगल जमीन को बचाने के लिए आगे आएं और वोट मांगने वाले राजनेताओं से इस विषय में भी प्रश्न करें। अन्यथा देश के तमाम बड़े शहरों को बंगलौर बनने में देर नहीं लगेगी।

# ...फिर बोतल से बाहर आया यूपी के विभाजन का जिन्न

**मुद्दा कितना कारगर**

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार:** बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए सहारनपुर में पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने का वादा करके पुराना मुद्दा फिर से उछालने के साथ उत्तर प्रदेश के विभाजन का कार्ड खेल दिया। मजे की बात यह है कि प्रदेश के विभाजन का विरोध करने वाली भाजपा को चुनावी माहौल में इस मुद्दे की संवेदनशीलता के कारण जवाब तो देना ही था, ऐसे में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं मुजफ्फरनगर सीट से प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान को कहना पड़ा कि मायावती का पश्चिम यूपी को अलग प्रदेश बनाने का प्रस्ताव उचित है, लेकिन जब वह सत्ता में ही नहीं आएंगी तो इस मुद्दे का क्या औचित्य है। मायावती ने कहा था कि छोटे प्रदेश विकास की सीढ़ी तेज गति से चढ़ते हैं। गौरतलब है कि मायावती ने मुख्यमंत्री रहते प्रदेश को चार भागों में बांटने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा भी था। अब मायावती के पश्चिम यूपी को अलग राज्य बनाने का मुद्दा कितना चुनावी परवान चढ़ेगा, इसका पता तो परिणाम आने पर ही चलेगा, लेकिन इसी बहाने को प्रदेश के विभाजन का जिन्न बोतल से बाहर जरूर आ गया है।

उत्तर प्रदेश को चार हिस्सों में विभाजित कर बुंदेलखंड, पूर्वांचल और हरित प्रदेश ( पश्चिम प्रदेश) बनाने की मांग काफी पुरानी है। इसे लेकर आंदोलन भी खूब हुए लेकिन नए राज्यों के गठन की मांग को लेकर राजनीतिक माइलेज लेने वाले नेता बाद में चुप्पी साध गए। मुख्यमंत्री रहते हुए 2012 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मायावती ने 21 नंवबर 2011 को यूपी को बांटकर अवध, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और पश्चिम प्रदेश का प्रस्ताव सदन में पास कराकर केंद्र सरकार को भेजा था। हमीरपुर-महोबा के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल बुंदेलखंड राज्य के मुद्दे को लोकसभा में कई बार उठा चुके हैं। लेकिन इस मुहिम को वे कभी आंदोलन का रूप नहीं दे सके क्योंकि सत्ता पक्ष से जुड़े हैं। इसी तरह केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने पश्चिम प्रदेश का मुद्दा जब भी उठाया उनकी ही पार्टी के नेता संगीत सोम विरोध खड़े हो गए।

### बसपा सुप्रीमो मायावती ने पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने का वादा करके खेला चुनावी कार्ड

#### हरित प्रदेश को लेकर हुआ था बड़ा आंदोलन


- आगरा, मथुरा, मेरठ, बरेली, सहारनपुर, मुरादाबाद आदि मंडलों को मिलाकर हरित प्रदेश ( पश्चिम प्रदेश ) बनाने की मांग वर्षों से उठ रही है। यह इस क्षेत्र के लोगों के दिल का मुद्दा है लेकिन चाहे सपा की सरकार रही हो बसपा की अथवा वर्तमान भाजपा सरकार किसी ने इस मुद्दे को आगे नहीं बढ़ाया। मेरठ में हाईकोर्ट की बेंच के गठन की भी मांग तमाम आंदोलन के बाद भी पूरी नहीं हुई है। कभी आरएलडी अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह ने इस मुद्दे को जोरदारी से उठाया था तो बसपा के बिजनौर से सांसद मलूक नागर भी लोकसभा में यह मुद्दा उठा चुके हैं। 1991 में चौधरी अजीत सिंह ने इस मुद्दे को हवा दी थी हालांकि उनकी विरासत संभाल रहे जयंत चौधरी अब गठबंधन की सियासत के चलते इस मुद्दे पर मौन हैं। पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा जरूर लगातार इस मुद्दे को उठा रहा है।




#### कल्पनाथ राय के बाद दम तोड़ गया पूर्वांचल राज्य का मुद्दा

पूर्वांचल राज्य के गठन की मांग सबसे पहले 1962 में गाजीपुर के तत्कालीन सांसद विश्नाथ प्रसाद गहमरी ने की थी। इस लड़ाई को बड़ी मजबूती से घोसी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व कल्पनाथ राय ने लड़ा। वह सड़क से संसद तक इस मुद्दे पर लगातार कांग्रेस नेतृत्व पर दबाव बनाते रहे। लेकिन उनके निधन के बाद यह आंदोलन दम तोड़ गया। कुछ छोटे संगठनों ने गाहे बगाहे मुद्दा उठाया जरूर पर वे कोई बड़ा आंदोलन नहीं कर सके। अब सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर इस मुद्दे को उठा रहे हैं। लेकिन उनकी मांग में वह गंभीरता नहीं दिखती जैसी कि कल्पनाथ राय की आवाज में थी। पुरबिहा लोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिंद्र किशोर तिवारी जरूर आए दिन पूर्वांचल राज्य के लिए धरना करते दिख जाते हैं। 1995 में समाजवादी नेता मधुकर दिघे, मोहन सिंह, रामधारी शास्त्री, प्रभु नारायण सिंह, हरिकेवल प्रसाद और पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने भी इस मुद्दे को उठाया पर परवान नहीं चढ़ा पाए।

**पूर्वांचल के जिले :** बलिया, चंदौली, आजमगढ़, वाराणसी, मऊ, भदोही, गाजीपुर, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महाराजगंज, बस्ती, संत कबीरनगर।



#### बुंदेलखंड राज्य का आंदोलन मांग गया पानी


- पीने के पानी, रोजगार, सूखा जैसी समस्याओं से जूझने वाले बुंदेलखंड के लोग अपना अलग राज्य चाहते हैं। राजा बुंदेला इन मजबूती से इस राज्य के गठन लड़ाई लड़ी पर उनके आंदोलन की धार भी वक्त के साथ कुंद हो गई। राजा बुंदेला तो बुंदेलखंड राज्य के गठन की शर्त पर ही भाजपा में शामिल हुए थे पर अपनी इस मांग को वे आज तक पूरी नहीं करवा सके। उन्होंने बुंदेलखंड कांग्रेस का गठन भी किया था। अब वे बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष हैं। पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह अब इस आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बुंदेलखंड लोकतांत्रिक पार्टी का गठन भी किया है। इसके साथ ही हमीरपुर- महोबा से भाजपा सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल भी इस मुद्दे को संसद में उठा चुके हैं पर कभी लड़ाई उन्होंने सड़क पर नहीं लड़ी। हालांकि बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है कि बुंदेलखंड का मुद्दा पृथक राज्य बनने तक ज्वलंत रहेगा।
- **इन जिलों को मिलाकर गठन :** यूपी के ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, जालौन, झांसी, मध्य प्रदेश के सागर, पन्ना, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह जिले को मिलाकर बुंदेलखंड राज्य की मांग की जा रही है।

# गाजियाबाद : भाजपा के गढ़ में जातीय रण त्रिकोण

- भाजपा ने दो बार के सांसद वीके सिंह का टिकट काटकर इस बार वैश्य बिरादरी के विधायक अतुल गर्ग पर लगाया है दांव
- कांग्रेस से पिछला चुनाव हारीं ब्राह्मण डॉली शर्मा तो बसपा से रणनीति के तहत राजपूत समाज के नंदकिशोर पुंडीर मैदान में

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** दिल्ली और गौतमबुद्ध नगर से जुड़ी गाजियाबाद लोकसभा सीट को भाजपा की सबसे सुरक्षित सीटों में गिना जाता है। दो हफ्ते पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां यह कहकर भाजपा प्रत्याशी के लिए माहौल बना गए थे कि इस बार चुनाव में गठबंधन को जनता मोये-मोये कर देगी। पांच दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो करके दिखाया था कि जनता उनकी गारंटी पर क्यों भरोसा करती है। मोदी के स्वागत में उमड़े जन सैलाब का असर यह है कि अब यहां भाजपा का चुनाव प्रचार चारों तरफ तेजी से दौड़ता नजर आ रहा है। दरअसल, भाजपा ने इस बार गाजियाबाद में वीके सिंह का टिकट काटकर वैश्य समुदाय के सदर सीट से विधायक अतुल गर्ग को मैदान में उतारा है, जिन्हें शुरू में अपना चुनावी अभियान व्यवस्थित करने में राजपूतों में नाराजगी के स्वरों के चलते थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी। लेकिन अब संगठन और समर्थक उनको बड़ी जीत दिलाने के लिए कमर कस चुके हैं। विधायक अतुग गर्ग गाजियाबाद विधानसभा सीट से पिछले तीन चुनाव लड़े थे, जिनमें दो बार विजयी रहे हैं। लोकसभा सीट पर उनका मुकाबला सपा के साथ गठबंधन करने वाली कांग्रेस की प्रत्याशी डॉली शर्मा से है। डॉली शर्मा तेजतर्रार महिला नेता हैं और पिछले 2019 के चुनाव में भी कांग्रेस के टिकट से चुनाव मैदान में उतरी थीं, लेकिन वीके सिंह के सामने उनकी जमानत जब्त हो गई थी। बसपा ने जातीय समीकरण साधने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ता रहे राजपूत बिरादरी के नंदकिशोर पुंडीर को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है।




| | दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|---|
| | भाजपा | जनरल रिटा. वीके सिंह | 9,44,503 |
| | सपा | सुरेश बंसल | 4,43,003 |
| | कांग्रेस | डॉली शर्मा | 1,11,944 |

#### अगले हफ्ते राहुल और अखिलेश आएंगे, मायावती करेंगी जनसभा

- गाजियाबाद सीट पर चुनाव लड़ रहे भाजपा विधायक अतुल गर्ग और कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा जहां स्थानीय हैं, वहीं बसपा के नंदकिशोर पुंडीर बाहरी हैं। भाजपा का जोरदार प्रचार देखते हुए कांग्रेस और बसपा प्रत्याशी भी अपने बड़े नेताओं का कार्यक्रम मांग रहे हैं। गठबंधन नेताओं का कहना है कि 21 से 23 अप्रैल के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव गाजियाबाद आएंगे। बसपा सुप्रीमो मायावती का 21 अप्रैल को गाजियाबाद में सभा करने का कार्यक्रम है।

- गाजियाबाद पहले मेरठ जिले की तहसील था। 14 नवंबर 1976 को इसे जिला बनाया गया।
- 2008 में परिसीमन के बाद हापुड़ लोकसभा सीट से अलग होकर गाजियाबाद लोस सीट बनी।
- सपा और बसपा कभी भी गाजियाबाद लोकसभा सीट से चुनाव नहीं जीत पाई हैं।
- गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र मतदाताओं की संख्या के आधार पर देश में दूसरे स्थान पर है।
- संयोग या प्रयोग, बसपा दो चुनावों से भाजपा से आए नेता को ही यहां प्रत्याशी बना रही है।



## राम मंदिर आंदोलन के बाद भाजपा ने बनाई मजबूत पकड़

साल 2008 से पहले गाजियाबाद सीट का नाम हापुड़ लोकसभा सीट था। इस सीट पर पहली बार वर्ष 1957 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस के कृष्ण चंद्र शर्मा जीते। साल 1962 में कांग्रेस से महिला कमला चौधरी को जीत मिली थी। 1967 में निर्दलीय उम्मीदवार प्रकाश वीर शास्त्री जीते। 1971 के चुनाव में कांग्रेस नेता बीपी मौर्या ने जीत हासिल की। 1977 में जनता पार्टी के कुंवर मोहम्मद अली खान तो 1980 में जनता पार्टी के अनवर अहमद को जीत मिली। 1984 के चुनाव में कांग्रेसके केदारनाथ सिंह विजयी हुए। 1989 में जनता दल के किशन चंद त्यागी जीते। इसके बाद राम मंदिर आंदोलन के चलते वर्ष 1991, 1996, 1998 और 1999 में भाजपा के डॉ. रमेश चंद तोमर ने कमल खिलाया। वर्ष 2004 के चुनाव में सुरेंद्र प्रकाश गोयल ने कांग्रेस की वापसी कराई थी। लेकिन 2009 में भाजपा से राजनात सिंह मैदान में उतरे तो लगभग एक लाख मतों से विजयी रहे।

#### गठबंधन और बसपा के प्रत्याशी जातीय समीकरण साधने में जुटे

- गाजियाबाद लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 29 लाख से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। इस लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण, गुर्जर और मुस्लिम मतदाता काफी संख्या में हैं। इस बार भाजपा और रालोद का गठबंधन है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी ब्राह्मण, वैश्य और गुर्जर वोट मिलने की पूरी उम्मीद लगाए हैं। लेकिन जानकारों का कहना है कि कांग्रेस प्रत्याशी को अगर सपा से गठबंधन के चलते मुस्लिम वोटों के साथ ब्राह्मण और पिछड़े वर्ग का वोट मिलता है तो भाजपा के सामने जीत के अंतर को लेकर परेशानी हो सकती है। दरअसल, गाजियाबाद सीट से पिछले तीन चुनावों से भाजपा प्रचंड वोटों से जीत हासिल करती आ रही है। पिछले दो चुनाव वीके सिंह पांच लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीते थे।

#### पांचों विधानसभा क्षेत्रों में खिला था कमल

- गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें मुरादनगर, लोनी, साहिबाबाद, मोदीनगर और गाजियाबाद शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। लोनी विधानसभा क्षेत्र से नंद किशोर गुर्जर, मुरादनगर से अजीत पाल त्यागी, साहिबाबाद से सुनील कुमार शर्मा, गाजियाबाद से अतुल गर्ग और धौलाना से विधानसभा से धर्मेंद्र सिंह तोमर विधायक हैं। इसमें धौलाना विधानसभा सीट हापुड़ जिले में आती है।

#### मुस्लिम, ठाकुर व ब्राह्मण मतदाता यहां बनाते और बिगाड़ते हैं खेल


- गाजियाबाद लोकसभा सीट पर मुस्लिम, राजपूत और ब्राह्मण मतदाता बड़ी संख्या में हैं। इस सीट पर सबसे ज्यादा करीब 5.5 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। राजपूत या ठाकुर मतदाताओं की संख्या 4.85 लाख गिनी जाती है, जबकि 4.5 लाख से अधिक ब्राह्मण मतदाता हैं। इनके अलावा 2.5 लाख वैश्य, और 4.5 लाख अनुसूचित जाति के मतदाता हैं। 1.25 लाख से ज्यादा जाट, एक लाख पंजाबी, 75 हजार त्यागी, 80 हजार गुर्जर और 4 लाख दूसरे समुदाय या वर्गों के मतदाता माने जाते हैं।

#### बसपा उम्मीदवार की पत्नी और भतीजा भी लड़ रहे हैं चुनाव

- गाजियाबाद से नंद किशोर पुंडीर जहां बसपा प्रत्याशी हैं, वहीं उनकी पत्नी कविता और भतीजा अभिषेक निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों ने पर्चा इस कारण दाखिल किया था कि अगर नंदकिशोर का पर्चा खारिज होता तो पत्नी या भतीजे को चुनाव लड़ाया जा सके। लेकिन तीनों नामांकन पत्र वैध मिले। पत्नी और भतीजे ने पर्चा भी वापस नहीं लिया। अब कविता का चुनाव चिह्न टेबल तो अभिषेक को खाट मिला है।

**2014 का जनादेश**

| | दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | भाजपा | जनरल रिटा. वीके सिंह | 7,58,482 | 56.50 |
| | कांग्रेस | राजबब्बर | 1,91,222 | 14.25 |
| | बसपा | मुकुल | 1,73,085 | 12.90 |
| | सपा | सुधन कुमार | 1,06, 984 | 7.97 |
| | आप | शाजिया इल्मी | 89,147 | 6.64 |




# आगरा में मोदी-अखिलेश की रैली, डिंपल-जया का रोड शो

**आगरा।** आगरा लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में मतदान होना है। यहां से भाजपा के मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल चुनाव लड़ रहे हैं, उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी के सुरेश चंद्र कर्दम और बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही से हो रहा हैं। नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद लोकसभा क्षेत्र में प्रचार जोड़ पकड़ गया है। आगरा में चुनावी समीकरण साधने के लिए भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 अप्रैल को होने वाली रैली की तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। मोदी की जनसभा के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आगरा में रैली करेंगे। इसके लिए 28 अप्रैल की तारीख तय की गई है, रैली स्थल चयनित किया जा रहा है। मई के पहले हफ्ते में डिंपल यादव और जया बच्चन का आगरा में रोड शो कराने की भी तैयारी है।

आगरा लोकसभा सीट पर दलित और मुस्लिम मतों का बोलबाला रहता है। यहां करीब 37 फीसदी वोटर दलित और मुस्लिम हैं। यहां से 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल ने 6,46,875 मत लेकर बसपा के मनोज कुमार सोनी 4,35,329 वोट को हराया था। कांग्रेस नेता प्रीत हरित को सिर्फ 45,149 वोट मिले थे।

# धनंजय की सहानुभूति के सहारे हाथी की तेज चाल

चुनाव डेस्क

- पार्टी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला को मैदान में उतारा है
- 2019 में बसपा के श्याम सिंह यादव इस सीट पर गठबंधन के सहारे जीते थे

**अमृत विचार।** जौनपुर संसदीय सीट पर इस बार भी मुकाबला काफी रोचक होने के आसार हैं। भाजपा ने पूर्व कांग्रेस नेता कृपा शंकर सिंह को मैदान में उतारा है तो सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा पर दांव लगाया है। इस रणक्षेत्र में मुकाबले को रोचक दिया है, बसपा प्रत्याशी श्रीकला ने। श्रीकला पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी हैं और जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं। श्रीकला के मैदान में उतरने से यहां मुकबला त्रिकोणीय हो गया है। वह क्षेत्र मं घूम-घूमकर पति धनंजय सिंह को मिली सात साल की सजा से उपजी सहानुभूति को भुनाने की पूरी कोशिश कर रही हैं।

भाजपा ने इस सीट पर पहली बार 1989 में कब्जा किया था। तब महाराजा यादवेन्द्र दत्त दुबे जीते थे। 1991 में सीट जनता दल के खाते में गई। 1996 में बीजेपी, 1998 में सपा, 1999 में बीजेपी से स्वामी चिन्मयानंद, 2004 में सपा से पारसनाथ, 2009 में बसपा से धनंजय सिंह जीते थे। 2014 की मोदी लहर में बीजेपी से कृष्ण प्रताप सिंह व 2019 में बीएसपी से श्याम सिंह यादव को जीत मिली, तब सपा-बसपा का गठजोड़ था। इस बार भाजपा जहां इस सीट पर कब्जा करने को लेकर एक-एक बूथ पर काम कर रही है तो सपा भी पीछे नजर नहीं आ रही है। पहले धनंजय सिंह इस सीट से बसपा के टिकट पर उतरने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन सात वर्ष की सजा मिलने के बाद उनकी पत्नी को बसपा प्रमुख ने मौका दिया है। श्रीकला भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को बताने में जुटी हैं कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार उन पर थोपे गए हैं। इसके साथ ही पति को मिली सजा से परिवार पर आए संकट को गिनाकर वह सहानुभूति के सहारे जीत की जुगत में लगी हैं। बाबू सिंह कुशवाहा सपा के मुस्लिम, यादव समीकरण के साथ कुशवाहा, कोइरी, शाक्य, मौर्य वोट लामबंद कर रहे हैं।




**हम भी जोश में** बसपा प्रमुख मायावती ने गाजियाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान वहां आए कार्यकर्ता जोश में नजर आए। इससे बसपा प्रमुख भी प्रसन्न नजर आईं।

**बांदा- चित्रकूट लोकसभा सीट** वर्ष 1999 के बाद से बसपा को नहीं मिली जीत, अब मयंक द्विवेदी के मैदान में उतरने से मुकाबला हुआ रोचक

# बसपा ने खेला ब्राह्मण कार्ड, सपा में प्रत्याशी बदलने की चर्चा

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

- भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद आरके पटेल पर लगाया है दांव

**2019 का परिणाम**

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | आरके पटेल | 4,77,926 |
| सपा | श्यामा चरण गुप्ता | 4,18,988 |
| कांग्रेस | बाल कुमार पटेल | 75,438 |

**अमृत विचार।** बांदा- चित्रकूट संसदीय सीट पर इस बार मुकाबला काफी रोचक हो गया है। बसपा ने यहां से मयंक द्विवेदी को मैदान में उतार कर ब्राह्मण कार्ड खेल दिया है। लगातार दो बार से चुनाव जीत रही भाजपा ने 2019 में जीते आरके पटेल को ही मैदान में उतारा है तो सपा ने शिवशंकर पटेल को चेहरा बनाया है। हालांकि यह चर्चा जोरों पर है कि सपा अपना उम्मीदवार बदल सकती है। नया प्रत्याशी कौन होगा, अभी इसे लेकर सिर्फ कयास ही लगाए जा रहे हैं। वैसे जौनपुर सीट से पार्टी के उम्मीदवार बाबू सिंह कुशवाहा का नाम जोरों पर लिजा जा रहा है। बसपा 1999 के बाद से इस सीट पर नहीं जीती है, ऐसे में इस बार उसकी पुरजोर कोशिश है कि वह मैदान मार ले।

इस संसदीय सीट की जब भी चर्चा होती है तो रामसजीवन सिंह का नाम सबसे पहले लिया जाता है। सीपीआई से 1989 में बांदा-चित्रकूट सीट से प्रतिनिधित्व करने वाले रामसजीवन ने जब बसपा अपनाई तो पार्टी ने उनको 1996 में टिकट दिया। परिणाम स्वरूप वे पार्टी की उम्मीदों पर खरे उतरे। मतदाताओं ने उन्हें चुना और वे सांसद बन गए। 1998 के चुनाव में बसपा ने फिर रामसजीवन पर ही विश्वास जताया था। हालांकि तब सपा और कम्युनिस्ट पार्टी के गठबंधन ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल वर्मा को टिकट दिया और भारतीय जनता पार्टी ने रमेश चंद्र द्विवेदी को मैदान में उतारा। मुकाबला त्रिकोणीय हुआ और रामसजीवन भाजपा के उम्मीदवार से हार गए। 1999 में जब लोकसभा चुनाव हुए तो एक बार फिर रामसजीवन को बसपा ने चुनाव मैदान में उतारा और वे पुनः दिल्ली पहुंचे। इस चुनाव के बाद बसपा यहां से नहीं जीती है।

2014 में बसपा के टिकट से लड़े आरके सिंह पटेल (वर्तमान में भाजपा सांसद) 2,26,278 मत पाकर दूसरे नंबर पर ही पहुंच पाए थे। तब भाजपा के भैरों प्रसाद जीते थे। 2019 में बसपा-सपा का महागठबंधन था। सपा ने श्यामाचरण गुप्ता को मैदान में उतारा था, लेकिन इस गठबंधन के बाद भी भाजपा के आरके पटेल यहां से सांसद चुने गए थे।

अब बसपा ने पूर्व विधायक पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के बेटे एवं जिला पंचायत सदस्य मयंक द्विवेदी को मैदान में उतारा है। मयंक लगातार जनता के बीच रहे हैं। ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि इस बार वे बाजी मार लेंगे। सपा कार्यकर्ता जहां बार- बार पार्टी के उम्मीदवार शिवशंकर पटेल का टिकट बदले जाने की खबरों से चिंतित हैं तो वहीं भाजपा में भी नाराजगी कम नहीं है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद पहले ही कह चुके हैं कि वे पार्टी का प्रचार नहीं करेंगे। ऐसे में उनके समर्थक भी खामोश हैं। भैरों प्रसाद ने बसपा और सपा दोनों ही दलों से टिकट लेने की कोशिश की थी पर वे सफल नहीं हो सके।

## महा विकास अघाड़ी और महायुति दोनों गठबंधनों में कुछ सीटों पर दरार, सुलझ नहीं पा रही खींचतान

# दो सेना, दो पवार, भाजपा के लिए मैदान तैयार

चुनाव डेस्क

महाराष्ट्र में भाजपा और कांग्रेस के अलावा लोकसभा चुनाव में शिवसेना के दो फाड़, एनसीपी के दो फाड़ हैं। एक धड़ा महा विकास अघाड़ी है, तो दूसरा महायुति। इन दोनों धड़ों के अलावा प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघड़ी और एआईएमआईएम भी चुनावी मैदान में हैं। राज्य में बीते एक-डेढ़ साल में सत्ता की सियासत के लिए बहुत कुछ टूटा और घटा है। लोकसभा चुनाव से पहले भी पिछले दिनों अपनी पार्टी से टिकट नहीं मिलने या राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते कई नेता पाला बदल चुके हैं, तो कई नाराज़ नेता सही समय के इंतज़ार में बैठे हैं। दोनों बड़े गठबंधनों और उनमें शामिल दलों का लोकसभा चुनाव में बहुत कुछ दांव पर लगा है। 2024 के चुनाव में एनडीए के लिए 400 पार का लक्ष्य रखने वाली भाजपा के सामने इस बार भी महाराष्ट्र में 2019 जैसी सफलता दोहराने का दबाव है, तो कांग्रेस के सामने आधार बचाने का सवाल है। उधर, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) के लिए अपने साथ हुई तोड़फोड़ को लेकर सहानुभूति हासिल करने के साथ वोट बैंक सुरक्षित रखने की चुनौती है, तो एकनाथ शिंदे और अजित पवार और उनके साथ गए नेता भी अपने फैसले पर जनता की मुहर लगवाने के लिए बेकरार हैं। ऐसे में इस बार का लोकसभा चुनाव कई अर्थों में महत्वपूर्ण और राज्य की भावी दिशा तय करने का बैरोमीटर बन गया है।



- कांग्रेस का हाथ भी छोड़ गए कई नेता, प्रकाश अंबेडकर अकेले ही ठोंक रहे हैं चुनावी मैदान में ताल



- राज्य में इस बार लोकसभा चुनाव के कई निहितार्थ, भाजपा का प्रदर्शन 400 पार मुहिम को देगा धार

### 48 लोकसभा सीटों पर है कड़ा मुकाबला

- लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र राजनीतिक दलों के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य है, इसका कारण यह है कि यहां लोकसभा की 48 सीटें हैं। महा विकास अघाड़ी में सीट बंटवारा समझौते के अनुसार, उद्धव गुट की शिवसेना 21 सीटों पर, कांग्रेस 17 सीटों और एनसीपी शरद पवार 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। ये तीनों पार्टियां विपक्षी इंडिया गठबंधन में भी शामिल हैं, इसके बावजूद कई सीटों पर मतभेद और तनातनी की स्थिति है। हालांकि महा विकास अघाड़ी को एक साथ रखने में जुटे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) शरद पवार का कहना है कि कुछ सीटों को लेकर इंडिया गठबंधन के दलों में खींचतान जरूर है, लेकिन इस पर ध्यान देने का मतलब नहीं है। उधर भाजपा की अगुवाई वाले महायुति में भी सीट बंटवारे को लेकर सब कुछ ठीक नहीं है।

- भाजपा महायुति में सबसे ज्यादा 30 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के खाते में 12 सीटें आई हैं। अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी 6 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। लेकिन महायुति गठबंधन में भी रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, औरंगाबाद, ठाणे, पालघर, मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई उत्तर मध्य सीटों पर रस्साकशी की स्थिति दूर नहीं हो पा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 25 तो एकीकृत शिवसेना ने 23 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। भाजपा ने 23 और शिवसेना ने 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार राज्य में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को पांच सीटों पर मतदान हो चुका है। पहले चरण में पांचों लोकसभा सीटों पर औसतन 55 प्रतिशत मतदान हुआ था। अब राज्य में दूसरे चरण की वोटिंग 26 अप्रैल, तीसरे चरण की 7 मई, चौथे चरण में 13 मई और पांचवें चरण के लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे। मुंबई की लोकसभा सीटों पर 20 मई को मतदान होगा।

### 2019 का दलीय जनादेश

| दल | सीट | वोट | वोट % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 23 | 14912139 | 27.6 |
| शिवसेना | 18 | 12589064 | 23.3 |
| एनसीपी | 04 | 8387363 | 15.5 |
| एआईएएमएम | 01 | 389042 | 0.7 |
| कांग्रेस | 01 | 8792237 | 16.3 |
| निर्दलीय | 01 | 1991492 | 3.7 |
| अन्य | 00 | 6992908 | 12.9 |

**31%** लगभग मराठा मतदाता

**11%** ज्यादा मुस्लिम वोटर

**10%** से अधिक दलित वोटर

### भाजपा के सामने कम नहीं चुनौती

- शिवसेना और एनसीपी में टूट का कारण कुछ लोग भाजपा को ही मानते हैं। ऐसे लोग बातचीत में भाजपा को पार्टी और परिवार तोड़ने वाली पार्टी ठहराते हैं। यह बात भाजपा के लिए मुश्किल पेश कर सकती है। भाजपा के सामने यह जिम्मेदारी और चुनौती दोनो है कि उसने सहयोगियों को जो सीटें दी हैं, उन पर वह जीत हासिल कर पाएं। राज ठाकरे के भाजपा को बिना शर्त समर्थन देने से एनडीए के उत्तर भारतीय वोटों के नुक़सान का भी लोग गणित लगा रहे हैं। राज ठाकरे के कारण उत्तर भारतीय भी बंटे हुए हैं। इससे भाजपा को आंशिक नुक़सान उठाना पड़ सकता है। इसी तरह महाराष्ट्र में क़रीब 28 प्रतिशत मराठा वोट गिना जाता है। पिछले कुछ समय से जरांगे पाटिल ने मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन छेड़ रखा है। हालांकि उनका कहना है कि महाविकास अघाड़ी और महायुति गठबंधन दोनो ने मराठा आरक्षण पर धोखा दिया है।



### महा विकास अघाडी के लिए भी मुश्किलें कम नहीं

- महा विकास अघाड़ी में शामिल दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है कि उनके प्रत्याशियों को एक दूसरे दल के वोटों का ट्रांसफ़र आसानी से हो सके। माना जा रहा है कि प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी के उम्मीदवार एक दर्जन सीटों पर महा विकास अघाड़ी गठबंधन के वोट काट सकते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में वंचित बहुजन अघाड़ी ने 47 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे और उसे सात प्रतिशत वोट मिले थे। तब उसके प्रत्याशियों ने कांग्रेस को कई सीटों पर नुकसान पहुंचाया था। इसी के साथ पार्टी में विभाजन के बाद शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) के सामने चुनौती है कि वो अपने नए चुनाव चिह्न को तेजी से आम मतदाताओं तक पहुंचाएं।

### मराठा, दलित और मुस्लिम मतदाता 60 फीसदी सीटों पर निर्णायक भूमिका में

- महाराष्ट्र में करीब 31 फीसदी मराठा समुदाय के लोग हैं। लोकसभा की कुल 48 सीटों में लगभग आधी सीटों पर मराठा वोट निर्णायक भूमिका में रहता है। यही वजह है कि राज्य के 20 मुख्यमंत्रियों में 12 मराठा समुदाय से रहे हैं। राज्य में दलित मतदाता भी करीब एक दर्जन सीटों पर प्रभाव रखता है। राज्य में 10.5 फीसदी दलित आबादी है। विदर्भ में दलित आबादी सबसे ज्यादा 23 प्रतिशत तक है। इसी तरह मुस्लिम मतदाताओं की महत्ता से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। प्रदेश में इनकी आबादी 11 करोड़ से ज्यादा है। कुल आबादी में इनकी हिस्सेदारी भी 11 प्रतिशत से अधिक है। प्रदेश के उत्तरी कोंकण, खानदेश, मराठवाड़ा और पश्चिमी विदर्भ की कुछ लोकसभा सीटों पर मुस्लिम मत किसी भी प्रत्याशी की हार या जीत करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। मुंबई की कुछ सीटों पर भी मुस्लिम वोट का प्रभाव रहती है। परंपरागत रूप से लगभग हर चुनाव में मुस्लिम मत कांग्रेस और एनसीपी के बीच में ही बंट जाते हैं।



## 'हिंदू' और 'जय भवानी' को पार्टी गीत से नहीं हटाएंगे

# उद्धव ठाकरे

- निर्वाचन आयोग ने दिया है शिवसेना उद्धव गुट को दोनों शब्द हटाने का नोटिस
- सभाओं में 'जय भवानी' और 'जय शिवाजी' कहने की परंपरा जारी रखेंगे ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में हिंदुत्व और बाल ठाकरे के बिना बात पूरी नहीं होती है। हालांकि पिछले 10 साल में भाजपा ने यह विमर्श काफी कुछ बदल दिया है। लेकिन महाराष्ट्र में एक बड़ा वर्ग अभी भी बाल ठाकरे को हिंदुत्व का सबसे बड़े योद्धा मानता है। यही वजह है कि शिवसेना (उद्धव बाल ठाकरे) निर्वाचन आयोग में अपना चुनाव चिह्न और रुतबा गंवाने के बाद लोकसभा चुनाव में बाल ठाकरे के नाम पर हिंदुत्व का असली पैरोकार होने का दावा करते हुए खोयी जमीन वापस पाने की लड़ाई लड़ रही है। अब इसमें पार्टी के हाल ही में लांच किए गए नये गीत को लेकर विवाद जुड़ गया है। इस गीत में इस्तेमाल किए गए 'जय भवानी' और 'हिंदू' जैसे शब्द निर्वाचन आयोग ने हटाने के लिए कहा है। लेकिन शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने साफ कह दिया है वह अपनी पार्टी के नये गीत से 'जय भवानी' और 'हिंदू' जैसे शब्द नहीं हटाएंगे।

निर्वाचन आयोग ने शिवसेना (यूबीटी) को नोटिस जारी करके पार्टी गीत से दोनों शब्द हटाने के लिए कहा है। इसके जवाब में उद्धव का कहना है कि वह आयोग की नसीहत का पालन नहीं करेंगे। उद्धव ठाकरे का कहना है कि पार्टी के गीत से 'जय भवानी' हटाने की मांग करना महाराष्ट्र का अपमान है। ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी ने अपने नये चुनाव चिह्न 'मशाल' को लोकप्रिय बनाने के लिए यह गीत तैयार किया है, जिसमें निर्वाचन आयोग को 'हिंदू' एवं 'जय भवानी' जैसे शब्दों पर आपत्ति है। ठाकरे ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने देवी तुलजा भवानी के आशीर्वाद से हिंदवी स्वराज की स्थापना की। हम देवी या हिंदू धर्म के नाम पर वोट नहीं मांग रहे हैं। यह अपमान है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वह अपनी जन सभाओं में 'जय भवानी' और 'जय शिवाजी' कहने की परंपरा जारी रखेंगे। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने कहा कि अगर निर्वाचन आयोग हमारे खिलाफ कार्रवाई करता है, तो उन्हें हमें बताना होगा कि उन्होंने उस समय क्या किया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करते हुए लोगों से 'जय बजरंग बली' कहने और ईवीएम का बटन दबाने के लिए कहा था। इसी तरह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों से कहा था कि वे अयोध्या में रामलला के दर्शन मुफ्त में करने के लिए भारतीय जनता पार्टी को वोट दें। उद्धव ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) ने निर्वाचन आयोग से पूछा है कि क्या अब कानून बदल दिए गए हैं और क्या अब धर्म के नाम पर वोट मांगना ठीक है। लेकिन आयोग ने हमारे पत्र और हमारे द्वारा भेजे गए स्मरण-पत्र का जवाब नहीं दिया है। स्मरण-पत्र में हमने कहा था कि अगर कानून बदले गए हैं तो हम अपनी चुनावी रैलियों में 'हर-हर महादेव' भी कहेंगे।

### असली बात दूसरे चरण की सीटों पर पवार और उद्धव के अस्तित्व की

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में महाराष्ट्र की आठ सीटों बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इन सीटों पर लड़ाई एनसीपी (पवार) और शिवसेना (यूबीटी) के लिए सम्मान और राजनीतिक भविष्य की मानी जा रही है। इन लोकसभा क्षेत्रों में शरद पवार और शिवसेना की परंपरागत पकड़ मानी जाती है। ऐसे में शरद पवार और उद्धव ठाकरे दोनों अपने दलों के दो फाड़ होने के बाद इन सीटों पर जीत हासिल करके अपने गुट की ताकत दिखाना चाहते हैं। लेकिन एनसीपी (पवार) और शिवसेना (यूबीटी) अगर इन सीटों पर हार जाती है, तो यही संदेश जाएगा कि मराठा और शिवसेना की राजनीति में अब शिंदे और अजित पवार के रूप में दो नए ध्रुव स्थापित हो चुके हैं, जिन्हें मतदाताओं ने भी मान्यता प्रदान कर दी है।

## भाजपा बना रही निशाना मैं और अभिषेक सुरक्षित नहीं : ममता बनर्जी

चुनाव डेस्क

**कुमारगंज (बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को यहां एक सभा में यह कहकर सनसनी फैला दी कि भाजपा उन्हें और उनके भतीजे तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है। वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को एक बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा।

बलूरघाट लोकसभा क्षेत्र के कुमारगंज में टीएमसी उम्मीदवार और राज्य में मंत्री बिप्लब मित्रा के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि हम सुरक्षित नहीं हैं, लेकिन हम केंद्र भाजपा सरकारी की साजिश से नहीं डरते हैं।

### 'एक गद्दार जिसने अवैध संपत्ति बचाने के लिए मिला लिया हाथ'

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुभेंदु अधिकारी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक गद्दार है, जिसने अपने परिवार और अवैध संपत्ति को बचाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। मैं उन्हें बता दूं कि चॉकलेट बम धमाका करने की उनकी धमकी को तवज्जो नहीं देते हैं। हम पटाखे फोड़कर उनका मुकाबला करेंगे। वे केवल झूठ फैलाते हैं।

### धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति कर रही है भाजपा

- ममता ने भाजपा पर धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए सवाल किया कि दूरदर्शन का 'लोगो' अचानक भगवा क्यों हो गया? सेना के जवानों के आधिकारिक आवासों को भगवा रंग में क्यों रंगा गया? काशी (विश्वनाथ मंदिर) में पुलिस की वर्दी भगवा रंग की क्यों कर दी गई? यह भाजपा के निरंकुश शासन का एक और उदाहरण है। यदि वह सत्ता में बनी रहती है तो भविष्य में कभी चुनाव नहीं होंगे। विभिन्न समुदायों के धार्मिक अधिकार खतरे में पड़ जाएंगे।

### नाक की लड़ाई बन चुकीं दूसरे चरण की तीनों सीटें

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में पश्चिम बंगाल की तीन सीटों रायगंज, बालुरघाट और दार्जिलिंग में मतदान होना है। उत्तर बंगाल की इन तीनों सीटों पर पिछली बार भाजपा ने जीत दर्ज की थी। पार्टी इस बार भी पिछला प्रदर्शन दोहराने के लिए जी-जान लगाए है, तो टीएमसी तीनों सीटें छीनने के लिए जोर लगा रही है। रायगंज और बालुरघाट में सभा करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बंगाल में घुसपैठ, भ्रष्टाचार और संदेशखालि की गुंडागर्दी के खिलाफ हुंकार भरने के साथ अपनी गारंटी और बंगाल में केंद्र सरकार के विकास कार्य बता गए हैं।

### दार्जिलिंग में टीएमसी ने भूमिपुत्र का नारा उछाल भाजपा को घेरा

- दार्जिलिंग सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद राजू बिष्ट को दूसरी बार टिकट देकर टीएमसी को 'भूमिपुत्र' की खोज का मौका दे दिया है। पिछले तीन चुनाव से यहां भाजपा जीत रही है, लेकिन कभी स्थानीय प्रत्याशी नहीं उतारा है। तृणमूल इस सीट पर भूमिपुत्र के रूप में क्षेत्र में लंबे समय तक तैनात रहे अधिकारी गोपाल लामा को टिकट देकर स्थानीय बनाम बाहरी का नारा गढ़ रही है। कांग्रेस ने भी इसी तर्ज पर स्थानीय डॉक्टर मुनीष तामांग को उतारा है। रायगंज सीट पर भी भूमिपुत्र का मुद्दा गर्म था। यहां से भाजपा की देबश्री राय चौधरी सांसद थीं, जो स्थानीय नहीं थीं। भाजपा ने इस बार उनकी जगह कार्तिक चंद्र पाल को मौका दिया है। टीएमसी ने यहां भाजपा के विधायक रहे कृष्ण कल्याणी को मैदान में उतारा है।



### विरोधियों पर हमला

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने रविवार को बालुर घाट लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान भारी संख्या में वहां कार्यकर्ता पहुंचे। ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के साथ ही कांग्रेस और वामदलों पर जमकर प्रहार किया।

## सूरत सीट पर कांग्रेस हुई मुकाबले से बाहर

**सूरत।** सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभाणी का नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में विसंगतियां पायीं। यही नहीं, सूरत से कांग्रेस के वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला का नामांकन पत्र भी अमान्य हुआ। अब कांग्रेस यहां चुनाव मैदान से बाहर हो गई है। निर्वाचन अधिकारी सौरभ पारधी ने आदेश में कहा कि कुंभाणी और पडसाला के चार नामांकन फॉर्म को प्रस्तावकों के हस्ताक्षरों में प्रथम दृष्टया विसंगतियां पाए जाने के बाद खारिज कर दिया गया। ये हस्ताक्षर असली नहीं लग रहे हैं। कांग्रेस मामले में अदालत का दरवाजा खटखटाएगी। भाजपा उम्मीदवार के चुनाव एजेंट ने कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन पत्र पर आपत्ति जताई थी। आदेश में कहा गया है कि कांग्रेस उम्मीदवार के वकील के अनुरोध पर जांच किये गए वीडियो फुटेज में भी प्रस्तावकों की उपस्थिति नहीं पाई गई है। भाजपा ने सूरत लोकसभा सीट पर मुकेश दलाल को मैदान में उतारा है।

उधर, भावनगर लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार उमेश मकवाणा और अमरेली सीट से कांग्रेस उम्मीदवार जेनी थुम्मर के नामांकन दोनों पक्षों को सुनने के बाद संबंधित निर्वाचन अधिकारियों द्वारा स्वीकार कर लिए गए हैं।

**सियासत** चुनाव आयोग की तमाम कोशिशों के बाद भी पहले चरण में हिंदी बेल्ट का कम मतदान छोड़ गया तमाम सवाल

# उनका 400 पार, इनका फीका प्रचार, इसलिए नहीं लगी बूथों पर कतार?

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का हिंदी बेल्ट उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और राजस्थान में कम मतदान अगले चरणों में होने वाले मतदान के लिए तमाम सवाल छोड़ गया है। आखिर ऐसा क्या हुआ कि चुनाव आयोग की तमाम कोशिशों के बाद भी कई राज्यों या करीब पचास सीटों पर पिछली बार से भी कम लोग वोट देने के लिए बूथों पर पहुंचे। भीषण गर्मी अगर इसका बड़ा कारण रही, तो अगले चरणों के मतदान में मुश्किल और बढ़ने वाली है, क्योंकि मौसम विभाग इस बार अप्रैल के अंतिम सप्ताह से मई के अंत तक मौसम बेहद गर्म रहने की संभावना जता रहा है। हालांकि राजनीतिक जानकार इससे इतर कारण भी बयां कर रहे हैं, उनका कहना है कि यह भी हो सकता है कि भाजपा ने मिशन-400 पार का जो नारा देकर धुंआधार प्रचार अभियान किया है, उसके कारण बहुत संभव है कि पार्टी का कैडर अति आत्मविश्वास का शिकार हो गया हो और उसके पन्ना प्रमुखों या बूथ प्रभारियों ने उतनी मेहनत नहीं की, जितनी उनसे अपेक्षित थी। बड़ी संख्या में विपक्षी मतदाता और समर्थक यह देख रहे हैं कि इस चुनाव में उनके लिए उत्साहजनक कुछ नहीं है। ऐसे में मतदान केंद्रों का रुख नहीं किया।

### यूपी की पांच सीटों का हाल

| लोकसभा | 2014 (%) | 2019 (%) | 2024 (%) |
|---|---|---|---|
| सहारनपुर | 74.24 | 70.83 | 66.65 |
| मुजफ्फरनगर | 69.41 | 68.24 | 59.29 |
| कैराना | 73.10 | 67.44 | 61.17 |
| बिजनौर | 67.88 | 65.40 | 58.21 |
| नगीना | 63.27 | 63.53 | 59.54 |

- अगर गर्मी के कारण वोटर घर से नहीं निकला तो अगले चरणों में और बढ़ेगा सूरज का सितम और तापमान
- विश्लेषकों के मुताबिक मतदान प्रतिशत कम होने से किसी ट्रेंड का पता नहीं लगता, सिर्फ अनुमान लगा सकते

देश भर में 102 सीटों पर पहले चरण में औसतन 65.5 फीसदी मतदान हुआ, जबकि पिछले चुनाव में यह 70 फीसदी था। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक मतदान प्रतिशत कम होने से किसी तरह के ट्रेंड का पता नहीं लगता है, सिर्फ अनुमान लगाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों पर औसतन 60 फीसदी मतदान हुआ। सहारनपुर, नगीना, कैराना, रामपुर, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर, बिजनौर और मुरादाबाद में प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो चुका है। इन आठ में पांच लोकसभा सीटें ऐसी हैं जहां 2019 और 2014 के मुकाबले इस बार कम वोट पड़े हैं।

कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि कम मतदान से भाजपा को इस बार थोड़ा नुकसान हो सकता है। भाजपा ने राम मंदिर, मोदी की गारंटी, सुरक्षा और हिंदुत्व के मुद्दे पर डोर टू डोर कैंपेन किया था। अगर इसके बाद भी लोग वोट करने नहीं निकले तो इसका मतलब है कि कहीं ना कहीं लोगों में किसी बात पर उदासीनता या नाराजगी है। बिहार में भी वोट प्रतिशत कम रहा। इसका कारण वहां भी उदासीनता और पलायन बताया जा रहा है। बड़ी संख्या में मतदाता ऐसे थे, जो रोजगार के लिए राज्य से बाहर हैं और उनमें इतना उत्साह नहीं था कि वोट देने के लिए घर आएं। राजस्थान में भी कई लोकसभा सीटों पर मतदाताओं में निराशा देखी गई। राज्य में पिछले चुनाव में 64 फीसदी वोटिंग हुई थी और इस बार पहले चरण में 57 फीसदी वोट ही पड़े। सबसे कम मतदान करौली-धौलपुर में 50 फीसदी, झुंझुनूं में 52 फीसदी और भरतपुर में 53 फीसदी हुआ। इन सीटों पर मतदाताओं में उत्साह नजर नहीं आया। ऐसे में माना जा रहा है कि पिछली बार का जो जीत का अंतर था वो इस बार कम होगा। इस बार चुनाव में स्थानीय मुद्दे और जातिगत राजनीति ज्यादा हावी होती नजर आई। मध्य प्रदेश में 2019 की तुलना में प्रथम चरण में करीब आठ फीसदी कम वोट डाले गए।

प्रदेश की छह सीटों पर 67 फीसदी वोट पड़े जबकि 2019 में इन सीटों पर औसतन 75 फीसदी वोट पड़े थे। सबसे कम सीधी में 55.19 फीसदी वोट पड़े। यह पिछली बार से 14 फीसदी कम रही। हालांकि छिंदवाड़ा में पिछली बार के मुकाबले सबसे कम 2.8 फीसदी मतदान हुआ। यहां करीब 80 फीसदी मतदान हुआ। जबलपुर में लगभग नौ फीसदी कम मतदान हुआ।

# पेपर आउट कराने में प्राइवेट स्कूलों के खेल का खुलासा

## लखनऊ के जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का प्रबंधक भी शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- प्रयागराज के एसपी ब्लू स्टॉर पब्लिक स्कूल और विशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज का भी नाम

**अमृत विचार :** एसटीएफ की गिरफ्त में आए चारों आरोपी डॉ शरद सिंह पटेल, कमलेश कुमार उर्फ केके, अर्पित विनीत यशवंत व अभिषेक शुक्ला ने पूछताछ में बताया कि डॉ शरद सिंह पटेल ने सौरभ शुक्ला (प्रबन्धक, जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल पारा लखनऊ) के साथ मिलकर आरओ-एआरओ परीक्षा 2023 का पेपर परीक्षा केन्द्र से आउट कराने की योजना बनाई।

सौरभ शुक्ला ने कमलेश कुमार पाल, प्रबंधक एसपी ब्लू स्टार पब्लिक स्कूल झूसी प्रयागराज, को इस योजना में शामिल किया। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए कमलेश कुमार पाल ने कई बार लखनऊ आकर सौरभ शुक्ला व डॉ शरद सिंह पटेल से मुलाकात की। कमलेश कुमार पाल ने बताया कि विशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज प्रयागराज का परीक्षा कार्य देखने वाले अर्पित विनीत यशवंत से उसकी सेटिंग हैं। जो परीक्षा केन्द्र पर पेपर पहुंचने के बाद पेपर आउट कर व्हाटसएप पर भेज देगा। अर्पित विनीत यशवंत ने कमलेश कुमार पाल उर्फ केके से पांच लाख रुपये में पेपर आउट कराना तय किया था तथा एक लाख रुपये परीक्षा से पूर्व एडवांस प्राप्त किया। शेष धनराशि कार्य होने के बाद देना तय हुआ था।

### गार्ड दो तो आरोपी 1-1 बंडल स्ट्रांग रूम में ले गए

पेपर के कुल चार बंडल थे, जिसमें से दो बंडल गार्ड, व एक-एक बंडल अर्पित विनीत यशवंत व कमलेश कुमार पाल उर्फ केके लेकर नीचे से प्रथम तल पर स्थित स्ट्रांग रूम में ले गये। गार्ड व अर्पित विनीत यशवंत अपने बंडल स्ट्रांग रूम में रखे, लेकिन पूर्व योजना के अनुसार कमलेश कुमार पाल उर्फ केके अपना बंडल स्ट्रांग रूम के ठीक बगल में स्थित मेडिकल रूम में लेकर चला गया तथा वहां पहले से रखे कटर की सहायता से बंडल खोलकर चारों सिरीज के पैकेट खोलकर अपने मोबाइल से फोटो खींचा तथा पैकेट व बंडल को पुन: उसी तरह टेप की सहायता से चिपका दिया।

# 50 हजार का इनामी मुंबई में चेंबूर से गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने रविवार को गाजीपुर जिले के 50 हजार के इनामी अपराधी को मुंबई के चेंबूर से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ इस अपराधी को 2017 से ही तलाश कर रही थी। अपराधी पुलिस के डर से मुंबई चला गया था, ऐसे हालात में अपराधी के घर वालों ने दो ग्रामीणों के खिलाफ इसके अपहरण का मुकदमा भी दर्ज करा दिया। गाजीपुर के बहरियाबाद के रहने वाले सद्दाम हुसैन के खिलाफ कोतवाली में गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज है। लंबे समय तक जब सद्दाम पुलिस के पकड़ में नहीं आया तो पुलिस ने सद्दाम पर 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया। सद्दाम भागकर गाजीपुर से मुंबई पहुंचा और वहां पर जीवन यापन के लिए आटोरिक्शा चलाने लगा और बाद में हुंडई के वर्कशाप में काम करने लगा। वहीं सद्दाम के घर वाले उसे गाजीपुर में ही तलाशते रहे। एसटीएफ अफसरों के मुताबिक सद्दाम हुसैन के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# हादसों और मौतों में कानपुर नगर सबसे आगे, बरेली 10वें स्थान पर

नीरज मिश्र, लखनऊ

- प्रयागराज दूसरे, बुलंदशहर तीसरे नंबर पर



**अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने हादसों और मौतों में अव्वल रहने वाले जिन टॉप-20 जिलों की सूची जारी की है, अगर जिम्मेदार उन्हीं पर गंभीर हो जाएं तो हादसों और मौतों का ग्राफ धड़ाम से नीचे आएगा। करीब 42 प्रतिशत से अधिक मौत इन्हीं जिलों में होती हैं। सड़क सुरक्षा टीम का 4-ई कॉन्सेप्ट (इंजीनियरिंग, इनफोर्समेंट, एजुकेशन, इमरजेंसी केयर) का दावा भी काम नहीं आया है। हाल यह है कि पिछले तीन साल से हादसों और मौतों की सूची में इन कुख्यात जिलों ने अपना स्थान तक नहीं बदला है। दिलचस्प यह है कि प्रदेश में जो ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं उनमें से 35 फीसद से ज्यादा इन्हीं जिलों में से हैं। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा सोमवार से शुरू हो रहा है यानी पिछले करीब एक दशक से जारी जागरूकता कार्यक्रमों का एक और दौर। विभाग इस बार आंध्र प्रदेश की तर्ज पर एक नया प्रयोग करने की तैयारी में है जिसमें चालक के परिवार की तस्वीर यात्री वाहन के डैशबोर्ड पर लगवाई जा रही है जिससे रैश ड्राइविंग और रफ्तार बढ़ाते वक्त उसे अपने परिवार का ख्याल रहे और चालक अपने वाहन की गति नियंत्रित रखे।

### पिछले तीन साल में औसत वार्षिक मृत्यु

कानपुर नगर- 625, प्रयागराज-573, बुलंदशहर- 546, आगरा-532,हरदोई- 513,लखनऊ- 512, बरेली- 486,सीतापुर- 447, फिरोजाबाद- 386, शाहजहांपुर-375 और गाजियाबाद- 374 मौतें

## सार-संक्षेप

### मृत भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाला आरोपी फैजान गिरफ्तार

**बिजनौर,एजेंसी :** जिले में मुरादाबाद लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी के निधन पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक कार्यकर्ता को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बिजनौर थाना क्षेत्र के गांव झालारा निवासी फैजान ने मुरादाबाद से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश कुमार के शनिवार को बीमारी के चलते हुए निधन को लेकर सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट की थी। पुलिस में मामले की शिकायत होने पर आरोपी फैजान को गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी मुरादाबाद लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा का समर्थक बताया जाता है। रुचि वीरा पूर्व में बिजनौर से विधायक भी रह चुकी हैं। मुरादाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी 72 वर्षीय कुंवर सर्वेश कुमार का शनिवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे।

### पति-पत्नी ने लगाई फांसी ,पत्नी की मौत और पति गंभीर

**फिरोजाबाद, एजेंसी :** जिले के थाना सिरसागंज क्षेत्र मे पति-पत्नी में विवाद के बाद पहले पत्नी ने फांसी लगा ली उसके बाद पति भी फांसी पर लटक गया। फांसी की जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस रविवार को सुबह पति-पत्नी को लेकर जिला अस्पताल आई।डॉक्टर ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया है जबकि पति की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे उपचार के लिए आगरा रेफर कर दिया गया है। सिरसागंज निवासी अंकित और उसकी पत्नी सरस्वती उर्फ बबली के बीच किसी बात पर विवाद हो गया था। विवाद के चलते पत्नी बबली फांसी के फंदे पर लटक गई जब अंकित ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा तो वह भी फांसी के फंदे पर लटक गया।

### पीडीएम मोर्चे ने घोषित किये सात प्रत्याशी

**लखनऊ, अमृत विचार :** अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने असदुद्दीन ओवैसी के साथ बनाये पीडीएम मोर्चे से सात लोकसभा प्रत्याशी और घोषित कर दिये हैं। पीडीएम मोर्चे का गठन सपा गठबंधन से अलग होने के बाद पल्लवी पटेल ने असदुद्दीन ओवैसी के साथ बनाया था। पल्लवी पटेल ने रविवार को प्रत्याशियों की दूसरी सूची में उन्नाव से धनीराम पाल, कन्नौज से दानिश अली, कानपुर नगर से राम आसरे पाल, गाजीपुर से सूबेदार बिंद, घोसी से प्रेमचंद उर्फ कांति निषाद, सीतापुर से काशिफ अंसारी और प्रयागराज से हंसराज कौल को उतारा है।

### भाजपा का लक्ष्य वैभवशाली राष्ट्र निर्माण: धर्मपाल

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शनिवार को आजमगढ में आजमगढ व लालगंज लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक में बूथ विजय पर मंत्रणा की। धर्मपाल सिंह ने यहां कहा कि भाजपा का लक्ष्य प्रत्येक बूथ पर पिछले चुनावों में मिले भाजपा के वोट में 370 अधिक वोट जोड़ने का है। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य वैभवशाली राष्ट्र निर्माण तथा देश के नागरिकों को खुशहाली है।

### मंडियों के पास ही आटा प्लांट लगाएंगे: राजेन्द्र चौधरी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को आश्वासन दिया है कि वह मुफ्त राशन में गेहूं की जगह आटा देंगे। यह आटा देश की सबसे अच्छी कम्पनियों के आटे के मुकाबले का होगा। इसके लिए मंडियों के पास ही अत्याधुनिक तकनीकी वाला 'आटा प्लांट' लगाएंगे जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मिलेगा। रविवार को जारी एक बयान में राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि, सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा आटा-डाटा का अधिकार शीर्षक से अपने चुनावी घोषणा पत्र में यह भी दावा किया है कि हर राशनकार्ड धारक परिवार को 500 रुपये का मोबाइल डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा।

# कोर्ट के आदेश पर 65 दिन बाद दर्ज हुआ किशोरी के अपहरण का मुकदमा

संवाददाता, हरदोई

- पुलिस ने नहीं सुना, डीएम और एसपी ने भी नहीं की मदद
- बेटी को जबरन उठा ले जाने की रिपोर्ट को भटक रहा था बाप

**अमृत विचार :** घर से शौच के लिए निकली बेटी को दबंग जबरन कार से उठा ले गए। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए बेबस बाप महीनों पुलिस के पास भटकता रहा, डीएम और एसपी की ड्योढ़ी के चक्कर लगाते-लगाते उसके पैरों की चप्पलें तक घिस गई ,फिर किसी को उसकी बेबसी पर तरस नहीं आया। थक-हारकर उसने कोर्ट का सहारा लिया और कोर्ट ने उसकी अर्ज़ी पर सुनवाई करते हुए पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया। तब कहीं पिहानी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु की।

पिहानी कोतवाली के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी 15 फरवरी की भोर पहर करीब पांच बजे घर से शौच के लिए निकली थी,उसी बीच एटा ज़िले के घुमरी जैथरा निवासी अमित व सोनपाल वहां कार से पहुंचे और किशोरी को जबरन कार में बैठा कर वहां से भाग गए। किशोरी का बाप अपनी अर्ज़ी ले कर पुलिस के पास पहुंचा,लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी। उसके बाद वह किसी तरह पता-ठिकाना ढूंढते हुए एटा पहुंच गया,जहां आरोपियो ने उसे धमकी दे कर वहां भगा दिया। पुलिस के कुछ न करने पर बेबस बाप ने डीएम और एसपी की ड्यूढी के कई चक्कर लगाए,उसकी चप्पलें तक घिस गई,फिर भी कोई राहत नहीं मिली।उसके बाद थक-हारकर कर उसने कोर्ट में अर्ज़ी दाखिल की,जिस पर कोर्ट ने सुनवाई पूरी करते हुए पिहानी पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया,तब कहीं पुलिस ने आरोपी अमित व सोनपाल के खिलाफ केस दर्ज किया।

# बलात्कार की कोशिश में नाकाम रहने पर की बच्ची की हत्या

**गाजियाबाद, एजेंसी :** जिले के मुरादनगर क्षेत्र में अपने पड़ोस में रहने वाली चार साल की बच्ची से बलात्कार की कोशिश में नाकाम रहने पर उसकी हत्या करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण क्षेत्र) विवेक चंद यादव ने रविवार को बताया कि शुक्रवार की शाम चार साल की एक बच्ची बिस्कुट खरीदने के लिए पास की एक दुकान पर गई थी तभी पड़ोस में रहने वाला युवक विशाल (24) उसे बहला-फुसलाकर एक सुनसान घर में ले गया और अपनी हवस का शिकार बनाने की कोशिश की। यादव ने कहा कि जब वह अपने प्रयास में विफल रहा, तो उसने लड़की को जमीन पर पटक दिया जिससे उसके सिर में गहरी चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने अपराध कुबूल कर लिया।

# शारजाह से नौ लाख की सिगरेट लाने पर मिलती थी 20 हजार की दिहाड़ी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एयरपोर्ट पर 20 हजार लेकर दूसरों के सुपुर्द करना था कार्टन



**अमृत विचार :** शारजाह से अवैध रूप से सिगरेट लाकर भारत में बेचने का धंधा लंबे समय से फलफूल रहा है। अवैध सिगरेट लाने के लिए चिन्हित लोग बड़ा रिस्क लेकर शारजाह से लखनऊ तक लाखों रुपये कीमत की सिगरेट लाते थे और एयरपोर्ट के बाहर ही चिन्हित लोगों को ही सौंप देते थे। बदले में उन्हें 20 हजार रुपये कैरिंग चार्ज के रूप में मिलता था। बाद में यह सिगरेट बिकने के लिए विभिन्न स्थानों पर पहुंचाई जाती थी और लाखों की कमाई होती थी।

गौरतलब हो कि पहली अप्रैल को उड़ान संख्या 6ई-1424 से शारजाह से लखनऊ के लिए 33 तस्करों द्वारा लाई गई विदेशी मूल की सिगरेट एयरपोर्ट पर पकड़ी गई थी। इस दौरान 27 तस्कर मौका देख फरार हो गए थे, जबकि छह तस्करों को माल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। इन तस्करों के पास से तीन करोड़ तीन लाख 63 हजार रुपये कीमत की सिगरेट बरामद हुई थी। कस्टम अधिकारियों द्वारा पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि शारजाह में सलीम नामक व्यक्ति यह सब मैनेज करता था। उससे होटल में मुलाकात होती थी। सभी तस्कर एक संगठित गिरोह के तहत जुड़े हुए हैं। इनको शारजाह तक भिजवाने और इनके माध्यम से विदेशी मूल की सिगरेट एयरपोर्ट तक लाने की जिम्मेदारी इनपर रहती थी। एयरपोर्ट पर बाहर खड़े एक चिन्हित व्यक्ति को तस्करी का माल सौंप दिया जाता था और बदले में प्रति तस्कर 20 हजार रुपए कैरिंग चार्ज प्राप्त होता है। प्रत्येक तस्कर को तीन-तीन कार्टन सिगरेट दिए जाते हैं। कार्टन की कीमत लगभग तीन लाख रुपये होती थी। हालांकि इससे दो गुने की कमाई भी होती थी। हालांकि अदालत ने दो तस्करों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। बाकी फरार तस्करों की तलाश जारी है।

# अल्ट्रा मेगा श्रेणी की परियोजनाओं को कस्टमाइज पैकेज देगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इम्पावर्ड कमेटी की मंजूरी के बाद कैबिनेट की मंजूरी लेना भी होगा आवश्यक
- इन्वेस्ट यूपी के सीईओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी की अनुशंसा पर मिलेगा प्रोत्साहन

**अमृत विचार:** राज्य सरकार की ओर से अल्ट्रा मेगा श्रेणी की विशेष महत्व वाली परियोजनाएं स्थापित करने पर उन्हें केस टू केस कस्टमाइज पैकेज दिया जाएगा। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 में इसका प्राविधान किया गया है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की ओर से इन प्राविधानों में कुछ संशोधन किया गया है।

इसके अंतर्गत नोडल संस्था की जगह सीईओ इन्वेस्ट यूपी की अध्यक्षता में गठित कमेटी को ऐसी परियोजनाओं की परीक्षण और विशेष पैकेज की अनुशंसा की जिम्मेदारी दी गई है। इस कमेटी की अनुशंसा के बाद हाई लेवल इम्पावर्ड कमेटी और कैबिनेट की मंजूरी के बाद ऐसी बड़ी परियोजनाओं को कस्टमाइज पैकेज प्रदान किया जा सकेगा। इम्पावर्ड कमेटी की संस्तुति के आधार पर मंत्रिपरिषद का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। नीति में किए गए संशोधन के अनुसार औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत विशेष महत्व की अल्ट्रामेगा श्रेणी की परियोजनाओं को आवश्यकतानुसार राज्य सरकार द्वारा केस टू केस आधार पर प्रोत्साहन का विशेष रूप से कस्टमाइज्ड पैकेज प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किए जाने पर विचार किया जा सकता है।

### पहले समझौता समिति का होना था गठन

दरअसल, नीति के अंतर्गत पहले प्राविधान किया गया था कि इस प्रकार के आवेदन नोडल संस्था को प्रस्तुत किए जाएंगे और आवेदनों की उनकी आवश्यकता एवं विशेष महत्व की दृष्टि से समीक्षा की जाए। इसके लिए अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समझौता समिति गठित की जाएगी, जिसके सदस्य सचिव सीईओ इन्वेस्ट यूपी होंगे। हालांकि अब इस प्राविधान में संशोधन किया गया है। अब नामित सदस्यों वाली समझौता समिति ऐसी परियोजनाओं को विशेष पैकेज दिए जाने के लिए अंतिम स्वीकार्यता के लिए मुख्यमंत्री को संस्तुति करेगी।

# पुलिस की प्रताड़ना से क्षुब्ध युवक ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, बहराइच

- शादी टूटने पर लड़की के रिश्तेदार से मिलकर पुलिस पर थर्ड डिग्री देने का आरोप

**अमृत विचार :** जिले के बालापुर गांव निवासी एक युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। पिता ने पुलिस पर घूस लेने, पुत्र की पिटाई करने और ब्लैक मेल करने का आरोप लगाया है।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालापुर के कथिकनपुरवा निवासी अनूप कुमार (18) की शनिवार शाम घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के पिता सम्मय प्रसाद ने बताया कि उनके लड़के की शादी श्रावस्ती जनपद के भिनौनी गांव से कुंजीलाल पुत्र भुलावन के लड़की से तय हुई थी। जिसका 18 अप्रैल को तिलक हो चुका था, 26 अप्रैल को शादी होनी थी। शनिवार की सुबह मेरे गांव के मनोज कुमार जो लड़की के मौसा हैं ने शादी करने को लेकर ब्लैक कर रुपए की मांग करने लगे। अन्यथा दहेज के मामले में फंसा देने की धमकी दी। इसी बात को लेकर शादी टूट गई। मामला पुलिस चौकी धनुहीं पर पहुंचा। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाकर आमने-सामने समझौता करवा दिया गया। मृतक के पिता समय प्रसाद ने बताया कि सुलह कराने के लिए 10 हजार रुपये पुलिस की ओर से मांग की गई, जिसे न दे पाने पर पुलिस ने मेरी व मेरे लड़के की पिटाई की और लिखा पढ़ी करने के बाद सुलह करके पुलिस ने मुझे छोड़ दिया। समय प्रसाद का आरोप है कि रास्ते में मुझे और मेरे बेटे को मनोज व कुंजीलाल ने काफी मारा पीटा शाम को मैं घर आया तथा खेतों में कार्य करने के लिए चला गया। लौट कर आया तो देख मेरा लड़का घर में मृत पड़ा था। ऐसे में बेटे की पुलिस और लड़की के रिश्तेदार की पिटाई की वजह से जान गई है। मामले की तहकीकात की जा रही है।


## वर्ग पहेली-47

**बाएं से दाएं**

1. घाव का मवाद,पीब।
5. 1. नाम जाप करने की सत्ताईस दानों की छोटी माला, जपमाला 2. हाथ में पहनने का एक प्रकार का आभूषण।
6. रोकने का भाव, अवरोध का उपक्रम।
7. व्यवहार में छलपूर्ण चालें चलने की क्रिया, धोखाधड़ी, कपट, धूर्तता, चालाकी, छल।
10. 1. चार पैरों वाला पशु, चौपाया 2. एक प्रकार का छंद।
11. रचा या बनाया हुआ।
12. 1. आंच पर चढ़ाकर गाढ़ा किया गया दूध 2. ईंट पाथने का गारा।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. चसका लगना, आदत लगना, किसी विषय या कार्य में ढीठ बनना 2. हिलना-मिलना।
3. (पुराण) वह जिनका धनुष कुसुम या पुष्प का माना जाता है, कामदेव।
4. उबलते दूध में चावल
8. 1. लादने का कार्य 2. लादने के बदले मिलने वाली मज़दूरी।
9. 1. सितारे, तारे, ग्रह-नक्षत्र 2. ज्योतिष।



### वर्ग पहेली -46 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 आ | दी | ■ | 2 उ | दुं | ब | 3 र |
| हा | ■ | ■ | थ | ■ | ■ | च |
| ■ | 4 पे | 5 श | ल | ■ | ■ | क |
| ■ | ■ | 6 नि | पु | ण | 7 ता | ■ |
| ■ | 8 आ | ■ | थ | ■ | म | ■ |
| ■ | 9 सु | त | ल | ■ | ले | ■ |
| ■ | ति | ■ | ■ | 10 भें | ट | ना |

## सुडोकू -126

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 9 | 3 | 7 | 6 | | |
| | | | | 8 | | 2 | | |
| 5 | | 9 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | 6 | | 7 | | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | | 2 | | | | 9 | | 6 |
| | | 4 | | 5 | | | | |
| 3 | | 6 | | 2 | 9 | | | 5 |


### सुडोकू -125 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 4 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 03 .25 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 20 .00 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष:** आज आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। आपके मित्र आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। अपनी बातों को दूसरों के ऊपर न थोपें। निर्माण कार्यों से जुड़े कारोबार में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। खोयी हुई वस्तु आपको वापस मिल सकती है।

**वृष:** आज परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर तरोताजा महसूस करेंगे। बनते कार्यों में आ रही रुकावटें दूर होंगी। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेमी जन से विवाह को लेकर सम्भावना बन रही है। गलत प्रवृत्ति के लोगों से आपको दूरी रखनी चाहिए।

**मिथुन:** आज करियर में काफी अस्थिरता रहेगी। कटु भाषा बोलने के कारण लोग आपसे नाराज रहेंगे। कानूनी मामलों में छोटी गलतियां भारी पड़ सकती है। लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना करेंगे। मौसमी बीमारियों के शिकार हो सकते हैं।

**कर्क:** आज सरकारी काम थोड़े प्रयासों से पूर्ण हो जायेंगे। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग कर पायेंगे। नौकरी में बदलाव करने की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार हो सकता है।

**सिंह:** आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आयात-निर्यात संबंधी कारोबार में लाभ हो सकता है। आपके जन-सम्पर्क का दायरा विस्तृत होगा। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। परिजनों की सलाह लेकर काम करना हितकर होगा।

**कन्या:** आज आप समय का सार्थक प्रयोग अपने लाभ के लिए कर पायेंगे। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी से सलाह लेकर नया काम शुरू करें। कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति की चर्चा चल सकती है। घर में प्रियजनों का आगमन हो सकता है।

**तुला:** आज दोपहर में सिर में दर्द और भारीपन की समस्या हो सकती है। कुछ समय प्रकृति के सानिध्य में बितायें। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने में मुश्किल आयेगी। बजट को ध्यान में रखते हुए ही धन निवेश करें। किसी नकारात्मक विचार के कारण आपका मन खराब हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज नया व्यवसाय शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसकी योजना बना सकते हैं। दोस्तों से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। उत्तम भोजन का आनन्द उठा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को यश मिलेगा।

**धनु:** आज अविवाहित लड़कियों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। उत्तम कार्यशैली के कारण आपको सफलता मिलेगी।

**मकर:** आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा। खर्चों के मुक़ाबले आपकी आय ज्यादा रहेगी। आज पूरा दिन आनन्द में व्यतीत होगा। बच्चों को लेकर आपकी चिन्ता दूर होगी। अधिकारी आपको ताने मार सकते हैं। सोच-समझकर ही आपको निर्णय लेना चाहिए।

**कुंभ:** आज कार्यक्षेत्र में काफी सारी रुकावटें आ सकती है। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। व्यवसाय में गुस्से के कारण नुकसान हो सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें। पुराना रोग वापस उभर सकता है।

**मीन:** आज साझेदारी वाले व्यापार में धन लाभ होगा। घर का वातावरण काफी सकारात्मक रहेगा। राजनैतिक संबंधों का उत्तम लाभ उठा पायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका पूरा नियंत्रण रहेगा। विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। मन लगाकर के अपना काम करें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
होते होते प्यार हो गया
सुबह : 08 .39
सिंह इज किंग
रात : 09 .43

**&pictures**
रंगबाज
सुबह : 11 .02
गुल मकई
रात : 08 .00

**Sony Pix**
द वॉक
सुबह : 11 .52
द वॉक
रात : 09 .07

**Zee Cinema**
ड्रीम गर्ल
दोपहर : 12 .46
द मास्क
शाम : 05 .47

**Colors Cineplex**
बेटिंग राजा
सुबह : 11 .14
गॉडफादर
शाम : 06 .40

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर पर रात :08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पिता – पेपर कैसा गया?
बेटा – पहला सवाल छूट गया,
तीसरा आता नहीं था,
चौथा करना भूल गया,
पांचवां नजर नहीं आया!
पिता – और सवाल दो?
बेटा – बस सिर्फ वो ही गलत हो गया...

पुलिस (चोर से) : तुम एक ही दुकान में तीन बार चोरी करने क्यों गए?
चोर : सर चोरी तो मैंने पहली बार में ही अपनी पत्नी के लिए ड्रेस चुराकर कर ली थी,
बाकी दो बार तो मुझे सिर्फ उसे बदलने के लिए जाना पड़ा...

## एक नजर

### गुरुग्राम में दीवार गिरने से दो लड़कियों समेत पांच लोगों की मौत

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में शनिवार रात श्मशान घाट की दीवार गिरने से दो लड़कियों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि दीवार के सहारे लकड़ियां खड़ी थी, जिस कारण कल रात दीवार झुककर गिर गई। दीवार के गिरने से उसके समीप बैठे कुछ लोग और पास में खेल रहे बच्चे इसमें दब गए। मृतकों की पहचान तान्या (11), खुशबू (10), देवी दयाल (70), मनोज गाबा (54) और कृष्ण कुमार (52) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी प्राप्त होती ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

### हिमाचल: डरावने वीडियो दिखाकर नाबालिग से दुष्कर्म, सोशल मीडिया पर डाली अश्लील फोटो

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के थाना अंब के गांव की 17 वर्षीया नाबालिग को डरावने वीडियो को दिखाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं युवक ने नाबालिग की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह किराए की दुकान में सिलाई करती हूं। दुकान के पास एक युवक भी काम करता था। आरोप है कि उसकी गैरमौजूदगी में युवक ने बेटी को डरावने वीडियो दिखाकर शारीरिक संबंध बनाए। तीन वर्षों से आरोपी बंदूकों की तस्वीरें व चाकू आदि दिखाकर, डरा-धमकाकर व प्रताड़ित करके गलत काम किया। हजारों रुपये भी पुत्री से लिए हैं। आरोपी ने गलत काम करते हुए फोटो भी ली थी। जब बेटी ने युवक को रोका, तो उसने शनिवार को इंस्टाग्राम पर बेटी की अश्लील फोटो डाल दी। अंब एसपी वसूधा सूद ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### भाजपा ने कंगना के चरित्र हनन को लेकर कांग्रेस के खिलाफ दी शिकायत

**शिमला।** भाजपा की हिमाचल प्रदेश इकाई ने मंडी सीट से उम्मीदवार कंगना रनौत की फिल्मों की तस्वीरों का प्रयोग कर उन्हें नकारात्मक रूप से चित्रित करने के सिलसिले में रविवार को कांग्रेस और हमीरपुर युवा कांग्रेस क्लब के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। भाजपा ने निर्वाचन आयोग से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, निंदनीय और आक्रामक भाषा का उपयोग करने पर कांग्रेस पर कार्रवाई का आग्रह किया। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विभिन्न प्रकोष्ठों को सोशल मीडिया पर कंगना के चरित्र हनन का निर्देश दिया है। भाजपा राज्य इकाई के मीडिया प्रभारी करण नंदा ने निर्वाचन आयोग और हिमाचल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को शिकायत दी।

### क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाने की हिम्मत करेगी: मोहन यादव

**भोपाल।** दूरदर्शन न्यूज के लोगो का रंग बदले जाने पर विपक्षी दलों की आपत्तियों के बीच, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को सवाल किया कि क्या कांग्रेस अपने झंडे से 'भगवा' रंग हटाने की हिम्मत करेगी। यादव ने कहा कि वामपंथी और विपक्षी दल यह नहीं समझते कि भगवा त्याग का प्रतीक है और सूर्य संस्कृति का वाहक है। 'दूरदर्शन न्यूज' के 'लोगो' का रंग लाल से नारंगी (रंग) करने पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने इसे पूरी तरह से अवैध बताया है। यादव ने कहा, कांग्रेस क्या चाहती है? वामपंथी और विपक्षी दल यह नहीं समझते कि भगवा त्याग और वैराग्य का प्रतीक है।

### 1.40 करोड़ की अफीम के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

**चतरा (झारखंड)।** झारखंड के चतरा जिले में 50 वर्षीय व्यक्ति और उसके बेटे को 1.40 करोड़ मूल्य की अफीम के साथ पकड़ा गया है। सिमरिया के पुलिस उपाधीक्षक अजय कुमार ने रविवार को बताया कि गिद्धौर पुलिस थाना क्षेत्र के बारली टोला में मवेशियों को रखने के स्थान पर छिपा कर रखी 28 किग्रा अफीम जब्त कर महेंद्र डांगी और उसके बेटे दीपेंद्र को गिरफ्तार किया गया है।

# भाजपा संविधान बदलना चाहती है: प्रियंका

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने किया केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार

**राजनांदगांव, एजेंसी**

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने रविवार को कहा कि संविधान हमें सभी अधिकार देता है और भाजपा संविधान को बदलना चाहती हैं। गांधी ग्राम मोहड़ में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पांच साल तक यह कांग्रेस की सरकार रही, भूपेश बघेल ने काम किया। कांग्रेस सरकार में भूमिहीन लोगों को न्याय मिला, आगनबाड़ी की मितानिनों का मानदेय बढ़ाया गया, गोबर खरीदा गया। कांग्रेस सरकार में किसानों का कर्ज माफ किया गया। धान का समर्थन मूल्य बढ़ा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया गया।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है। कांग्रेस की सभी योजनाओं को भाजपा सरकार ने बन्द कर दिया। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में बेरोजगारी क्यों खत्म नहीं की, 10 सालों में महंगाई क्यों कम नहीं हुई, महिलाओं पर आत्याचार हुआ, अपने क्यों कुछ नहीं किया।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतने बड़े नेता हैं कि चुटकी बजाकर युद्ध रोक देते हैं तो महंगाई कम क्यों नहीं करते है। मोदी सरकार ने बड़े- बड़े उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ माफ़ कर दिया, किसान रो रहा था। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कहते हैं हमें पांच साल और दो संविधान बदल देंगे, इसका क्या मतलब है, संविधान हमें अधिकार देता है, आजादी देता है, इस लोगों ने संविधान के लिए खून बहाया है, ये नेता इसी संविधान को बदलना चाहते हैं।

### रेलवे बचाना है तो मोदी को हटाना होगा: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार रेलवे को अयोग्य साबित कर उसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना खोज रही है। उन्होंने रेलवे को बचाने के लिए मोदी को हटाने का अनुरोध किया। राहुल ने सरकार पर निशाना साधने के लिए 'एक्स' पर वीडियो साझा किया, जिसमें लोग ट्रेन के शौचालयों में और फर्श पर बैठकर यात्रा करते दिख रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में कहा कि नरेन्द्र मोदी के राज में रेल का सफर सजा बन गया है। ट्रेनों से जनरल डिब्बे कम कर सिर्फ एलीट ट्रेनों का प्रचार कर रही मोदी सरकार में हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित है। उन्होंने दावा किया कि लोग कन्फर्म टिकट लेकर भी सीट पर चैन से बैठ नहीं पा रहे, लोग जमीन पर और शौचालय में छिपकर यात्रा करने को मजबूर हैं। अगर आम आदमी की सवारी को बचाना है तो रेलवे को बर्बाद करने में जुटी मोदी सरकार को हटाना होगा।

### मोदी सरकार में मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट, गठबंधन में होगी उच्च वृद्धि: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में महंगाई को समायोजित करने के बाद मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। इंडी गठबंधन देश को उच्च वृद्धि पथ पर वापस ले जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार के आधिकारिक आंकड़ों सहित आंकड़ों के कई स्रोत एक मत से इस तथ्य को दर्शाते हैं कि श्रमिकों की खरीद क्षमता आज 10 साल पहले की तुलना में कम है। धीमी वेतन वृद्धि और महंगाई से मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। श्रम ब्यूरो का वेतन दर सूचकांक (सरकारी आंकड़ा) के अनुसार 2014 और 2023 के बीच, मजदूरी स्थिर रही है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में वास्तविक मजदूरी में स्पष्ट रूप से गिरावट आई है।

# राजस्थान में सड़क दुर्घटना में 3 भाइयों समेत 9 की मौत

- ट्रक से टकराई कार, मरने वालों में 16 से 30 वर्ष के लोग शामिल

**कोटा (राजस्थान), एजेंसी**

विवाह समारोह से लौट रहे नौ लोगों की झालावाड़ जिले में शनिवार देर रात उस समय मौत हो गई जब उनकी कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे की चपेट में आए लोग भोपाल के डूंगरी गांव से लौट रहे थे। सभी की आयु 16 से 30 वर्ष थी।

एकलेरा पुलिस थाना प्रभारी संदीप विशोनी ने बताया कि मृतकों में रोहित, सोनू और दीपक तीनों भाई थे। अन्य की पहचान अशोक, हेमराज, रविशंकर और राहुल के रूप में हुई है। ये सभी झालावाड़ के एकलेरा गांव में बागरी मोहल्ले के रहने वाले थे। थाना प्रभारी ने बताया कि रोहित और रामकिशन की भी मौत हो गई जो झालावाड़ के खानपुर और बारां जिले के हरनावदा के थे। मनीष बागरी अस्पताल में भर्ती है उसकी हालत गंभीर है।

पुलिस उपाधीक्षक हेमंत गौतम ने बताया कि मृतकों के रिश्तेदार गोपाल बागरी ने बताया कि रात साढ़े 12 बजे तीन कारों और दो पिकअप से 35-40 बाराती डूंगरी से निकले थे। रास्ते में वे भोपाल रोड स्थित खिमची गांव में चाय पीने के लिए रुके थे। सवा दो बजे उन्हें पचोला गांव के पास कार क्षतिग्रस्त ट्रक में फंसी मिली। कार सवार पांच लोगों को निजी अस्पताल और चार को सीएचसी ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### आगरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर पलटी कार, पांच की मौत

**आगरा।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर कार पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, नोएडा के संतोष की बारात देवरिया के लिए निकली थी कि यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात दो बजे कुबेरपुर टर्न पर अर्टिगा कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। एत्मादपुर थाना प्रभारी विजय विक्रम सिंह ने बताया कि मृतकों में गौतम, चंदन, सुदेश, संजीव शर्मा, प्रवीन है व तीन घायल हुए थे, जिनमें से एक का इलाज डॉ. सरोजनी नायडू मेडिकल कॉलेज में चल रहा है जबकि दो घायलों को उनके परिजन दिल्ली ले गए।

# आतंकवाद, नक्सलवाद और घोटालों का पर्याय है कांग्रेस : सीएम योगी

**राजनांदगांव/कोरबा/बिलासपुर, एजेंसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी घोटालों, आतंकवाद और नक्सलवाद का पर्याय है। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला के लिए पांच सौ वर्षों का इंतजार प्रधानमंत्री मोदी के कारण समाप्त हुआ।

कबीरधाम जिला राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। योगी ने कहा कि घोटाले, आतंकवाद, नक्सलवाद का नाम कांग्रेस है, जिस आयु में युवाओं के हाथों में पुस्तक, टैबलेट, आगे बढ़ाने का जज्बा होना चाहिए, कांग्रेस ने उसके हाथों में तमंचे पकड़ा दिए। उन्हें भारत से ही लड़ने के लिए नक्सलवाद, आतंकवाद, उग्रवाद के नाम पर उकसाया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लोगों ने 10 वर्षों में देश को बदलते देखा है। योगी ने कहा कि मोदी जी देश को दुनिया की बड़ी ताकत बनाना चाहते हैं। विकसित भारत बनाना है...आत्मनिर्भर भारत बनाना है, जहां हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे। आदित्यनाथ ने सभा में पूछा कि क्या कांग्रेस लोगों को मुफ्त राशन दे सकती थी, राम मंदिर बना सकती थी, नक्सलवाद को कम कर सकती थी और बेटियों तथा व्यापारियों को सुरक्षा दे सकती थी। योगी ने लोगों से राजनांदगांव सीट से उम्मीदवार संतोष पांडेय के लिए वोट का अनुरोध किया।



- छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में चुनावी रैली में मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस पर निशाना साधा

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मैदान में उतारा है, जो पिछली सरकार के दौरान कई घोटालों में शामिल थे। पिछली बघेल सरकार पर हमला बोलते हुए योगी ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान राज्य में लव जिहाद को छूट दी गई थी। मुख्यमंत्री ने कोरबा सीट पर एक अन्य रैली में आरोप लगाया कि कांग्रेस ने नक्सलवाद के साथ समझौता किया हुआ है और पार्टी ने युवाओं को समाज और देश की मुख्यधारा से भटकाने का प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ में कुछ जिले वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित हैं।

### पूर्व मंत्री की बेटी यशस्विनी को कांग्रेस ने रांची से बनाया प्रत्याशी

**रांची।** कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी को रांची सीट से उतारने की घोषणा की। पार्टी ने गोड्डा से दीपिका पांडे सिंह की जगह अब प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति ने यशस्विनी सहाय को रांची सीट और गोड्डा में विधायक दीपिका पांडे सिंह के स्थान पर प्रदीप यादव को चुनाव में उतारा है। कांग्रेस ने 16 अप्रैल को गोड्डा, चतरा और धनबाद से क्रमशः दीपिका पांडे सिंह, कृष्णा नंद त्रिपाठी और अनुपमा सिंह को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की थी।

# आरोपी के पिता ने नेहा के परिजनों से मांगी माफी

**हुबली (कर्नाटक), एजेंसी**

हुबली में कॉलेज परिसर में कांग्रेस के पार्षद की बेटी की हत्या करने वाले फैयाज के पिता ने पीड़ित परिवार से माफी मांगी है और अपने बेटे को सख्त सजा देने की मांग की है। वहीं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नेहा हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

स्कूल शिक्षक एवं फैयाज के पिता बाबा साहेब सुबानी ने कहा कि उन्हें घटना के बारे में पता चला और वह अपने बेटे के कृत्य से टूट गए हैं। उन्होंने कहा कि फैयाज को ऐसी सजा दी जाए कि भविष्य में कोई भी ऐसी हरकत करने की हिमाकत न करे। मैं हाथ जोड़कर नेहा के परिवार से माफी मांगता हूं। वह मेरी बेटी की तरह थी। वह और उनकी पत्नी छह साल से अलग हैं और फैयाज अपनी मां के साथ रहता था।

**हुबली छात्रा नेहा हत्याकांड**

### पुलिस ने दो युवकों को किया

**हुबली।** पुलिस ने नेहा की फैयाज द्वारा हत्या किए जाने को सोशल मीडिया पर न्यायोचित ठहराने के आरोप में दोनों धारवाड़ के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। हिंदू समर्थक कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि दोनों ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि नेहा और फैयाज में प्रेम संबंध था। दोनों आरोपियों ने नेहा और फैयाज की तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा, नेहा फैयाज का सच्चा प्यार, प्यार के लिए न्याय। ।

# दुष्कर्म के आरोपी के मकान का अवैध हिस्सा ढहाया गया

**गुना (मप्र), एजेंसी**

मध्य प्रदेश के गुना जिले में प्राधिकारियों ने उस व्यक्ति के मकान के अवैध हिस्से को रविवार को ढहा दिया, जिसे अपनी महिला मित्र से दुष्कर्म करने और उस पर हमले के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने 23 वर्षीय युवती की आंखों में गोंद डाल दी। युवती ने बुधवार को पुलिस को बताया कि वह दस दिनों से आरोपी अयान खान के साथ रह रही थी। जब उसने अयान से शादी के लिए कहा, तो वह हिंसक हो गया। अधिकारी ने युवती की शिकायत के हवाले से कहा कि खान ने युवती को अपशब्द कहे और बेल्ट से पीटा तथा उसकी आंखों में गोंद डाल दी। खान को गुरुवार को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह बाइक 60 लीटर देशी शराब ले जा रहा था। खान पर बलात्कार, मारपीट और आबकारी अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि प्राधिकारियों ने रविवार को खान के मकान के अवैध हिस्से को ढहा दिया। युवती का इलाज करने वाले गुना स्थित निजी अस्पताल के एक नेत्र रोग विशेषज्ञ ने कहा कि युवती की एक आंख को गंभीर क्षति पहुंची है। उन्होंने बताया कि उसे आगे के उपचार के लिए ग्वालियर भेजा गया है।

### उप्र में 5 बच्चों की मौत पर दो ईंट भट्टों पर एक करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उप्र के मुजफ्फरनगर जिले में गड्ढों में गिरने से पांच बच्चों की मौत पर दो ईंट भट्ठों पर एक करोड़ का जुर्माना लगाया है। एनजीटी मां भगवती ब्रिक फील्ड और श्रीराम ब्रिक फील्ड के अवैध खनन से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रहा था। पिछले साल 27 जून को 3, 8, 10 और 12 साल के चार बच्चे दो मीटर के गड्ढे में डूबे थे। अगले महीने 13 वर्षीय लड़के की मौत हुई थी। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि मां भगवती 3 और श्रीराम ब्रिक दो बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार है। भट्टे मृत बच्चे के परिजनों को 20-20 लाख मुआवजा दें।

## कारोबार/कृषि

### यूएसएफडीए ने की नैटको फार्मा की खिंचाई

**नई दिल्ली।** अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक के अनुसार नैटको फार्मा अपने तेलंगाना स्थित संयंत्र में उचित अंतराल पर साफ-सफाई रखने, उपकरणों और बर्तनों को कीटाणुरहित करने में विफल रही। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने कंपनी को भेजे पत्र में कहा कि उसके जांचकर्ताओं ने तेलंगाना के कोथुर गांव में स्थित दवा संयंत्र में विभिन्न उल्लंघन देखे हैं।

### अल्ट्राटेक ने ग्राइंडिंग यूनिट का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट से 315 करोड़ में ग्राइंडिंग यूनिट का अधिग्रहण की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि वह दो इकाइयों की क्षमता बढ़ाने के लिए 504 करोड़ का निवेश करेगी। अल्ट्राटेक ने शेयर बाजार को बताया कि 315 करोड़ में इंडिया सीमेंट से महाराष्ट्र के परली में कैप्टिव रेलवे साइडिंग के अलावा 11 लाख टन क्षमता वाली ग्राइंडिंग के अधिग्रहण को मंजूरी दी है।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.7% बढ़कर 19.58 लाख करोड़, अनुमान से कहीं अधिक

## कर विभाग ने कहा- बजट से 1.35 लाख करोड़ और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ अधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है। आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा। प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है।

वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी हुआ। 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है।



### सकल संग्रह 23.37 लाख करोड़ रुपये

रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

### हाइब्रिड म्यूचुअल फंड की वापसी, 1.45 लाख करोड़ का निवेश आया

**नई दिल्ली।** हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाओं में 2023-24 में वापसी की। इसमें बीते वित्त वर्ष 1.45 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध निकासी देखी गई थी। परिसंपत्ति में वृद्धि निवेशकों की संख्या बढ़ने से हुई। मार्च, 2024 में निवेशकों की संख्या 1.35 करोड़ तक पहुंच गई, जो इससे एक साल पहले 1.21 करोड़ थी। इससे हाइब्रिड कोषों के प्रति निवेशकों के रुझान का पता चलता है। हाइब्रिड फंड, म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं जो आमतौर पर इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों के संयोजन में और कभी-कभी सोने जैसी अन्य परिसंपत्ति श्रेणियों में निवेश करती हैं। 2023-24 की शुरुआत से ऋण वाले कोषों के लिए कराधान में बदलाव के बाद से ये श्रेणी नियमित निवेश को आकर्षित कर रही है।

# निवेशकों ने 5,200 करोड़ से अधिक की इक्विटी बेची

- मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव के कारण बढ़ी चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव को लेकर चिंताओं के कारण विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की घरेलू इक्विटी बेच दी है। मॉरीशस अब उसके माध्यम से यहां किए निवेश की पड़ताल करेगा।

मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का चौंका देने वाला शुद्ध निवेश आया था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (19 अप्रैल तक) भारतीय इक्विटी में 5,254 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सहायक निदेशक (शोध प्रबंधक) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की निकासी का प्रमुख कारण मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव था, जो अब उसके माध्यम से भारत में किए गए निवेश की अधिक जांच करेगा।

उन्होंने कहा कि दोनों देश दोहरे कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) में संशोधन करने वाले एक प्रोटोकॉल पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं। प्रोटोकॉल निर्दिष्ट करता है कि कर राहत का उपयोग किसी अन्य देश के निवासियों के अप्रत्यक्ष लाभ के लिए नहीं किया जा सकता है। वास्तव में, मॉरीशस की संस्थाओं के माध्यम से भारतीय बाजारों में निवेश करने वाले अधिकांश निवेशक अन्य देशों से हैं। कुल मिलाकर, इस वर्ष अब तक इक्विटी में कुल निवेश 5,640 करोड़ रुपये और ऋण बाजार में 49,682 करोड़ रुपये रहा है।

# विश्व बैंक, आईएमएफ बैठकों में जलवायु वित्त पर सुस्त प्रगति

- अजरबैजान में सीओपी-29 में सामूहिक मात्रात्मक पर होनी है चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं।

इस साल अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी-29) में सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) या नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर चर्चा होनी है। एनसीक्यूजी वह नई राशि है, जिसे विकसित देशों को 2025 से हर साल विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जुटाना होगा। अमीर देशों से उम्मीद की जा रही है कि वे 2020 से हर साल 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाएंगे, लेकिन वे विफल रहे। विश्लेषण से पता चला है कि विकासशील देशों में वित्तीय प्रवाह 2023 में नकारात्मक हो गया। बैठकों के दौरान जी7 और जी20 के वित्त मंत्रियों के बीच जलवायु और विकास उद्देश्यों के लिए विकासशील देशों को वित्त मुहैया कराने पर चर्चा हुई।

### यूपीआई बाजार 30% तक सीमित किए जाने का उद्योग जगत को इंतजार

**नई दिल्ली।** भुगतान उद्योग को एनपीसीआई द्वारा यूपीआई बाजार हिस्सेदारी को 30 प्रतिशत तक सीमित करने का इंतजार है। ऐसा करने की विस्तारित समय सीमा एक जनवरी के पास आने के साथ ही उद्योग जगत की अन्य कंपनियां बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की तैयारी कर रही हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने दिसंबर 2022 में तीसरे पक्ष के यूपीआई डिजिटल भुगतान लेन-देन में 30 प्रतिशत की समयसीमा को दो साल बढ़ाकर दिसंबर 2024 कर दिया था। गूगल पे और फोनपे जैसे तीसरे पक्ष के ऐप प्रदाताओं (टीपीएपी) के पास यूपीआई आधारित लेन-देन में 85 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एनपीआई एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) का संचालन करता है। सूत्रों ने कहा कि एक विकल्प यह हो सकता है कि यूपीआई लेनदेन में 30 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी रखने वालों के लिए नए ग्राहकों को जोड़ना बंद कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि इसे चरणबद्ध तरीके से किया जा सकता है ताकि उपयोगकर्ताओं पर कोई प्रभाव न पड़े।

# बीमा नियामक इडराई ने स्वास्थ्य बीमा उत्पाद पर आयु प्रतिबंध को हटाया

- भारतीय बीमा नियामक का लक्ष्य अधिक समावेशी और सुलभ पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडाई ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है।

स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) का लक्ष्य अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है। पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। गजट अधिसूचना में इरडाई ने कहा कि बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं। चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है।

### एप्पल भारत में तीन साल में पांच लाख लोगों को दे सकता है रोजगार

**नई दिल्ली।** आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल अपने विक्रेताओं के माध्यम से अगले तीन साल में भारत में पंच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। फिलहाल एप्पल के विक्रेता और आपूर्तिकर्ता 1.5 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। एप्पल के लिए दो संयंत्र चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि एप्पल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रहा है। पुराने अनुमान के अनुसार, यह अपने विक्रेताओं और कलपुर्जे आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है। इस संबंध में एप्पल ने कोई बयान नहीं दिया। एप्पल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (3.32 लाख करोड़) करने की योजना है। बाजार शोध कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, एप्पल ने पहली बार 2023 में सबसे अधिक राजस्व के साथ भारतीय बाजार में सबसे आगे रही, जबकि सैमसंग मात्रा के मामले में शीर्ष पर रही।

**आज का मुकाबला**
मुंबई इंडियंस बनाम राजस्थान रॉयल्स
समय : शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 08 | 379 |
| ट्रेविस हेड (हैदाराबाद) | 06 | 324 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| हर्षल पटेल | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |

## बदला चुकता करना चाहेंगे मुंबई इंडियंस

जयपुर, एजेंसी


मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को जब यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाह अपनी गेंदबाजी खामियों को दूर करके मेजबान टीम से बदला चुकता करने पर लगी होंगी।

पिछले चार मैच में तीन जीत से मुंबई इंडियंस की टीम उबरने की राह पर चल रही है और सत्र की खराब शुरूआत के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है जबकि राजस्थान रॉयल्स की टीम तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ते हुए 12 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर काबिज है। मुंबई ने पिछले मैच में आशुतोष के अंत में लगाए गए अर्धशतक के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी। एक बार फिर जसप्रीत बुमराह ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई और तीन विकेट झटके।



वहीं, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में मुंबई इंडियंस की हालत काफी खराब रही थी जिसमें ट्रेंट बोल्ट ने उनके तीन शीर्ष क्रम बल्लेबाजों को खाता भी नहीं खेलने दिया था और यह अनुभवी तेज गेंदबाज फिर से उनके लिए बड़ा खतरा होगा। आवेश खान को अंतिम ओवर में गेंदबाजी की जिम्मेदारी दी गई है और उन्होंने इसे बखूबी निभाया है। कुलदीप सेन ने भी अपना कौशल दिखाया है लेकिन उन्हें अपने इकोनोमी पर काम करने की जरूरत है।

## मशक्कत से मिली गुजरात को जीत


पंजाब को सस्ते में ढेर करने के बाद खुशी मनाते गुजरात के खिलाड़ी। ● एजेंसी

मोहाली, एजेंसी

साई किशोर, नूर अहमद और मोहित की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन (35) और राहुल के नाबाद 36 रनों की पारियों की बदौलत गुजरात ने रविवार को आईपीएल के 37वें मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया है।

143रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में ऋद्धिमान साहा (13) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पारी को संभाला। गिल ने 29 गेंदों में 35 रन बनाए। वहीं साई सुदर्शन ने 31 रन बनाए। डेविड मिलर (4), अजमतउल्लाह उमरजई (13), शाहरुख खान (8), राशिद खान (3) रन बनाकर आउट हुए। राहुल तेवतिया ने 18 गेंदों में नाबाद 36 रन बनाए। गुजरात ने 19.1 ओवर में सात विकेट पर 147 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया।

इससे पहले महाराज यदविंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत की और हरप्रीत बराड़ (29) रनों की पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 143 रनों का लक्ष्य दिया है।


**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**पंजाब किंग्स :** 142 पर सभी आउट, प्रभसिमरन 35, सैम कुरेन 20, हरप्रीत बरार 29। **विकेट :** साई किशोर 4, अहमद 2, मोहित 2।

**गुजरात टाइटंस :** 146/7, 19.1 ओवर, शुभमन 35, साई सुदर्शन 31, राहुल तेवतिया (नाबाद) 36। विकेट : हर्षल पटेल 3, लियाम 2, सैम करन 1

# केकेआर ने 1 रन से जीता रोमांचक मुकाबला

## नाइट राइडर्स ने आरसीबी को दिया 223 रनों का लक्ष्य, अंतिम ओवर में कर्ण की दमदार बल्लेबाजी से 221 तक पहुंची बेंगलुरू


शतकीय साझेदारी के दौरान रन लेते आरसीबी के विल जैक्स और रजत पाटीदार। ● एजेंसी

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.941 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.529 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.123 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 | -1.055 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.133 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 2 | -1.046 |

कोलकाता, एजेंसी

श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 36वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एक रन से हरा दिया है। कोलकाता की सात मैचों में यह पांचवीं जीत है।

223 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ओवर में विराट कोहली (18) का विकेट गवां दिया। अगले ओवर में कप्तान फाफ डुप्लेसी भी (7) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद विल जैक्स और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट लिए 101 रनों साझेदारी हुई। 12वें ओवर में रजत पाटीदार को रसल आउट कर दिया। रजत ने 52 रन बनाए। कैमरन ग्रीन (6), सुयश प्रभुदेसाई (24), महिपाल लोमरोर (4) रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने 32 गेंदों में 55 रन बनाए। दिनेश कार्तिक 18 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए। वहीं कर्ण शर्मा ने यादगार पारी खेली उन्होंने सात गेंदों में तीन छक्के लगाकर टीम को जीत तक पहुंचा दिया था, लेकिन कर्ण के आउट होने के बाद लॉकी फर्ग्युसन भी एक रन पर रनआउट हो गए और टीम के एक रन से हार का सामना करना पड़ा। बेंगलुरु 20 ओवर में 221 रन पर सिमट गई।


विराट का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

इससे पहले श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत के लिए 223 रनों का लक्ष्य दिया है। आज ईडन गार्डंस में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बेंगलुरु की बल्लेबाजी करने उतरी फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़ते हुए अच्छी शुरुआत की। पांचवें ओवर में सिराज ने फिल सॉल्ट को आउट किया। फिल सॉल्ट ने 14 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए 48 रन बनाए। इसके अलगे ही ओवर में सुनील नारायण (10) पवेलियन लौट गए। श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेलते हुए 36 गेंदो में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 50 रन बनाए।

**कोलकाता 222/6** 20 ओवर, अतिरिक्त : 20

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सॉल्ट कैच आर पाटीदार बोल्ड सिराज | 48 | 14 | 7/3 |
| नारायण कैच कोहली बोल्ड यश दयाल | 10 | 15 | 2/0 |
| रघुवंशी कैच कैमरन ग्रीन बोल्ड यश दयाल | 3 | 4 | 0/0 |
| वेंकटेश कैच लोमरोर बोल्ड कैमरन ग्रीन | 16 | 8 | 3/0 |
| श्रेयस कैच डुप्लेसी बोल्ड कैमरन ग्रीन | 50 | 36 | 7/1 |
| रिंकू कैच यश दयाल बोल्ड फर्ग्युसन | 24 | 16 | 2/1 |
| आंद्रे रसल नाबाद | 27 | 20 | 4/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 24 | 9 | 2/2 |

**गेंदबाजी :** मोहम्मद सिराज 4-0-40-1, यश दयाल 4-0-56-2, लॉकी फर्ग्युसन 4-0-47-1, कर्ण शर्मा 4-0-33-0, कैमरन ग्रीन 4-0-35-2


**बेंगलुरु 221/10** 20 ओवर, अतिरिक्त : 9

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली का एवं बो हर्षित | 18 | 7 | 1/2 |
| फाफ डुप्लेसी का वेंकटेश बो चक्रवर्ती | 7 | 7 | 1/0 |
| विल जैक्स का रघुवंशी बो रसेल | 55 | 32 | 4/5 |
| रजत पाटीदार का हर्षित बो रसेल | 52 | 23 | 3/5 |
| कैमरुन ग्रीन का रमनदीप बो नारायण | 6 | 4 | 0/1 |
| सुयश प्रभुदेसाई का रघुवंशी बो हर्षित | 24 | 18 | 3/0 |
| महिपाल लोमरोर का एवं बो नारायण | 4 | 3 | 1/0 |
| दिनेश कार्तिक का सॉल्ट बो रसेल | 25 | 18 | 3/1 |
| कर्ण शर्मा का एंव बो स्टार्क | 20 | 7 | 0/3 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन रन आउट | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** हर्षित 4-0-33-2, स्टार्क 3-0-55-1, चक्रवर्ती 4-0-36-1, नारायण 4-0-34-2, सुयश शर्मा 2-0-33-0, रसेल 3-0-25-3

**खेल डायरी**

### रिबाकिना ने जीता पोर्शे ग्रां प्री का खिताब



**स्टटगार्ट (जर्मनी)।** एलिना रिबाकिना ने पोर्शे ग्रां प्री के फाइनल में रविवार को यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। कजाखिस्तान की इस खिलाड़ी ने एक घंटे नौ मिनट तक चले फाइनल मुकाबले को 6-2, 6-2 से आसानी से अपने नाम किया। रिबाकिना ने इससे पहले शनिवार को सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को शिकस्त दी थी। इस सत्र में एडिलेड और अबुधाबी में खिताब जीत चुकी रिबाकिना की यह साल की 26वीं जीत है।

### नौकायन में बलराज पंवार को मिला ओलंपिक कोटा




**चुंगजू।** बलराज पंवार ने एशियाई और ओसनियाई रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल्स (एम1एक्स) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का पहला नौकायन पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। दक्षिण कोरिया के चुंगजू में आयोजित स्पर्धा में 25 वर्षीय पंवार ने हीट में 7:17.87 और सेमीफाइनल में 7:16.29 का समय लेकर चुंगजू के फाइनल में जगह बनाई। बलराज पंवार 7:01.27 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कजाकिस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव ने 6:59.46 समय के साथ रेस जीती, जबकि इंडोनेशिया के मेमो ने 6:59.74 समय के साथ रजत पदक जीता। वह पिछले वर्ष चीन के हांग्झोऊ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गए थे।

### रमित टंडन ने विक्टर क्रोयूइन को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन ने मिस्र के एल गोयूना में चल रहे 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नमिंट के दूसरे दौर में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्रोयूइन पर 3-1 की शानदार जीत से बड़ा उलटफेर किया। दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी टंडन को अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में सीधे प्रवेश दिया गया है। टंडन ने विक्टर क्रोयूइन पर 52 मिनट में 11-9, 12-10, 8-11, 11-5 से जीत हासिल की। फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ पांच भिड़ंत में यह टंडन की दूसरी जीत है। अब तीसरे दौर में टंडन का सामना दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से होगा।

### सर्वेश ने दूसरी बार जीता ऊंची कूद का खिताब

**कैलिफोर्निया।** भारत के सर्वेश कुशारे ने माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों का ऊंची कूद एलीट खिताब जीता लिया है। अमेरिका में कैलिफोर्निया के वॉलनट में हिल्मर लॉज स्टेडियम में आयोजित शनिवार को सर्वेश कुशारे ने सत्र की सर्वश्रेष्ठ 2.23 मीटर की जंप के साथ माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में खिताब जीता। कुशारे पिछले वर्ष हांग्झोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने माउंट सैन एंटोनियो कॉलेज में 2.23 मीटर की जंप के साथ पहला स्थान हासिल किया।

### हॉकी इंडिया: पुरुष शिविर के लिए कोर ग्रुप घोषित

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने रविवार को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिये पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की। शिविर बेंगलुरु के साइ केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-5 की हार के बाद शिविर में लौटेगी। इस शिविर के बाद भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी जिसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि हम इस शिविर में ट्रेनिंग का महत्वपूर्ण चरण शुरू करना चाहते हैं और हमें सुनिश्चित करेंगे कि पेरिस ओलंपिक से पहले हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों।

## मनु और अनीश ने ओलंपिक के लिए मजबूत किया दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

मनु भाकर और अनीश भानवाला ने यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल एक और दो में अपने-अपने क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहते हुए ओलंपिक के लिए अपना दावा मजबूत किया।

देश के लिए कोटा हासिल करने वाली मनु ने टी2 क्वालीफिकेशन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में 585 का कुल स्कोर हासिल किया और पांच महिला निशानेबाजों में शीर्ष पर रही। उन्होंने इससे पहले शनिवार को पहला ट्रायल भी जीता था। ईशा सिंह 581 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 577 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।



अभिदन्या अशोक पाटिल (572) चौथे स्थान पर रही जबकि मनु के साथ देश के लिए कोटा हासिल करने वाली रिदम सांगवान 566 अंक के साथ पांचवें पायदान पर रही। पुरुषों के 'टी2' क्वालीफिकेशन में अनीश ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 582 अंक के साथ जीत दर्ज की।

## अलीरेजा को हराकर गुकेश ने हासिल की एकल बढ़त

**टोरंटो।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल की। इस तरह गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हैं। अब टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है।



चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैंपियन के खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी। महिलाओं की स्पर्धा में कोनेरू हम्पी ने अन्ना मुजिचुक से ड्रा खेला जबकि वैशाली रमेशबाबू ने लेई टिंग्जी को पराजित किया। वैशाली ने इस तरह पिछली चार बाजियों में लगातार जीत दर्ज की है। रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने ड्रा खेला।

## मेस्सी ने दागे दो गोल, इंटर मियामी ने नाशविले को हराया



**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में नाशविले एससी पर 3-1 से जीत दर्ज की। इन दो गोल से मेस्सी के एमएलएस में कुल सात गोल हो गए हैं। मेस्सी ने दो मार्च को ओरलांडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल दागे थे। मेस्सी ने नाशविले एससी के खिलाफ मैच में एक गोल करने में भी मदद की। इंटर मियामी के लिए सर्गियो बुस्कुवेट्स ने अपना पहला गोल दागा। लुईस सुआरेज ने मेस्सी को पहला गोल करने में मदद की। मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में आत्मघाती गोल से नाशविले एससी ने बढ़त बनाई। मेस्सी ने 11वें मिनट में अपना पहला गोल दागा जिसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे किया। मेस्सी ने फिर 81वें मिनट में पेनल्टी किक पर अपना दूसरा गोल किया।

# बॉलीवुड हलचल

## 'कल्कि 2898 एडी' के नए पोस्टर में दिखा अमिताभ बच्चन का लुक



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' के नए पोस्टर में उनका लुक रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पिछले साल अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। तब से प्रशंसकों को फिल्म में अभिनेता के लुक और चरित्र के बारे में अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार है। उत्साह को बढ़ाते हुए ''कल्कि 2898 एडी'' का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। नया पोस्टर हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है। सफेद पोशाक पहने, अमिताभ बच्चन को एक मंदिर के अंदर रहस्यमय ढंग से बैठे और प्रकाश की चमकदार किरण की ओर देखते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर पर लिखा है, समय आ गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' बहुभाषी फिल्म है।

## बजरंगी भाईजान और राउड़ी राठौर का बनेगा सीक्वल



**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की सुपरहिट फिल्म बजरंगी भाईजान और खिलाड़ी कुमार अक्षय की सुपरहिट फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बनने के कयास लगाए जा रहे हैं। सलमान खान के बहनोई और अभिनेता आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान के निर्माता केके राधामोहन ने बताया है कि सलमान और अक्षय की फिल्मों का वह सीक्वल बनाने वाले हैं। केके राधामोहन ने बताया है कि वह सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान और अक्षय कुमार की फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बनाएंगे। विजयेंद्र प्रसाद ने मेरे दो कहानी लिख रहे हैं, जिसमें राउड़ी राठौर 2 और बजरंगी भाईजान 2 है।

### वेलकम टू द जंगल में हुई दो नए सितारों की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली मल्टी स्टारर फिल्म में अब दो अन्य स्टार्स की भी एंट्री हो गई है। 'वेलकम' और 'वेलकम 2' की सफलता के बाद अहमद खान के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का जब टाइटल ट्रैक वीडियो शेयर किया गया था, उसमें अक्षय कुमार, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडिस, परेश रावल, अरशद वारसी, जॉनी लीवर, कृष्णा अभिषेक और राजपाल यादव समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और आफताब शिवदासानी की भी एंट्री हो गई है। इस फिल्म की आधी से ज्यादा शूटिंग मुंबई में ही पूरी की जाएगी। बेस इंडस्ट्रीज ग्रुप द्वारा प्रस्तुत ''वेलकम टू द जंगल'' फिरोज ए. नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और अहमद खान द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म इस साल के अंत में 20 दिसंबर को क्रिसमस सप्ताह के दौरान रिलीज हो सकती है।

## विश्व क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल कराएगा नाराज डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरूष टीम के खराब प्रदर्शन से नाराज और चिंतित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विश्व क्वालीफायर में भारतीय टीम के चयन के लिए नए सिरे से ट्रायल कराने का फैसला किया है।

बिश्केक में एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने 18 में से चार ही कोटा स्थान हासिल किए और सभी महिला पहलवानों को मिले जिनमें विनेश फोगाट भी शामिल है। उनके अलावा अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो) और रीतिका (76 किलो) ने भी कोटा हासिल किया। अभी भी 14 श्रेणियां बची है और नौ मई से तुर्की में होने वाले विश्व क्वालीफायर में जीतना एशियाई क्वालीफायर की तुलना में कठिन होगा। डब्ल्यूएफआई सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग में दो (68 और 62 किलो), पुरूष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में छह छह वर्ग शामिल है जिनके ट्रायल अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। अध्यक्ष संजय सिंह ने भारतीय कोचों और समिति के सदस्यों से प्रदर्शन पर चर्चा की।

### भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का 'फ्लॉप शो'

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों ने रविवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे इनमें से कोई भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सका। सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर में ही हारने के बाद बाहर हो गए। सुनील ने अपने पहले मैच में जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5-1 से मात दी। लेकिन क्वार्टरफाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2-4 से हार गए। अंशु (67 किग्रा) की चुनौती दो मिनट से कम समय में ही समाप्त हो गई। सुमित (60 किग्रा), विकास (77 किग्रा), नीतेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) भी पहले ही दौर में हार गए।

### अगले चार माह में वजन प्रबंधन करना चुनौती: विनेश



**बिश्केश (किर्गिस्तान)।** ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाए रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाए अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया। विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

